सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 274, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 398 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 398 अंक चढ़कर 82,172 .10 अंक पर बंद हुआ। } 12

## राजनाथ सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष से की वार्ता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस ने द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को और विस्तार देने पर कैनबरा में चर्चा की। } 12



### संक्षेप

### असम में भाजपा नेता समेत 17 का इस्तीफा

डिब्रूगढ़। पूर्व केंद्रीय मंत्री और असम के नागांव संसदीय क्षेत्र से चार बार के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद राजेन गोहेन ने बृहस्पतिवार को 17 अन्य सदस्यों के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भाजपा की असम इकाई के अध्यक्ष दिलीप सैकिया को लिखे एक पत्र में गोहेन ने कहा कि वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं और तत्काल प्रभाव से पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से हट रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि 17 अन्य भाजपा सदस्यों ने भी सैकिया को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इनमें से अधिकतर ऊपरी और मध्य असम से हैं।

### कफ सिरप मामला : अब तक 22 से अधिक बच्चों की मौत

भोपाल/नागपुर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि तमिलनाडु सरकार राज्य में निर्मित एक कफ सिरप के सेवन से उनके प्रदेश के 22 बच्चों की मौत से जुड़े मामले की जांच में सहयोग नहीं कर रही है। यादव ने कहा कि उनकी सरकार बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शेगी। उन्होंने तमिलनाडु सरकार से इस मामले में ठोस कदम उठाने और उचित कार्वाई करने का आग्रह किया। यादव ने बृहस्पतिवार को नागपुर के उन अस्पतालों का दौरा किया, जहां तमिलनाडु में निर्मित कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सेवन के चलते बीमार पड़े बच्चों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने चिकित्सकों से बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और पीड़ित परिजनों से भी बात की। कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सेवन के बाद कथित तौर पर किडनी खराब होने से मध्यप्रदेश के 22 बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में से अधिकांश छिंदवाड़ा जिले के हैं। मध्यप्रदेश पुलिस ने इस मामले में बृहस्पतिवार तड़के तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मा के मालिक रंगनाथन को गिरफ्तार कर लिया।

### जम्मू-कश्मीर : आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़


श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के छिपने के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया है और मौके से भारी मात्रा में हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारतीय सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने बताया खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार को कुपवाड़ा के वारसून इलाके स्थित ब्रिजथोर वन में सेना और पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के छिपने के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और दो एके श्रृंखला की राइफलें, चार रॉकेट लांचर, गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया।

## लासलो क्रासनाहोरकई को साहित्य का नोबेल

एजेंसी

स्टॉकहोम। हंगरी के लेखक लासलो क्रासनाहोरकई को इस साल साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह घोषणा बृहस्पतिवार को की गई। नोबेल समिति के अनुसार उनकी सम्मोहक और दूरदर्शी कृति के लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

क्रासनाहोरकई इसके साथ ही इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाले अर्नेस्ट हेमिंग्वे, अल्बर्ट कामू और टोनी मॉरिसन जैसे साहित्य दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए हैं। स्वीडिश अकादमी की नोबेल समिति द्वारा अब तक कुल 121 विजेताओं को साहित्य के क्षेत्र में यह पुरस्कार 117 बार प्रदान किया जा चुका है। पिछले वर्ष का पुरस्कार दक्षिण



कोरियाई लेखिका हान कांग को उनकी उस कृति के लिए दिया गया था जिसके बारे में समिति ने कहा था कि वह ऐतिहासिक आघातों का सामना करती है और मानव जीवन की संवेदनशीलता को उजागर करती है। चिकित्सा, भौतिकी और रसायन विज्ञान के क्षेत्र में 2025 के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता साझा प्रगति का मजबूत खाका

### प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटिश कंपनियों को बुनियादी ढांचा, दवा, ऊर्जा और वित्त में निवेश का दिया न्यौता

एजेंसी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता दोनों बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लोगों की साझा प्रगति और समृद्धि का खाका (रोडमैप) है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने व्यवसायों से ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने का आह्वान किया जहां वे वैश्विक मानक स्थापित कर सकें।

उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के एक मंच को संबोधित करते हुए भारत की नीतिगत स्थिरता, अनुमान-योग्य नियमन और व्यापक मांग पर प्रकाश डाला। उन्होंने ब्रिटिश कंपनियों को बुनियादी ढांचा, दवा, ऊर्जा और वित्त जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित भी किया। मोदी ने कहा भारत की प्रतिभा एवं व्यापक स्तर और ब्रिटेन के शोध एवं विकास एवं विशेषज्ञता का संयोजन बेहतर परिणाम दे सकता



है। लक्षित और समयबद्ध ढंग से आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आपकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैं आपको भारत की वृद्धि गाथा में भागीदार बनने का निमंत्रण देता हूं। उन्होंने कहा कि जुलाई में व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए)... शेष पृष्ठ 10 पर

### तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर भारत : स्टार्मर

मुंबई। ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और ब्रिटेन इस सफर में साझेदार बनने के लिए उपयुक्त स्थिति में है। स्टार्मर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता ब्रिटेन को प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व बढ़ाने का अवसर देगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश ब्रिटेन-भारत प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल को भी गहरा कर रहे हैं। बुधवार को एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मुंबई पहुंचे स्टार्मर ने कहा कि उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ...शेष पृष्ठ 10 पर

# खेलों से आत्मनिर्भर व सशक्त होगा नया यूपी : योगी

### झांसी में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 36वें क्षेत्रीय खेलकूद के समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

विशेष/जिला संवाददाता

लखनऊ/झांसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि आजादी के बाद भारत में कुछ लोगों ने धर्मनिरपेक्षता के अर्थ को विकृत कर दिया और भारतीय परंपराओं और मूल्यों का मजाक उड़ाने वालों को सच्चा धर्मनिरपेक्ष मान लिया। सीएम योगी ने झांसी में अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षण संस्थान समूह की 36वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा आजादी के बाद धर्मनिरपेक्ष दिखने की होड़ मच गई। लोगों ने धर्मनिरपेक्षता को अपने-अपने तरीके से परिभाषित किया। जो लोग भारत की परंपराओं, संस्कृति और मूल्यों की आलोचना या अपमान करते थे उन्हें ज्यादा धर्मनिरपेक्ष माना जाता था। इस मानसिकता ने देश में अलगाव और उग्रवाद का माहौल पैदा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों का महिमामंडन करने की संस्कृति आजादी के तुरंत बाद शुरू हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी की ऐतिहासिक धरती से प्रदेश के खिलाड़ियों को आत्मनिर्भरता और सफलता का मंत्र दिया। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में पहुंचे सीएम योगी ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही धर्म और राष्ट्र निर्माण का आधार है।

इस अवसर पर उन्होंने भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा की और कहा कि खेल अब केवल शौक नहीं, बल्कि जीवन को



- झांसी से योगी ने खिलाड़ियों को दी नयी ऊर्जा, दिया सफलता का मंत्र
- खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि के साथ रोजगार से जोड़ रही सरकार
- खेलों को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार चला रही है कई योजनाएं
- कार्यक्रम में बुंदेली राई नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मोहा मन
- सीएम योगी ने गिनाई विद्या भारती की उपलब्धियां
- उत्तर प्रदेश के नागरिकों के सामने आज पहचान का संकट नहीं
- भानी देवी सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में बनेगा मिनी स्टेडियम

संवारने का सशक्त माध्यम बन चुका है। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और पराक्रम की धरती पर विद्या भारती के 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। विद्या भारती देश में भारतीय परंपरा, संस्कृति और राष्ट्रीयता के प्रति श्रद्धा जगाने वाली अग्रणी संस्था है। 1952 में गोरखपुर में नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित इस संस्था ने आज देशभर में 25,000 से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भारतीय मूल्यों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने विद्या भारती के प्रथम छात्र देवेंद्र सिंह को सम्मानित करते हुए कहा कि यह संस्था बिना सरकारी सहयोग के राष्ट्रीय आदर्शों को जीवंत रखने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि झांसी की यह धरती राष्ट्रीयता और शौर्य की प्रेरणा देती है। विद्या भारती के प्रयास देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। समारोह में सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिला। बुंदेली राई नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले शीलू यादव, आदेश सिंह, शहंशाह, बसंत कुमार गोला और संध्या राजपूत को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में अनुशासन ट्रॉफी गोरक्ष प्रांत ग्रामीण की टीम को प्रदान की गई, जबकि ओवर ऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी काशी प्रांत नगरीय की टीम ने अपने नाम की। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में 500 खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरियों से जोड़ा गया है। आगामी भर्तियों में डिप्टी एसपी, तहसीलदार, कानूनगो और खेल अधिकारी जैसे पदों पर सीधी नियुक्तियां की जाएंगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब खेल को समय और धन का अपव्यय नहीं समझा जाना चाहिए। आज खेल आत्मनिर्भरता और प्रेरणा का माध्यम बन चुके हैं, खेलों से हम यूपी को आत्मनिर्भर और सशक्त बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी चाहे पदक जीते या न जीते, उसका जज्बा ही उसे आगे सफलता की ओर ले जाता है। सीएम योगी ने विद्या भारती की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज यह संस्था भारत की परंपरा और संस्कृति को मजबूत करने वाली अग्रणी शक्ति बन चुकी है। 1952 में गोरखपुर की धरती पर राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख द्वारा बोए गए बीज से आज देशभर में 25,000 से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में सेक्युलर दिखाने की होड़ ने भारतीय ...शेष पृष्ठ 10 पर

### फर्रुखाबाद में रनवे से फिसला निजी विमान



फर्रुखाबाद। मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी पर एक निजी जेट विमान रनवे से फिसलकर झाड़ियों में जा घुसा। गनीमत रही कि सभी यात्री और दोनों पायलट सुरक्षित बच गये। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि एक निर्माणाधीन फैक्ट्री के प्रबंध निदेशक को ले जा रहा निजी जेट उड़ान भरते समय नियंत्रण खो बैठा और पास की झाड़ियों में जा गिरा। सौभाग्य से सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि जेट सर्विस एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का यह विमान पूर्वाह्न लगभग साढ़े 10 बजे उड़ान भरते समय नियंत्रण खो बैठा और रनवे से फिसलकर पास की झाड़ियों में जा घुसा। उन्होंने बताया कि जेट विमान में ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अयोध्या : घर में विस्फोट, पांच की मौत

### धमाके की आवाज के साथ गिरा मकान, तीन बच्चों समेत कई घायल

जिला संवाददाता

अयोध्या। जिले की नगर पंचायत भदरसा भरतकुंड के महाराणा प्रताप वार्ड के पगलाभारी गांव में धमाके की आवाज के साथ एक मकान गिर गया। इस घटना में पांच लोगों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। कई लोग घायल हुए हैं।

इनमें बच्चे भी शामिल हैं। बताया जाता है कि गांव के निवासी रामकुमार उर्फ पारसनाथ गांव के बाहर मकान बनवाकर रहते थे। बृहस्पतिवार शाम 7:30 बजे के करीब धमाके की तेज आवाज के साथ मकान गिर गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोगों घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी चक्रपाणि



त्रिपाठी और सीओ अयोध्या भी पहुंच गए हैं। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने पांच मौतों की पुष्टि की है। जबकि कई घायल भी लाए गए हैं। इनमें तीन बच्चे शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार पटाखे के चलते विस्फोट होने की आशंका है। हालांकि घटनास्थल पर ईंधन गैस की भी बदबू आ रही है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। कुछ और लोगों के मकान के मलबे में दबे होने की आशंका है। रेस्क्यू का काम जारी है।

### आईएसआईएस मॉड्यूल के संदेह में पुणे में छापा

मुंबई। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले के संबंध में कुछ लोगों को कट्टरपंथी बनाए जाने के संदेह में शहर में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने विस्तार से जानकारी दिए बिना बताया कि एटीएस द्वारा दर्ज पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले के संबंध में 19 संदिग्धों के घरों और कार्यालय परिसरों में बुधवार देर रात से छापेमारी जारी है।

उन्होंने बताया कि कट्टरपंथी बनाए गए लोगों के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर पुणे शहर के कोंढवा, खडक, खडकी, वनवाडी और भोसरी इलाकों में छापेमारी की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

## औद्योगिक विकास की राह पर अग्रसर है उत्तराखंड

### धरातल पर उतरा एक लाख करोड़ का निवेश : सीएम धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी सरकार भी उत्तराखंड में औद्योगिक विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023 में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट का आयोजन किया। हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि हमें इस समिट के अंतर्गत प्राप्त हुए 3.56 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश समझौतों में से लगभग 1 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में सफलता मिली है। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज नई दिल्ली में पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 120वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते




हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमियों व विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधिगणों का स्वागत करते हुए कहा कि पीएचडी चैम्बर ने बीते 120 वर्षों में देश की आर्थिक प्रगति, औद्योगिक विकास और उद्यमशीलता की भावना को सशक्त करने में जो भूमिका निभाई है वो अतुलनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम इस महत्वपूर्ण सत्र में भारत की एक विश्वसनीय ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- 75 जिलों में स्वदेशी मेले का शुभारम्भ आज से (पृष्ठ-02)
- पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनेगा पीएम मित्र पार्क (पृष्ठ-02)
- रुपया चार पैसे टूटकर 88.79 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- विनिर्माण क्षेत्र मजबूत वृद्धि, विस्तार की राह पर (पृष्ठ-10)
- चांदी 6,000 की छलांग से 1.63 लाख किलो (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** सपा और कांग्रेस पर साधा निशाना, बसपा के संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर की रैली

# मायावती ने की योगी सरकार की जमकर तारीफ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम के 19वें परिनिर्वाण दिवस पर गुरुवार को लखनऊ स्थित कांशीराम स्मारक स्थल पर महारैली का आयोजन हुआ। इस दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती ने महारैली को संबोधित करते हुए कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने योगी सरकार की तारीफ की और उनका आभार भी जताया जबकि कांग्रेस और सपा की सरकार पर जमकर हमला बोला। साथ ही मायावती ने लखनऊ में हुई बसपा की महारैली में मायावती ने अन्य राज्यों समेत यूपी के कोने-कोने से आये हुए पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया। इससे पूर्व मायावती, सतीश चंद्र मिश्रा, उमाशंकर सिंह और उनके भाई आनंद कुमार और भतीजे आकाश आनंद ने कांशीराम को पुष्पांजलि अर्पित की। मायावती ने कहा कि




आज मान्यवर कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि है और बहुजन समाज के जीवन के लिए कांशीराम का पूरा जीवन समर्पित था। उन्होंने कहा कि आप सभी ने भीड़ के मामले में अपना पिछला सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए लाखों-लाखों की संख्या में मान्यवर कांशीराम जी को श्रद्धासुमन अर्पित किया है। इस दौरान मायावती ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के भी हम सभी आभारी हैं क्योंकि वर्तमान भाजपा सरकार ने कांशीराम जी के स्मारक के टिकट से इक्क्ठा हुए पैसे से इसके रखरखाव पर खर्च हुआ। इससे पिछली सपा सरकार ने पैसे को दबाकर रखा था कोई रखरखाव नहीं किया था।

उन्होंने कहा कि अभी वह कह रहे हैं कि सरकार में आने के बाद कांशीराम जी के नाम पर संगोष्ठी करेंगे। जब वह सरकार में रहते हैं तब ना उनको पीडीए याद रहता है और ना ही कांशीराम याद रहते हैं और सत्ता के बाद उनको पीडीए और कांशीराम याद आते हैं। सपा जैसे दोगले चरित्र वाले लोगों से आपको दूर रहना है। सत्ता में रहते हुए अखिलेश को कांशीराम और पीडीए का नारा याद नहीं आता। अब सपा अपने स्वार्थ में जबरन पीडीए का बारे देकर हवा हवाई बातें कर रही है यह लोग आपको भ्रमित करने में लगे हुए हैं। सपा का पीडीए का नारा केवल खोखला है और ऐसे दोगलों से आप सभी को दूर रहना है। उन्होंने कहा कि आप सभी को सत्ता की चाभी अपने हाथों में लेनी होगी तभी आपका जीवन स्वाभिमान के साथ व्यतीत हो सकता है। ऐसा बाबासाहेब आंबेडकर ने कहा था, आपको यूपी में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मायावती की भाजपा से अंदरूनी साठगांठ जारी : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता

लखनऊ। सपा के प्रदेश मुख्यालय पर गुरुवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बसपा सुप्रीमो का नाम लिये बगैर कहा कि उनकी भाजपा से अंदरूनी सांठगांठ जारी है इसीलिए वो जुल्म करने वालों की आभारी हैं। भाजपा सरकार में पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों के साथ लगातार जुल्म हो रहा है। झूठे मुकदमें लगाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। अपमानित किया जा रहा है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। सपा सरकार के दौरान बसपा सरकार में बने पार्कों की साफ-सफाई न होने के बसपा प्रमुख के



आरोपों पर कहा कि उनके अलावा उनकी मूर्ति सपा सरकार में हमने ही लगवायी है। अखिलेश यादव ने कहा कि इसका रिकार्ड लिखित में है कि समाजवादी सरकार ने पार्कों के रखरखाव और ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# आईजीआरएस रैंकिंग में लखीमपुर खीरी ने मारी बाजी


## बलरामपुर ने हासिल किया दूसरा स्थान, सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश भर में बुनियाद सुविधाओं का हो रहा विस्तार, हर वर्ग का हो रहा उत्थान

विशेष संवाददाता (vol)

- आईजीआरएस की सितंबर माह की रिपोर्ट में डीएम लखीमपुर खीरी ने पहला, बलरामपुर ने दूसरा और बरेली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया
- खीरी डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बोलीं, सीएम योगी के मार्गदर्शन में सुनवाई से समाधान तक की नीति पर किया जा रहा काम

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में प्रदेश के सर्वांगीण विकास में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेशवासियों के खुशहाल जीवन के लिए कई निर्णय लिये गये, जो पूरे देश में मॉडल बनकर उभरे। इन फैसलों को देश के कई अन्य राज्यों ने अपने यहां लागू भी किया, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व को दशार्ते हैं। इसी क्रम में सीएम योगी के सपनों को साकार करने में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

आईजीआरएस से जनसुनवाई, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे जिलों को बेहतर प्रशासनिक मानक स्थापित करने में मदद मिल रही है।आईजीआरएस की सितंबर माह की रिपोर्ट में प्रदेशभर में लखीमपुर खीरी ने पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि बलरामपुर ने दूसरा और बरेली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।



### बलरामपुर ने दूसरा, बरेली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, टॉप फाइव जिलों में अंबेडकरनगर, सोनभद्र ने बनायी जगह

बलरामपुर जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिले में विकास परियोजनाओं के गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में पूरा करने के लिए हर हफ्ते अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की जाती है। साथ ही आम जनमानस की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। उनकी समस्या के निस्तारण के संतुष्टीपूर्ण फीडबैक पर ही आईजीआरएस की रिपोर्ट जारी की जाती है।ऐसे में आईजीआरएस की सितंबर माह की रिपोर्ट में बलरामपुर दूसरे स्थान पर है।उन्होंने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप आगे भी लगातार प्रयास रहेगा कि आम जनमानस की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। बलरामपुर ने मानक पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 133 अंक प्राप्त किये हैं, जिसकी निस्तारण दर 95 प्रतिशत है। इसी तरह बरेली ने भी 133 अंक हासिल कर तीसरा, अंबेडकरनगर ने 132 अंक प्राप्त कर चौथा और सोनभद्र ने 131 अंक हासिल कर पांचवा स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप टेन जिलों में हाथरस, श्रावस्ती, हमीरपुर, पीलीभीत और बस्ती ने जगह बनायी है।

### खीरी ने रैंकिंग की रिपोर्ट में सर्वाधिक 134 अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में हासिल किया पहला स्थान

आईजीआरएस द्वारा प्रदेशभर के जिलों में 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा की जाती है। इसके बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। आईजीआरएस की सितंबर माह की रिपोर्ट के अनुसार लखीमपुर खीरी ने मानक पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 134 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि आईजीआरएस की रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप लखीमपुर खीरी में विकास कार्यों समेत जनसुनवाई की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। यही वजह है कि लखीमपुर खीरी की सितंबर माह की जनसुनवाई निस्तारण दर 95.71 प्रतिशत है, जो पूरे प्रदेश में सर्वाधिक है।

### जिले में सुनवाई से समाधान तक की नीति पर किया जा रहा काम

लखीमपुर खीरी जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में रोजाना प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। साथ ही समस्या के समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए मॉनीटरिंग भी की जाती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले में सुनवाई से समाधान तक की नीति पर काम किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि लखीमपुर खीरी ने आईजीआरएस की सितंबर माह की रैंकिंग में पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जनसुनवाई में आए हर शिकायतकर्ता की समस्या के निस्तारण के लिए प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों की जवाबदेही तय की गई है। इससे न केवल शिकायतों की संख्या घटी बल्कि जनता का भरोसा भी प्रशासन पर और मजबूत हुआ है।

# रालोद ने बसपा संस्थापक कांशीराम को किया नमन



**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे की अध्यक्षता में बसपा संस्थापक कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया।इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अनिल दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि कांशीराम जी ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। उन्होंने समाज के उस वर्ग को राजनीतिक चेतना दी, जिसे लंबे समय तक अधिकारों से वंचित रखा गया था। उनका पूरा जीवन सामाजिक समरसता, समानता और स्वाभिमान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने जाति, धर्म और संप्रदाय की सीमाओं से ऊपर उठकर एक ऐसे भारत की परिकल्पना की जहां हर नागरिक को समान अवसर मिले।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में कांशीराम जी के विचार पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं। जब समाज में विषमता और भेदभाव बढ़ रहा है, तब हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाना होगा। रालोद सदैव किसानों, मजदूरों, वंचितों और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करता रहा है, यही कांशीराम जी की विचारधारा का भी सार है। अंत में सभी ने एक स्वर में कांशीराम जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष पीके पाठक, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश तिवारी, शिव यज्ञ पाण्डेय, प्रदीप कुमार पाण्डेय, मनोहर मौर्य, विश्वनाथ यादव, आदित्य, विशाल, आदि लोग उपस्थित रहे।

# खाद्य प्रसंस्करण नीति के तहत उद्योग स्थापना में बरेली प्रथम पायदान पर

- यूपी मे फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री बनेगी निवेश व रोजगार का नया केंद्र
- यूपी में 13 नये प्रोजेक्ट्स को मंजूरी

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति -2023 के तहत प्राप्त परियोजना प्रस्तावो पर समयबद्ध कार्यवाही करने, स्थापित इकाइयों के सब्सिडी आदि के प्रकरणों की समीक्षा करते रहने व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश कराना है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा देश की सर्वोत्तम उ०प्र० खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के माध्यम से प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न योजनायें संचालित है। समिति को अवगत कराया गया कि निवेशक सौर ऊर्जा से संयत्रों के संचालन को प्राथमिकता दे रहे है और स्वीकृत 58 प्रोजेक्ट्स मे सौर ऊर्जा संयन्त्र लगाये गये हैं। फ्रोजेन फूड एवं वेजेटेबल 50 प्रोजेक्ट्स स्वीकृत हैं।

# बिरसा मुंडा का व्यक्तित्व और जीवन अनुकरणीय : जसवंत सिंह

## गौतम बुद्ध डिग्री कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय जन जातीय गौरव सेमिनार संपन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गौतम बुद्ध डिग्री कालेज के तत्वावधान में विद्यालय के अशोक सभागार में लोक नायक बिरसा मुंडा पर केन्द्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय जन जातीय गौरव सेमिनार के अंतिम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में संसदीय कार्य और औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि बिरसा मुंडा भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी, धार्मिक सुधारक और लोक नायक थे।

उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने समाज को एकजुट करने के साथ महिला सशक्तिकरण और आदिवासी जन जातीय की कुरीतियों और अंधविश्वास को दूर किया, उनका व्यक्तित्व और जीवन अनुकरणीय है।

डॉ. रश्मि शर्मा प्रधानाचार्या गौतम बुद्ध डिग्री कालेज के संयोजन में राष्ट्रीय जन जातीय गौरव सेमिनार के अंतिम दिन गौतम बुद्ध शिक्षण संस्थान के संस्थापक आर.एस. कुशवाहा और अध्यक्ष सोमिल कुशवाहा ने संसदीय कार्य और औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और भगवान गौतम बुद्ध की मूर्ति भेंट कर गौतम बुद्ध स्मृति सम्मान से सम्मानित किया।

इस अवसर पर दीप्ति जायसवाल इतिहास विभाग ल.वि.वि, रीना दीक्षित, प्रीति दीक्षित, भिक्खु प्रज्ञावर थेरो, राजीव द्विवेदी, जनार्दन प्रताप, डॉ. मनमीत कौर, डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव, डॉ. ज्ञान प्रकाश और पिंकी शुक्ला ने बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व और योगदान पर प्रकाश डाला और शोधार्थियों ने बिरसा मुंडा पर अपने शोध पत्र पढ़े।

राष्ट्रीय जन जातीय गौरव सेमिनार का संयोजन और धन्यवाद ज्ञापन गौतम बुद्ध डिग्री कालेज की प्रधानाचार्या डॉ. रश्मि शर्मा ने दिया।

# रेलवे स्टेशनों पर खान पान स्टालों की हुई जांच पड़ताल

**लखनऊ।** भारतीय रेल द्वारा 01 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान 5.0 चलाया जा रहा है। इसके तहत आज पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में ह्लस्वच्छ आहार दिवसह्व मनाया गया। इस अवसर पर लखनऊ जं., बादशाहनगर, गोंडा जं., बहराइच, गोरखपुर जं., मनकापुर, बढ़नी, बस्ती, लखीमपुर, खलीलाबाद एवं ऐशबाग जं. स्टेशनों पर नामित अधिकारियों, रेलवे चिकित्सकों, स्टेशन अधीक्षकों, और संबंधित स्वास्थ्य निरीक्षकों की देखरेख में खानपान स्टालों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, बर्तनों की साफ-सफाई की जांच की गई। इसके अतिरिक्त, खानपान स्टालों से खाद्य सामग्री के नमूने जांच के लिए लिए गए। स्टालों पर डस्टबिन की उपलब्धता, कचरा निपटान, और स्वच्छता सुनिश्चित की गई ताकि यात्रियों को स्वच्छ और स्वास्थ्यप्रद खाद्य पदार्थ उपलब्ध हों। ट्रेनों में यात्रियों से भोजन की गुणवत्ता पर फीडबैक लिया गया, और प्राप्त सुझावों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए शिकायतों का समाधान किया गया। इसी क्रम में, ऐशबाग स्थित रेलवे पॉलीक्लिनिक में अपर मण्डल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीक्षा चौधरी के नेतृत्व में 16 खानपान वेंडरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान अपर मण्डल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय तिवारी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजना पाटनी, और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# जदयू अपने बल पर लड़ेगा पंचायत चुनाव

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव एवं नितीश कुमार को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए जदयू उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने प्रदेश इकाई को निर्देशित किया। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) उत्तर प्रदेश इकाई की महत्वपूर्ण मासिक बैठक प्रदेश कार्यालय लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने किया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिसमें मुख्यतः बिहार विधानसभा चुनाव, पंचायती चुनाव उत्तर प्रदेश, विधानसभा चुनाव उत्तर प्रदेश 2027 एवं संगठन विस्तार। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने उत्तर प्रदेश इकाई के सभी प्रदेश, जिला एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगणों को बिहार विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रचार अभियान के लिए उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे बिहार सभी विधानसभा क्षेत्रों में जिनमें जेडीयू के प्रत्याशी लड़ेंगे, उनके प्रचार अभियान में जुड़ने के लिए बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का निर्देश दिया। अनूप सिंह पटेल ने यह घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में संगठन अपने बल पर लड़ेगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर सभी जिला अध्यक्षों को अपने जिले से कम से कम एक विधानसभा सीट जिन पर जदयू प्रत्याशी लड़ा सके उनको चिंहित करने का निर्देश दिया। संगठन विस्तार को लेकर सभी जिला एवं मंडल के प्रभारियों को अपने -अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी की सूची अगले 15 दिन यानि 25 अक्टूबर तक प्रदेश कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। बैठक का संचालन प्रदेश महासचिव सुभाष पाठक ने किया। बैठक में सभी प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, जिले के अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।



# त्यौहार पर बनारस-मुंबई के बीच चलेंगी विशेष ट्रेनें

**लखनऊ।** आगामी त्यौहारों के अवसर पर रेल यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए, रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया है। वाराणसी जं- लोकमान्य तिलक टर्मिनस 13 अकटूबर से 17 नबंबर तक 6 फेरे लोकमान्य तिलक टर्मिनस- वाराणसी जं 14 अकटूबर से 18 नबंबर तक 6 फेरे के लिए चलेगी। गाड़ी संख्या 04226, वाराणसी जं- लोकमान्य तिलक स्पेशल दिनांक 13 अकटूबर से 18 नबंबर तक 6 फेरे वाराणसी जं से रात्रि 01.35 बजे रवाना होकर दोपहर 14.25 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहूँचेगी। इसी प्रकार रेलगाड़ी संख्या 04225 , लोकमान्य तिलक टर्मिनस- वाराणसी जं स्पेशल 14 अकटूबर से 18 नवंबर तक 6 फेरे, लोकमान्य तिलक टर्मिनस से शाम 16.55 बजे रवाना होकर रात्रि 02.05 बजे वाराणसी जं पहुँचेगी। गाड़ी 04226 के मार्ग में आने वाले ठहराव निम्नानुसार हैः- जौनपुर सिटी (आगमन 02:35 बजे /प्रस्थान 02:37 बजे), सुलतानपुर जं( आगमन 03:55 बजे /प्रस्थान 04:00 बजे), लखनऊ( आगमन 06:20 बजे /प्रस्थान 06:30 बजे), कानपुर सैंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं, बीना जं, रानी कमलापति (भोपाल), इटारसी जं, खंडवा जं, भुसावल जं, नासिक रोड, कल्याण जं, ठाणे स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

# राज्यमंत्री ने मेट्रो की सुरक्षा एवं सुविधाओं को सराहा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क तथा पंजीयन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल ने गुरुवार को सचिवालय से चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट तक लखनऊ मेट्रो में यात्रा की। यह उनकी लखनऊ मेट्रो में पहली यात्रा थी। यात्रा के उपरांत श्री जायसवाल ने मेट्रो सेवा की प्रशंसा करते हुए कहा, ह्ललखनऊ मेट्रो राजधानी के नागरिकों के लिए एक वरदान है। यह न केवल समय की बचत करती है बल्कि एक सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का माध्यम भी है।ह्व उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे अधिकाधिक मेट्रो का उपयोग करें और सड़कों पर वाहनों की भीड़ कम करने में सहयोग दें। साथ ही उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया कि एयरपोर्ट से यात्रा के दौरान निजी या सरकारी गाड़ियों के स्थान पर मेट्रो का उपयोग करें, ताकि ट्रैफिक नियंत्रण में मदद मिल सके।

# यूपी रेरा ने परियोजना पंजीकरण की अवधि बढ़ाने की प्रक्रिया के लिए यूजर मैनुअल जारी किया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) ने रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, दक्षता और सुगमता बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्राधिकरण ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर परियोजना पंजीकरण की अवधि बढ़ाने की प्रक्रिया के लिए एक यूजर मैनुअल जारी किया है।

यह मैनुअल प्रमोटरों को परियोजना की अवधि बढ़ाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की चरणबद्ध जानकारी प्रदान करता है। यह प्रक्रिया को सरल, तेज और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाता है, जिससे आवेदन आसानी से जमा किए जा सकें। इस मैनुअल में चित्रों के साथ स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिससे प्रमोटरों को आवेदन प्रक्रिया को समझने और पूरी करने में आसानी होगी। इससे आवेदन में त्रुटियों और विलंब की संभावना कम होगी और पंजीकरण विस्तार प्रक्रिया तेज और प्रभावी बनेगी। परियोजना पंजीकरण की अवधि बढ़ाने से संबंधित यह मैनुअल, यूपी रेरा की ओर से जारी की गई यूजर मैनुअल श्रृंखला का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे पहले प्राधिकरण मैनुअल जारी कर चुका है जिनमें शिकायत पंजीकरण मैनुअल, परियोजना पंजीकरण मैनुअल और प्रमोटर एनरोलमेंट मैनुअल शामिल थे। यूपी रेरा का मानना है कि यह मैनुअल केवल एक प्रक्रिया गाइड नहीं है, बल्कि यह क्षमता निर्माण का एक प्रभावी माध्यम भी है। यह प्रमोटरों को नियामकीय आवश्यकताओं को समझने और अनुपालन करने में मदद करता है। स्पष्ट दिशा-निर्देशों के साथ यह मैनुअल आवेदन प्रक्रिया को तेज, सटीक और पारदर्शी बनाता है। इससे प्रमोटरों, खरीदारों और प्राधिकरण के बीच विश्वास और भरोसे का वातावरण और मजबूत होगा। प्राधिकरण जल्द ही एजेंट प्रशिक्षण और पंजीकरण मैनुअल भी जारी करने जा रहा है, जिसमें एजेंटों को उनकी भूमिका और पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। इन सभी मैनुअल्स के माध्यम से प्राधिकरण यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रमोटर, एजेंट और खरीदार सभी को ऑनलाइन प्रक्रियाओं की सही जानकारी मिले और वे नियामकीय ढांचे को सुगमता से समझ सकें। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा यूजर मैनुअल प्रमोटरों और अन्य हितधारकों के लिए एक उपयोगी संदर्भ साबित होगा।

# एम्बुलेंस सेवाओं व एमवीयू के कर्मचारियों को मिला सम्मान

## रिस्पांस टाइम के मामले में यूपी लगातार तीसरे साल देश में नम्बर 1

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाएं और 1962 मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा प्रदाता संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से गुरुवार को आशियाना, लखनऊ में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यरत ईएमटी पायलट, कॉल सेंटर कर्मचारी ई.आर.ओ., 1962 एमवीयू सहित 130 से अधिक कर्मचारियों को उनके द्वारा दी जा रही उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह व चेक देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के डायरेक्टर के. कृष्णम राजू ने कहा कि हमें क्वालिटी सर्विस देनी है। ईएमटी, पायलट, ईआरओ, ईएमई एम्बुलेंस सेवाओं की रीढ़ की हड्डी हैं। वह रियल हीरो हैं। यह सेवा हम सबकी है और इसकी जिम्मेदारी भी हम सबकी है। कृष्णम राजू ने कहा कि ईएमआरआई ने 32 एम्बुलेंस के हैदराबाद से एम्बुलेंस सेवाएं शुरू की थीं। आज हम देश के 20 राज्यों में 20 हजार से अधिक एम्बुलेंसों का संचालन कर रहे हैं। इसी के साथ ही ईएमआरआई देश के विभिन्न राज्यों में 108 एम्बुलेंस, 102, 1962 एमवीयू, डायल 112, 104 हेल्पलाइन सहित 8 प्रोग्राम्स का संचालन कर रही है।

उन्होंने बताया कि ईएमआरआई की ओर से हैदराबाद में मदर चाइल्ड हॉस्पिटल, डायग्नोस्टिक सेंटर से हब, मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शुरू किया गया है। इसी प्रकार अन्य राज्यों में भी इन सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। इस मौके पर संस्था के सीनियर प्रेसीडेंट सुबोध सत्यवादी ने कहा कि रिस्पांस टाइम के मामले में बेहतर हैं इसी के साथ हमें अधिक से अधिक लोगों को क्वालिटी सर्विस देना है। कार्यक्रम में ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने कहा कि ईएमआरआई को उत्तर प्रदेश में सेवाएं देते हुए 13 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसी के साथ लगातार तीसरे साल देश में रिस्पांस टाइम के मामले में यूपी नम्बर वन हैं। टीवीएसके रेड्डी ने कहा कि आज यूपी में 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाएं भरोसे का प्रतीक हैं। हमें इस भरोसे को बनाए रखना है ओर सर्विस को और बेहतर बनाने के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस सेवाओं में जो लोग काम कर रहे हैं उनके लिए यह सिर्फ नौकरी नहीं है बल्कि यहां लोगों की सेवा करने का मौका भी मिलता है। एम्बुलेंस कर्मचारियों एम्बुलेंस कर्मचारियों की स्किल्स को बढ़ाने के लिए एक नवम्बर से एक नया ट्रेनिंग प्रोग्राम (नींव) शुरू किया जाएगा। स्टेट हेड संदीप दुबे ने कहा हमें लोगों को क्वालिटी सर्विस उपलब्ध कराते हुए अधिक से अधिक लोगों की जान बचाने के लिए प्रयास करना है।

# योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से करेंगे स्वदेशी मेलों का औपचारिक शुभारंभ

## प्रदेशभर में जनपद स्तर पर हो रहा स्वदेशी मेलों का आयोजन, स्वयं सहायता समूहों और उद्योग विभाग की योजनाओं को मिल रहा व्यापक मंच

विशेष संवाददाता (vol)

**जीएसटी बचत उत्सव के रूप में भी मनाये जायेंगे मेले, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और युवाओं की भागीदारी से बढ़ेगी उत्सव की गरिमा**

**कई जनपदों में गुरुवार को ही हुआ अनौपचारिक शुभारंभ, गोरखपुर में सीएम योगी के शुभारंभ के बाद मेलों की गतिविधियों में आयेगी तेजी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर से स्वदेशी मेले का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। स्वदेशी मेले का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना, उद्योगों को बढ़ावा देना और ह्यवोकल फॉर लोकलह्व के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। हालांकि, कई जनपदों में गुरुवार को ही स्वदेशी मेले की अनौपचारिक शुरूआत हो गई है। हालांकि, इसकी औपचारिक शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा शुक्रवार को की जाएगी।

दस दिवसीय स्वदेशी मेलों का आयोजन शहर के व्यवसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण और उपयुक्त स्थलों पर किया जा रहा है, ताकि आम जनता सुगमता से पहुंच सके और सक्रिय रूप से सहभागिता कर सके। उल्लेखनीय है कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के अंतर्गत जनपद स्तर पर स्वदेशी मेलों के आयोजन के निर्देश जारी किए गए हैं। आयोजन के दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री समेत अन्य जनपद प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया गया है। प्रत्येक जनपद के उपायुक्त उद्योग नोडल अधिकारी के रूप में मेले की व्यवस्था देखेंगे और जिलाधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए मेले की गरिमा एवं गुणवत्तापूर्ण आयोजन सुनिश्चित कर रहे हैं। **उपलब्ध कराए गए निशुल्क स्टॉल :** स्वदेशी मेला में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सीएम युवा, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लाभार्थियों, वित्त पोषित इकाईयों, स्वयं सहायता समूहों और अन्य उत्पादकों को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त, पूर्व में उपलब्ध कराए गए जन उपयोगी योजनाओं/कार्यक्रमों के स्टॉल भी लगवाए गए हैं। मेले में वस्तुओं एवं सेवाओं के क्रय के लिए जेम पोर्टल का उपयोग अनिवार्य रूप से किया गया है।

### स्वदेशी मेले बनेंगे जीएसटी बचत उत्सव का आधार

- स्वदेशी मेले को जीएसटी बचत उत्सव के रूप में भी मनाया जा रहा है। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा की गई जीएसटी दरों में कमी की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जा रही है, ताकि वे दीपावली और अन्य अवसरों पर अपने दैनिक उपयोग की वस्तुएं खरीद सकें।
- कार्यक्रम को उल्लासपूर्ण और रोचक बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर संस्कृति विभाग, युवक मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र, विभिन्न शैक्षिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के समन्वय और सहयोग से सामाजिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों को मिलेगा मंच

- इन मेलों में स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, हस्तशिल्पियों और ग्रामीण उद्योगों को अपनी कला और उत्पाद प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में सजने वाले ये मेले दिवाली के पूर्व ह्लवोकल फॉर लोकलह्व अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देंगे, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों अर्थव्यवस्थाओं को नई दिशा मिलेगी।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 से जिला स्तरीय पदयात्राएं होंगी शुरू : गिरीश चंद्र यादव




**लखनऊ।** खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने गुरुवार को सरदार@150 एकता मार्च पर प्रेसवार्ता की। वर्ष 2025 में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती होगी। इसी उपलक्ष्य पर सरदार पटेल को सम्मान देते हुए 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक ज़िला-स्तरीय पदयात्राएं आयोजित होंगी। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और नागरिक जिम्मेदारी की भावना जगाना, भारत को एकजुट करने और उन्हें 'एक भारत, आत्मनिर्भर भारत' के आदर्शों को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि सरदार@150 एकता मार्च केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है, बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करने का एक त्योहार साबित होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरदार@150 एकता मार्च 'युवाओं द्वारा और युवाओं के लिए' होगा, जिसकी सभी तैयारियां और व्यवस्थाएं एनएसएस और माई इंडिया के युवा स्वयंसेवकों द्वारा की जाएंगी।

मंत्री ने कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए अभियान के विभिन्न चरणों की व्याख्या की तथा जिला से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रत्येक चरण में की जा रही गतिविधियों का विस्तृत विवरण दिया, जिनका उद्देश्य अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के तहत सरदार@150 एकता मार्च का डिजिटल चरण 6 अक्टूबर से शुरू हो गया है। इसमें सोशल मीडिया रील प्रतियोगिताएं, निबंध लेखन और 15-29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए सरदार@150 यंग लीडर्स प्रोग्राम क्विज जैसी गतिविधियां शामिल हैं। इस चरण का उद्देश्य देश भर के युवाओं को शामिल करना और उसके बाद होने वाली पदयात्राओं के लिए गति उत्पन्न करना है। दिशानिर्देश और पंजीकरण विवरण माई भारत प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। इन प्रतियोगिताओं के शीर्ष विजेताओं की घोषणा राष्ट्रीय पदयात्रा शुरू होने से पहले, यानी 26 नवंबर को की जाएगी।

# एनएसएस बीबीडीयू में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग व स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 एवं स्वच्छता कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की भव्यता बीबीडीयू की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन और प्रेरणा से सुनिश्चित की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पल्लवी जैन गोविल सचिव (युवा कार्यक्रम विभाग), भारत सरकार उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संदेश देते हुए कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी संपदा है। यदि युवा सकारात्मक दिशा में कार्य करें, तो विकसित भारत का सपना जल्द साकार हो सकता है। कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण से हुई। तत्पश्चात विश्वविद्यालय परिसर के ऑडिटोरियम में विभिन्न सत्रों का आयोजन हुआ।

ठरर गीत, नशा मुक्त भारत अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसे कार्यक्रमों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। समरदीप सक्सेना (क्षेत्रीय निदेशक, एनएसएस उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) ने एनएसएस के उद्देश्यों, उपलब्धियों और राष्ट्रीय निर्माण में युवाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला। डॉ. मंजू सिंह ने एनएसएस स्वयंसेवकों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं में चेतना, संवेदनशीलता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना ठरर के माध्यम से विकसित होती है। यह कार्यक्रम इसी दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया। कुलपति प्रो. डॉ. एस.के. श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारी युवा पीढ़ी स्वच्छता, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र सेवा को अपनाएगी।

श्रीमती मोहन माधवी (डिप्टी सेक्रेटरी, माय भारत) ने माय भारत क्विज विकसित भारत @2047 की जानकारी दी और आयोजन के बाद सभी अधिकारियों व एनएसएस वालंटियर्स के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि युवा अगर संकल्प लें तो 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर और विकसित बनाया जा सकता है। माय भारत एक ऐसा मंच है जो इस दिशा में ठोस कदम उठा रहा है। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रभाष चंद्र पाठक ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान करते हुए कहा कि यह आयोजन एनएसएस इकाई के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। विशेष रूप से सचिव ने एनएसएस स्वयंसेवकों से संवाद किया और उनके प्रयासों की सराहना की। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और सम्मान किया।

# दिवाली पर फ्लैट खरीदारों को तोहफा, 50% पर कब्जा, 15% की छूट

## आवास विकास परिषद की बोर्ड बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आवास विकास परिषद ने दिवाली पर अपने आशियाना बनाने वालों के लिए बड़ा तोहफा दिया है। विभिन्न योजनाओं में विभिन्न श्रेणी के रिक्त फ्लैटों (जी+3 एवं बहुमंजिला) में 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके साथ ही 50 प्रतिशत भुगतान करने पर तुरंत कब्जा व बाकी की किस्तों पर ब्याज दरों में 2.50 प्रतिशत की छूट भी दिए जाने का निर्णय लिया है। विशेष पंजीकरण सुविधा को समाप्त कर अब पहले आओ पहले पाओ योजना के तहत कोई भी फ्लैट खरीद सकता है। दिवाली पर फ्लैट खरीदारों के लिए तोहफा देते हुए आवास एवं विकास परिषद की 273वीं निदेशक मंडल की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। प्रमुख सचिव आवास गुरु प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक हुई। जिसमें अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। गाजियाबाद में अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले अभियंताओं को सम्मानित किया गया।

बोर्ड में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि परिषद की कानपुर, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, मुरादाबाद, लखनऊ, की विभिन्न योजनाओं में कुल 10059 फ्लैट्स रिक्त हैं जिनका मूल्य लगभग 2797.40 करोड़ है।

आवास विकास ने पहले आओ पहले पाओ योजना के तहत 143 फ्लैट ही बेचे हैं। हाल यह है कि दुर्बल आय वर्ग के 5757 फ्लैट और अल्प आय वर्ग श्रेणी फ्लैट्स के लगभग 3228 फ्लैट नहीं बिक सके हैं इससे लगभग दो हजार करोड़ रुपये फंसे हैं। अब इन फ्लैटों को बेचने के लिए छूट की योजना से सम्बंधित प्रस्ताव परिषद की आगामी 7 मार्च को बोर्ड बैठक में लाया जा रहा है।

परिषद की विभिन्न योजनाओं में विभिन्न श्रेणी के लगभग 11676 फ्लैट्स जिनमें से लखनऊ जोन के अन्तर्गत बहुमंजिले एवं जी+3 के अन्तर्गत लगभग 1411 दुर्बल आय वर्ग फ्लैटस रिक्त हैं जिसके सापेक्ष लगभग 247.45 करोड़ रुपये फंसे हैं। इसी प्रकार अल्प आय वर्ग फ्लैट्स लगभग 2097 रिक्त हैं जिसके सापेक्ष लगभग 731.26 करोड़ रुपये फंसे हैं। मेरठ जोन के अन्तर्गत दुर्बल आय वर्ग के 4223, अल्प आय वर्ग के 740 फ्लैट रिक्त है। बरेली जोन के अन्तर्गत दुर्बल आय वर्ग के 123, अल्प आय वर्ग के 62 फ्लैटस रिक्त हैं आगरा जोन में अल्प आय वर्ग के लगभग 78 फ्लैट्स रिक्त हैं। कानपुर जोन में अल्प आय वर्ग के 248 फ्लैटस रिक्त हैं।

बोर्ड ने निर्णय लिया है कि सभी श्रेणी के फ्लैट्स के मूल्य में 15 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। वर्तमान में 60 दिन के अन्दर पूर्ण भुगतान करने पर सम्पत्ति के कुल मूल्य पर 05 प्रतिशत की छूट देने की व्यवस्था है। उक्त में आंशिक संशोधन करते हुए फ्लैटों की कीमत का पूर्ण भुगतान 60 दिन में करने पर 15 छूट मिलेगी। जबकि 90 दिन में पूर्ण भुगतान करने पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। उप आवास विकास आयुक्त पल्लवी मिश्रा ने बताया कि इसके साथ ही खरीदारों को राहत देते हुए निर्णय लिया गया है कि 50 प्रतिशत भुगतान करने पर खरीदार को कब्जा मिल सकेगा, जबकि 10 साल की किस्तों में बाकी की रकम जमा कर सकेंगे। वहीं शेष कीमत को समय से पहले जमा करने पर 2 प्रतिशत की छूट का लाभ भी लिया जा सकेगा। वहीं किस्तों में शेष राशि जमा करने पर एमसीएलआर प्लस 1 प्रतिशत के आधार पर ब्याज में ढाई प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। वर्तमान में यह 11.50 प्रतिशत तक है।

सचिव ने बताया अब विशेष पंजीकरण सुविधा को बंद कर दिया गया है। अब सभी योजनाओं में फ्लैट पहले आओ पहले पाओ योजना के तहत मिलेंगे लेकिन त्यौहार पर दी गई छूट की सुविधा का लाभ 31 जनवरी 2026 तक बुकिंग कराने वालों को ही मिलेगा। वर्तमान में परिषद की विभिन्न योजनाओं में विभिन्न श्रेणी के लगभग 10059 फ्लैट्स खाली हैं। इनके न बिकने से लगभग धनराशि 2797.46 करोड़ फंसी है। उक्त में 1 बीएचके श्रेणी के फ्लैट्स की संख्या लगभग 5541 है। 2 बीएचसके श्रेणी फ्लैट्स की संख्या लगभग 2560 है। बीएचके के 1846, 4 बीएचके फ्लैट लगभग 112 है। लखनऊ जोन के अन्तर्गत लगभग 3120 फ्लैट रिक्त हैं। छूट का लाभ उक्त योजनाओं में मिल सकेगा।

**शासन की मंजूरी के बाद लागू होगी ओटीएस :** परिषद की सम्पत्तियों में बकायेदार आवंटियों को एक मुश्त समाधान योजना के लिए अभी इंतजार करना होगा। जो आवंटी अपनी संपत्तियों की किस्तें समय से जमा नहीं करते हैं। ऐसे आवासीय/अनावासीय सम्पत्तियों के डिफाल्टरों को बकाया धनराशि की वसूली के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू करने का प्रस्ताव बोर्ड ने पास तो कर दिया। लेकिन इसे शासन को संदर्भित कर दिया गया है। शासन की ओर से 01 जलाई 2021 से 31 जुलाई 2021 तक ओटीएस योजना लागू की गयी थी। इसके बाद भी वर्तमान में लगभग 2548 संपत्तियों से लगभग 590 करोड़ रुपये बकाया है।

**पांच योजनाओं के लिए शासन से लेंगे अनुदान राशि :** सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि शहरी विस्तारीकरण योजना के अन्तर्गत सीड कैपिटल के रूप में पांच परियोजनाओं के लिए अनुदान राशि प्राप्त करने का प्रस्ताव पास किया गया है। मऊ में 204 हेक्टेअर में 3000 करोड़ रुपये, गाजीपुर में 65 हे. में 489 करोड़, चित्रकूट में 64 हे. में 557 करोड़, बांदा में 136 हेक्टेअर में 722 करोड़ व प्रतापगढ़ में 153 हे. में 1234 करोड़ रुपये की आवासीय योजना का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इन योजनाओं के लिए शासन से अनुदान राशि मांगे जाने का प्रस्ताव पास कर दिया गया है।

**अवध बिहार योजना में अधूरे 488 फ्लैटों की योजना नीलाम होगी :** अवध विहार योजना के सेक्टर-7डी के सरयू एन्क्लेव में स्टिल्ट स्तर पर रोके गये 488 बहुमंजिले भवनों को जैसा का तैसा के आधार पर ई नीलाम किया जाएगा। यहां सात टावर बनाए जाने थे जिनमें से दो टावर बनाने में 48 करोड़ रुपये खर्च कर दिए गए। यहां 2 व 3 बीएचके के फ्लैट बनने थे, 27 लोगों को बेच दिए गए। ऑडिट टीम की आपत्ति के बाद गठित कमेटी ने इनके निस्तारण के लिए नीलाम करने का सुझाव दिया था जिसे बोर्ड ने मंजूरी दे दी। इसका बेस प्राइस 319 करोड़ रुपये तय किया गया है।

**घटिया भवन बनाने पर पांच इंजीनियरों से होगी वसूली :** आगरा के कालिंदी विहार में बेसिक सर्विसेज टू अर्बन पुअर (बीएसयूपी) योजना के तहत बनाए गए 272 भवनों के निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया। 652 भवन बनाए थे जिनमें 360 भवन सही पाए गए। 272 में घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल की गई। आईआईटी रुड़की से जांच कराने पर भवनों के आरसीसी कॉलम में दरारें मिलीं। घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल की गई। भवन रहने लायक नहीं पाए गए। जांच के बाद आवास आयुक्त बलकार सिंह ने तत्कालीन अधिशासी अभियंता रोशन लाल आर्य, सहायक अभियंता जेपी गर्ग, डीके शर्मा, सत्येंद्र कुमार पचौरी व एसके सिंह भदौरिया, सेवानिवृत अवर अभियन्ता, अधिशासी अभियंता नेहा सिंह से करीब 7 करोड़ रुपये की वसूली के आदेश दिए हैं। पांचों अभियंताओं से सरकारी धन की वसूली उनके वेतन और पेंशन से की जाएगी। मुख्य अभियंता रहे आर के अग्रवाल की मृत्यु हो चुकी है, इनकी जांच बंद करने का निर्णय लिया गया। बीएस गुप्ता, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियन्ता के खिलाफ अगली बोर्ड में निर्णय होगा। 272 भवनों को ध्वस्त कर भूमि स्थानीय निकाय को एवं निर्माण धनराशि शासन को वापस की जाएगी।

**पार्किंग व स्कूल भूखंड नीलामी के नियम बदले :** परिषद में नियोजित पार्किंग भूखण्डों के निस्तारण के लिए नियमावली को मंजूरी दी गई। इससे अब कोई भी पार्किंग भूखंडों को खरीद सकता है। वृंदावन समेत सात भूखंड आवास विकास की योजनाओं में हैं। स्कूल भूखण्डों को दो चरणों में होने वाली नीलामी के माध्यम से आवंटन के स्थान पर सामान्य ई-नीलामी के माध्यम से निस्तारित किये जाने, सबआर्डिनेट इंजीनियरिंग सर्विस रेगुलेशन्स-1973 (यथासंशोधित) में संशोधन किये जाने का प्रस्ताव पास कर दिया गया है।

**डिफेंस एक्सपो में मनमानी खर्च पर होगी कार्रवाई :** वृंदावन में डिफेंस एक्सपो के आयोजन से पहले 2019-2020 में आवास विकास के इंजीनियरों ने 60 लाख के काम बिना अनुमति करा दिए। जांच में खुलासा होने पर तत्कालीन लेखाधिकारी गोपाल कृष्ण बंसल, सुनील कुमार, तत्कालीन सहायक अभियन्ता, सहायक लेखाधिकारी सेवानिवृत्त, रामायण शरण, तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता, राजीव कुमार सक्सेना के विरुद्ध विभागीय जांच गठित किये जाने को मंजूरी दी गई।

# भावी प्रबंधकों का हुआ दीक्षारंभ



**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में गुरुवार को फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट पूरे से दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. जेपी पांडे के निर्देशन में एमबीए के नए बैच के लिए आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नेशनल इंटीग्रेशन डिपार्टमेंट ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव डॉ. हीरालाल रहे। इस दौरान उन्होंने छात्रों को भविष्य की तैयारी के लिए जरूरी टिप्स दिए कहा कि सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति दृढ़ता सफलता की कुंजी है। छात्रों से संवाद में उन्होंने कहा कि, अध्ययन का यह समय काफी खूबसूरत होता है। इस दौर में केवल व्यक्तित्व का विकास होता है बल्कि भविष्य की नीव भी पड़ती है। पढ़ाई के समय का हर छात्र को भरपूर सदुपयोग करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में कानपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. जेवी वैशंपायन ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में डॉ विनय चतुर्वेदी, डॉ. रवि शर्मा, डॉ. वर्षा शुक्ला, डॉ. गजेंद्र गुप्ता, शेफाली सिंह और आरजू गुप्ता सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाषा विवि के दीक्षांत समारोह में मुजफ्फर अली होंगे मुख्य अतिथि

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की एक आकस्मिक बैठक गुरुवार को कुलपति प्रो. अजय तनेजा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय से संबंधित विविध महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक अनुमोदन प्रदान किए गए।

बैठक में प्रमुख रूप से निम्न प्रस्तावों पर विचार किया गया, इसमें विश्वविद्यालय के 14 अक्टूबर को आयोजित होने वाले 10वें दीक्षांत समारोह में प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता मुजफ्फर अली को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने के प्रस्ताव को कार्य परिषद की स्वीकृति प्रदान की गई। परीक्षा समिति की 06 अक्टूबर को सम्पन्न बैठक में लिए गए निर्णयों को कार्य परिषद की अनुमति प्रदान की गई। वित्त परिषद की 24वीं बैठक में पारित निर्णयों को भी कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया। सत्र 2024-25 के अंतर्गत कुल 1392 विद्यार्थियों (891 छात्र एवं 501 छात्राएं) को उपाधि प्रदान किए जाने के प्रस्ताव को कार्य परिषद ने स्वीकृति दी। स्नातक एवं परास्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कुल 146 पदक (61 स्वर्ण, 42 रजत एवं 41 कांस्य) प्रदान किए जाने के प्रस्ताव को भी अनुमोदन प्राप्त हुआ। दीक्षांत समारोह में 31 पीएचडी उपाधियों के वितरण के प्रस्ताव को भी कार्य परिषद ने स्वीकृति प्रदान की। विश्वविद्यालय एवं लाईफएक्टिवस प्रा. लि., हैदराबाद व स्वदेश के मध्य हुए एमओयू को कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया।

बैठक के अंत में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में नए मानक स्थापित कर रहा है। आगामी 10वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के गौरवशाली सफर में एक ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा।

# वेतन विसंगति और पेंशन बहाली को लेकर नगर निगम कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लखनऊ में जोरदार प्रदर्शन किया है। कर्मचारियों ने लखनऊ नगर निगम मुख्यालय समेत आठ जोनल कार्यालयों में ताला जड़ दिया है, जिसके कारण कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है। दफ्तरों में पहुंचे लोगों को बिना काम करवाए बैरंग लौटना पड़ रहा है। प्रदेशभर के कर्मचारी वेतन विसंगति, पीएफ भुगतान न होने और अन्य लंबित मांगों से नाराज है। उत्तर प्रदेश से कर्मचारी लखनऊ नगर निगम मुख्यालय पर इकट्ठा हुए है। उन्होंने नारेबाजी के बाद हजरतगंज स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा पर पहुंचे, जहां विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के चलते लखनऊ नगर निगम मुख्यालय और आठ जोन में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। कर्मचारियों ने मुख्यालय की बिजली भी काट दी, जिसके बाद कई अधिकारी और कर्मचारी दफ्तर से चले गए और बचे हुए धरने में शामिल हो गए। जलकल, टैक्स, इंजीनियरिंग, विज्ञापन सहित अन्य महत्वपूर्ण काम प्रभावित हो रहे हैं। इस प्रदर्शन से लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है जिनके जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनने थे। यह काम भी ठप हो गया है। इस प्रदर्शन में लखनऊ के अलावा अयोध्या, गाजियाबाद, आगरा, सहारनपुर, प्रयागराज सहित प्रदेश के अन्य नगर निगमों के कर्मचारी शामिल रहे। कर्मचारियों ने एसीएम चंद्र भूषण तिवारी को अपनी मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा है। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कई बार बैठकें हुईं, ज्ञापन दिए गए, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला है। शशि कुमार मिश्रा ने चेतावनी देकर कहा कि अगर 9 अक्टूबर के बीच 9 नवंबर तक मांगें नहीं मानी गईं, तो वे पूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे।

# पीडब्ल्यूडी : 68 वरिष्ठ अभियंता करेंगे पैच मरम्मत की जांच

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के तहत सभी जिलों के विभिन्न श्रेणी के मार्गों पर गड्ढामुक्ति/पैच मरम्मत के कार्यों के निरीक्षण एवं रेण्डम आधार पर प्रति खण्ड विशेष मरम्मत के अन्तर्गत बनाये जा रहे 05 आगणनों की स्थिति एवं गुणवत्ता के परीक्षण के लिए मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता स्तर कुल 68 अधिकारियों को अलग-अलग जिलों में निरीक्षण/जांच के लिए नामित किया गया है। उन्होंने कहा नामित अधिकारी 9 अक्टूबर एवं 10 अक्टूबर को उनको आवंटित जिलों में अध्यासन कर विभिन्न श्रेणी के मार्गों पर गड्ढामुक्ति/पैच मरम्मत के कार्यों का निरीक्षण एवं रेण्डम आधार पर प्रति खण्ड विशेष मरम्मत के अन्तर्गत बनाये जा रहे 05 आगणनों की स्थिति एवं गुणवत्ता का परीक्षण करते हुए अपनी सुस्पष्ट आख्या 10 अक्तूबर की सायं तक मुख्य अभियन्ता (मुख्यालय-1), लो.नि.वि., लखनऊ को उपलब्ध करायेंगे।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना सं. :** 1192-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक- 08.10.2025 |
| 2. | **कार्य का नाम :** लखनऊ मंडल के अंतर्गत ADSTE/AYC, ADSTE/SLN, ADSTE/BSB, DSTE/LKO, DSTE/I/LKO & ADSTE/LKO के खण्ड में 20000 से अधिक TVU वाले LC गेटों के इंटरलॉकिंग के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रु. 1,27,67,351.86 (एक करोड़ सत्ताइस लाख सरसठ हजार तीन सौ इकावन रूपये एवं छियासी पैसे मात्र) |
| 4. | **ई-निविदा की कीमत :** शून्य |
| 5. | **बयाना राशि :** रु. 2,13,900/- (दो लाख तेरह हज़ार नौ सौ रुपये मात्र) |
| 6. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह |
| 7. | **ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 31.10.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | **प्रस्ताव की वैधता :** ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |


सं.: 1192-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक: 08.10.2025 3109/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# युवा वही जो राष्ट्र निर्माण की क्षमता रखता है : मनोजकांत

## अभाविप एवं आईईटी कालेज के संयुक्त तत्वावधान में प्रो. यशवंत केलकर जन्म शताब्दी पर हुई संगोष्ठी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आईईटी कॉलेज के राम प्रसाद बिस्मिल सभागार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं आईईटी कॉलेज, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में महान गणितज्ञ प्रो. यशवंत राव केलकर जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर युवा, नवोन्मेष और राष्ट्र निर्माण प्रो. यशवंत राव केलकर के दृष्टिकोण से प्रेरणाएं विषयक संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं महाअभिकर्ता सूर्यभान पांडेय, मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्र धर्म पत्रिका के निदेशक व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय सह प्रचार प्रमुख मनोजकांत व विशिष्ट अतिथि के रूप में निबंधक रेलवे क्लेसम ट्रिब्यूनल लखनऊ सिद्धार्थ वर्मा व अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ, अवधेश सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आईईटी कॉलेज के निदेशक प्रो. विनीत कंसल ने की।

मुख्य वक्ता मनोजकांत ने युवा, नवोन्मेष और राष्ट्र निर्माण पर अपने संबोधन में कहा कि युवा वही है जो राष्ट्र ने निर्माण की क्षमता रखता है और बिना विपरीत परिस्थिति के भय और चिंता के या विचार किए बिना लक्ष्य को प्राप्त करने की, सही मायने में युवा वही है जो व्यवस्थाओं में परिवर्तन करने पर विचार कर उसको प्रबलता प्रदान करता है। युवा वही है जो भय और बाधा को मुख मोड़ देने का साहस रखता हो।

मुख्य अतिथि सूर्यभान पांडेय ने कहा कि प्रो. यशवंत राव केलकर ऐसे प्राध्यापक थे जिन्होंने हमारी भारतीय संस्कृति में एकात्म मानव दर्शन का सिद्धांत अहम महत्व कहा है। उन्होंने कहा आज भले ही यशवंत राव केलकर जी जीवित रूप में नहीं हैं लेकिन उनके समर्पित जीवन को आदर्श मानते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जो उनके ही सिद्धांतों पर चल रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आईईटी कॉलेज के डायरेक्टर प्रो. विनीत कंसल ने कहा कि वास्तविक रूप में युवा वही है जो चरित्रवान हो। विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि युवा वही है जिसमें समाज का रिश्तेदार का सकारात्मक प्रभाव हो, वही सही मायने में भारत का प्रगतिशील युवा है, संसाधन के अभाव को बिना महसूस की अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहे वही युवा है। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का स्वागत लखनऊ महानगर की उपाध्यक्ष डॉ. यशदीप कौर व आभार ज्ञापन महानगर सह मंत्री अतिशय जैन एवं संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन कविता वर्मा ने किया।

कार्यक्रम में अभाविप अवध प्रांत की उपाध्यक्ष प्रो. मंजुला उपाध्याय, अवध प्रांत के शोध कार्य प्रमुख डॉ. जितेंद्र शुक्ला, प्रदेश मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई, विकास तिवारी, अमर प्रीत कौर, पुष्पा गौतम, सृष्टि सिंह, लक्ष्मी पांडेय, अदिति पाल, अभिषेक सिंह, अंकुर अवस्थी, श्रेयश मिश्रा, मुस्कान मिश्रा, अभय, अनुराग, रिशु चतुर्वेदी सहित तमाम छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) टोल-फ्री 1800 1800 5000 वेबसाइट "www.ldalucknow.in"

### -: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यवसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड / भवन / फ्लैट संख्या | योजना का नाम व सेक्टर / खण्ड | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 1. स्वर्गीय शम्भू नाथ | फ्लैट संख्या- PS-3/32/B-1 | पंचशील अपार्टमेन्ट, विकल्प खण्ड, गोमती नगर, योजना | 09.02.2022 | 1. श्रीमती फूला देवी | --- | पत्नी |
| 2. | स्व0 सुरेश प्रताप (मृतक) | भूखण्ड संख्या- बी-19 | सेक्टर-ई, अलीगंज योजना लखनऊ | 15.05.2025 | 1. श्रीमती सुशील चौहान | पंजीकृत वसीयत के आधार पर | पत्नी |
| 3. | रजनीश कुमार | भूखण्ड संख्या- 4 / 272 सेक्टर ओ, कानपुर रोड | मानसरोवर योजना | 05.02.2019 | रवीन्द्र कुमार ऊषा देवी | --- | पिता माता |
| 4. | स्व0 बीना देवी सोनी | भवन संख्या- ई-3 / 351 | विनय खण्ड गोमती नगर योजना | 01.12.1991 | श्रीमती मंजू सोनी | श्री गौरव सोनी श्री सौरभ सोनी | बहू, पौत्र, पौत्र |
| 5. | श्री अजय सिंह | भूखण्ड संख्या- E-33 | ट्रांसपोर्ट नगर | 05.10.2024 | श्री दिग्विजय सिंह | श्रीमती हेमलता वर्मा (मृतक की विवाहित पुत्री) श्री विजय सिंह (मृतक के पुत्र) | पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# लखनऊ में तड़तड़ाई गोलियां, चार घायल, दो गिरफ्तार



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र के मल्हौर इलाके में एमिटी यूनिवर्सिटी के पास बुधवार रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट और जमकर फायरिंग हुई। इस घटना में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालात को देखते हुए घटनास्थल पर पुलिस तैनात की गई है। पुलिस ने फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक, चिनहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मल्हौर निवासी जियाउल हक और सरताज हुसैन के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार देर रात इसी रंजिश के चलते दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ी और मामला हाथापाई में बदल गया। दोनों पक्षों के समर्थक भी मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते पथराव के बाद फायरिंग शुरू हो गई। फायरिंग में एक पक्ष के तीन सगे भाई सलमान, फैज और शाद (पुत्र जियाउल हक) को गोली लगी है। वहीं दूसरे पक्ष से सरताज हुसैन गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए तत्काल लोहिया संस्थान में भर्ती कराया है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें इलाके में फायरिंग और अफरा-तफरी का माहौल साफ देखा जा सकता है। पुलिस वीडियो की भी जांच कर रही है ताकि गोली चलाने वालों की पहचान की जा सके। आरोप है कि सरताज हुसैन की तरफ से अभय सिंह, अमित राय, संत अन्य लोगों ने फायरिंग की थी। घटना के बाद फॉरेंसिक टीम ने मौके से कारतूस के खोखे और अन्य साक्ष्य बरामद किए हैं। पुलिस ने पूरे इलाके में अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दी है, ताकि दोबारा कोई तनाव न फैले। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि इस फायरिंग में दोनों पक्षों के कई लोगों की भूमिका सामने आई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीबीडी थाना क्षेत्र के घुरू का पुरवा निवासी अभय सिंह पुत्र मेवालाल, मऊ जिले के सदर कोतवाली निजामुद्दीन पुरा भीटी निवासी अमित राय पुत्र अशोक राय को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। डीसीपी का कहना है कि आरोपियों के पास से एक लाइसेंसी रिवाल्वर, दो खोखा व एक स्कार्पियो गाड़ी बरामद हुई है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ऊसर जमीन पर कब्जा कर बना दिया मकान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी वाली कहावत सत्य साबित हो रही है। ग्राम पंचायत में दर्ज ऊसर की भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा करके उस जमीन पर कॉम्पलेक्स बना लिया, जब इससे भी जी नहीं भरा तो पड़ोस में विधवा की जमीन की तरफ दरवाजा लगा और बांस बल्ली गाड़कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी शिकायत महिला ने अधिकारियों से की है।

मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के अटौरा गांव की रहने वाली विधवा कृष्णावती पत्नी स्व० कृष्णपाल ने उप जिलाधिकारी मलिहाबाद को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि भूमि गाटा संख्या 107 आबादी की जमीन है उसका मकान हुआ है, जिसकी घरौनी भी उसके पास है, बारिश की वजह से मकान गिर गया था। इसी गाटा संख्या से सटे गाटा संख्या 106ख जो उसर में दर्ज है जिसमें करीब आधा बिस्वा जमीन पर हमारा कब्जा 30 वर्षों से चला आ रहा है, जिस पर घूरा डालते हैं और जानवर बांध देते हैं। जिसका वाद एसडीएम न्यायालय मलिहाबाद में 167क के तहत विचाराधीन है। लेकिन गाटा संख्या 106ख पर समाजवादी पार्टी से जिला पंचायत सदस्य पार्वती के पति (प्रतिनिधि) विजय कुमार ने ऊसर में दर्ज भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर कॉम्पलेक्स बना लिया है। जिसकी शिकायत थाना व एसडीएम के साथ साथ मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076 पर दर्ज कराई जा चुकी है हेल्प लाइन शिकायत संख्या 92515700070423 है। पीड़िता ना बताया कि शिकायत के बाद बुधवार को क्षेत्रीय लेखपाल अविनाश चंद्र ओझा मौके पर जाकर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय कुमार को बुलाकर मौके की जांच की जिसमें इस बात की पुष्टि हुई कि ऊसर की ही जमीन पर विजय कुमार पुत्र भूपति द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर अवैध निर्माण कराया है। महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि क्षेत्रीय दरोगा सैय्याद हुसैन खान मेरी जमीन पर कब्जा कराने में मेरे विपक्षी विजय कुमार को संरक्षण दे रहे हैं। इस सम्बन्ध में तहसीलदार मलिहाबाद के सीयूजी नंबर पर बात करने के लिए फोन मिलाया लेकिन उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

## सपा सरकार बनने पर छात्रसंघ के खुलेंगे ताले : फखरूल हसन चांद



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के छात्रसंघ भवन पर कांशीराम की पुण्यतिथि और स्व. मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या के अवसर पर नेताजी मुलायम सिंह यादव और मान्यवर कांशीराम के सपनों का भारत एवं सामाजिक न्याय की परिकल्पना पर संगोष्ठी एवं पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संगोष्ठी का आयोजन लविवि के छात्र प्रभात राज एवं अक्षत पाण्डेय और संचालन प्रेम प्रकाश ने किया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्यवक्ता हिंदी विभाग की प्रो. रीता चौधरी ने कहा कि मान्यवर कांशीराम और श्रद्धेय नेताजी के सपनों का भारत अतीत में मनुस्मृति द्वारा लागू की गई वर्ण व्यवस्था के खात्मे और सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक बराबरी पर आधारित है। सपा महानगर के पूर्व अध्यक्ष मुकेश शुक्ला ने लविवि से नेताजी की जुड़ी यादों को साझा किया। क्रिश्चियन कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता फखरूल हसन चांद ने संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि नेताजी और कांशीराम जी ने हमेशा गांव-गरीब, दलित-पिछड़ा और अल्पसंख्यक के हक अधिकार के लिए आवाज बुलंद की तथा श्रद्धेय नेताजी ने सदैव छात्रसंघों के माध्यम से वंचित तबके के नौजवानों को राजनीति की मुख्यधारा में लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर पूरे प्रदेश में छात्रसंघों पर पड़े तालों को खोल दिया जायेगा। समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दोनों महान नेताओं ने कभी भी सांप्रदायिक और फिरकापरस्त ताकतों से समझौता नहीं किया और आजीवन स्वाभिमान, सम्मान और सबकी बराबरी के लिए दलित, वंचित, शोषित समाज को राजनीतिक शक्ति के रूप में एकजुट करने का महान ऐतिहासिक कार्य किया।

## मोबाइल फोन और लैपटॉप चोरी

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीबीएयू के छात्र के कमरे से मोबाइल फोन और लैपटॉप चोरी हो गया। बिजनौर थाना क्षेत्र के सीमा सिटी निवासी विनीत कुमार का कहना है कि वह किराये के मकान में रहकर बीबीएयू में पढ़ाई कर रहा है। पीडित का कहना है कि 27 सितंबर को सुबह 3 से 6 की बीच अपने साथी आनंद कुमार के साथ कमरे पर थे। पीड़ित का कहना है कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके कमरे से लैपटॉप और मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया।

**सूचना**

सूचित हो कि रीना कुमारी व रीना प्रजापति दोनों मेरे ही नाम है। मुझे रीना कुमारी नाम से जाना व पहचाना जाता है। मेरे पति का नाम कुछ दस्तावेजों में राधे श्याम व कुछ दस्तावेजों में राधे श्याम प्रजापति दर्ज है। दोनों मेरे पति के नाम हैं। मेरे पति को राधे श्याम नाम से जाना व पहचाना जाता है। **रीना कुमारी पत्नी राधे श्याम नि.- 363/041, एन हसनगंज, बावली, नवीनगर, सआदतगंज, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरी नाबालिग पुत्री के पासपोर्ट संख्या K-0542524 मे नाम JESSICA GAUTAM त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जोकि गलत है। शौक्षिक अभिलेखो मे सही नाम JESSICA GRACE है। भविष्य मे मेरी पुत्री को JESSICA GRACE के नाम से जाना व पहचाना जाये। राजेश कुमार गौतम पुत्र स्वः टीकाराम निवासी-ग्राम चन्दौली, मजरे पारा खंदौली, थाना जंहागीराबाद, बाराबंकी।

**सूचना**

मेरी पुत्री इल्मायरा (Ilmayra) व हबीबा शेख (Habiba Shaikh) के स्कूली दस्तावेजों में त्रुटिवश पिता नाम तबरेज शमशुद्दीन (Tabrez Shamshuddin) व माता का नाम जेबा तबरेज (Zeba Tabrez) अंकित है जबकि पिता का सही नाम तबरेज समसुद्दीन (Tabrej Samsuddin) व माता का सही नाम जेबा तबरेज (Zeba Tabrej) है जो उनके आधार कार्ड में अंकित है। पुत्री में स्कूली दस्तावेजों में माता-पिता का सही नाम ही दर्ज किया जाये। **तबरेज समसुद्दीन पुत्र स्व. हसीब उद्दीन नि.- 431/920, कैम्पवेल रोड, मोमिन नगर, लखनऊ।**

## सीबीसीआईडी के सेवानिवृत्त कर्मचारी के खाते से 492500 रुपये गायब

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में सीबीसीआईडी के उपनिरीक्षक पद से सेवांवित हुए कर्मचारी के खाते से 492500 रुपये गायब हो गए। बिजनौर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद खालसा निवासी सच्चिदानंद मिश्रा का कहना है कि वह 25 सितंबर को बैद्यनाथ नैनी की वेबसाइट को गूगल पर सर्च करके मोबाइल नंबर से सांस की दवा का ऑर्डर करने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराये थे।

पीड़ित का कहना है कि रजिस्ट्रेशन करने के लिए 10 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने के लिए कहा गया। वह बताये कि ऑनलाइन नहीं जानते हैं तो उनसे उनका खाता नंबर और एटीएम की लास्ट के तीन नंबर दर्ज करने के लिए कहा गया। पीड़ित का कहना है कि वह अपना खाता नंबर और एटीएम नंबर भेज दिये और उनसे कहा गया कि कोई मैसेज मोबाइल पर आया कि नहीं तो वह बताये कि सिर्फ ओटीपी आई है तो उन्हें बताया गया कि ओटीपी की कोई जरूरत नहीं है आप उसको डिलीट कर दो और पीड़ित ने उसको डिलीट कर दिया।




पीड़ित का कहना है कि दूसरे दिन जब उनके बेटे ने व्हाट्सएप पर कॉल किया तो उसने मोबाइल नंबर मांगा। जब मोबाइल नंबर नहीं मिला तो उन्हें शंका हुई कि उनके साथ फ्रॉड हो रहा है। फोन पर उनसे कहा गया कि उनके अकाउंट से एक लाख 20 हजार रुपये आ गए हैं और प्रक्रिया के बाद पूरी हो जाएगी। पीड़ित का कहना है कि इसके बाद वह अपने बैंक गए और अकाउंट चेक कराए तो बैंक मैनेजर ने बताया कि उनके अकाउंट से कोई पैसा नहीं गया हुआ है और खाते में 12 लाख 35 हजार 436 रुपये मौजूद हैं। पीड़ित का कहना है कि वह इसकी शिकायत साइबर सेल हजरतगंज ऑफिस गये तो वहां भी उन्हें बताया गया है कि कोई मैसेज या खाते से पैसा नहीं कटा हुआ। इसलिए शिकायत नहीं दर्ज की जा सकती है। पीड़ित का कहना है कि दूसरे दिन फिर वह बैंक गए और अपने खाते से 50 हजार रुपये निकाल कर वह एटीएम मशीन में प्रिंट करने के लिए पासबुक लगाए तो उनके खाते से 492500 रुपये निकल गये थे। पीड़ित ने यह बात ब्रांच मैनेजर को बताई। जब बैंक मैनेजर ने देखा तो ट्रांजैक्शन से निकलने की पुष्टि किया। पीड़ित का कहना है कि वह इसकी शिकायत साइबर क्राइम हजरतगंज में भी दर्ज कराई। पीडित ने इसकी शिकायत बिजनौर थाने में दर्ज कारई कबिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## बसपा रैली में आये बुजुर्ग की हालत बिगड़ी, मौत

लखनऊ। गुरुवार सुबह बसपा पार्टी की रैली में सम्मिलित होने जनपद आगरा से लखनऊ आए एक बुजुर्ग की बस में ही अचानक से तबियत बिगड़ गई जिसे साथियों ने इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मानक नगर पुलिस बुजुर्ग के परिजनों को सूचना दे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि आगरा जनपद के थाना किरावली से 60 वर्षीय राम प्रसाद अपने साथियों के साथ बस से बसपा की कांशी राम स्मारक स्थल पर आयोजित रैली में सम्मिलित होने अपने साथियों संग आया था। उस दौरान बस में अचानक से उनकी हालत बिगड़ गई। जिसे उसके साथियों ने मदद से इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया था जहां डॉक्टरों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया था। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर अश्लील फोटो अपलोड की

**लखनऊ।** एआई की मदद से युवती के बनाए आपत्तिजनक फोटो 10 से अधिक फर्जी अकाउंट बनाकर कर रहा था युवतियों को बदनाम इंस्टाग्राम पर दी खुली चुनौती, दो बदमाश गिरफ्तार मोहनलालगंज। संवाददाता मामूली विवाद का बदला लेने के लिए दोस्त की बहन की फोटो इंस्टाग्राम से अपलोड कर फर्जी अकाउंट बना लिया। फिर लोगों को रिक्वेस्ट भेज कर अश्लील चैट करने के साथ एआई की मदद से युवती की आपत्तिजनक फोटो बनाकर अपलोड करने लगा। पुलिस से शिकायत होने के बाद युवती के परिजनों को खुली चुनौती देने लगा। पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोच लिया। भौंदरी में रहने वाली युवती के भाई ने एसीपी रजनीश वर्मा से शिकायत की उसकी बहन के नाम की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर कोई लोगों को अश्लील मैसेज करने के साथ उसकी बहन की आपत्तिजनक फोटो अपलोड कर रहा है। पुलिस ने बुलाया तो दिया चकमा युवती के परिजनों की आशंका पर पुलिस ने अहमदखेड़ा में रहने वाले आरोपी सूरज को कुछ दिन पहले पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया। पुलिस ने जांच के लिए उसका मोबाइल फोन जमा करवा लिया। आरोपी कोतवाली में था और उसका मोबाइल फोन पुलिस के पास था उसी समय फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट से परिजनों को शिकायत करने पर गालियां देने के साथ पकड़ न पाने की चुनौती भरे मैसेज आने लगे। जिससे पुलिस व परिजनों को विश्वास हो गया कि हिरासत में लिए गए युवक की करतूत नहीं है।

## शहीदी पर्व : जागृति यात्रा पटना साहिब से पहुंची लखनऊ



**लखनऊ।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 वें शहीदी पर्व के अवसर पर तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब द्वारा जागृति यात्रा पटना साहिब से चलकर कई प्रदेशों में होती हुई कानपुर के रास्ते देर शाम लखनऊ पहुंची। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि जागृति यात्रा का लखनऊ पहुंचने पर डॉ गुरमीत सिंह एवं उनके सहयोगियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया गुरुद्वारा सरोजिनी नगर के द्वारा साईं लान में लंगर का इंतजाम किया गया था जहां से यात्रा ट्रांसपोर्ट नगर, कृष्णा नगर, सिंगार नगर, पटेल नगर, सदर होते हुए नाका गुरुद्वारा से होते हुए देर रात गुरुद्वारा यहियागंज पहुंची। इस यात्रा में पुरातन शस्त्र एवं ऐतिहासिक निशानियां भी मौजूद हैं। यात्रा रात गुरुद्वारा यहियागंज में रुक कर 10 अक्टूबर को प्रातः 10:00 बजे सीतापुर के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर गुरुद्वारा यहियागंज में विशेष समागम हुए। लखनऊ पहुंचने पर जगह-जगह यात्रा यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा के लखनऊ पहुंचने पर डॉक्टर गुरमीत सिंह अमरजोत सिंह गुलशन जोहर अजीत सिंह मल्होत्रा सतनाम सिंह सेठी जसप्रीत सिंह सलूजा एवं सहयोगियों एवं लखनऊ के समस्त गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादारों द्वारा स्वागत किया गया।

## सरोजनीनगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ पुलिस आयुक्त के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत, पुलिस आयुक्त लखनऊ के निर्देशन में, पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल एवं अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी रल्लापल्ली बसंथ कुमार के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर विकास कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना सरोजनीनगर पुलिस टीम ने थाना कृष्णानगर में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में शामिल एक अपराधी को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना कृष्णानगर में कुख्यात गैंग लीडर हर्षित सिंह पुत्र बलविन्दर सिंह निवासी 20/18 काशीराम कालोनी सदरौना थाना पारा मूल पता आई-129 जीबीजी कालोनी मल्टीस्टोरी आलमबाग लखनऊ व गैंग सदस्य राजू उर्फ राजू कुमार निषाद पुत्र संजय निषाद निवासी- 99/9 सदौना कालोनी काशीराम फेज 2 थाना पारा जनपद लखनऊ मूल निवासी 2/9 आश्रयहीन कालोनी चुन्नूखेड़ा पारा मानकनगर लखनऊ उम्र करीब 22 वर्ष विभिन्न प्रकार के अपराध किये जा रहे थे। थाना कृष्णानगर में यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया। मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक सरोजनीनगर द्वारा की जा रही थी। जिसके दौरान गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर एटीएस कट से अभियुक्त राजू उर्फ राजू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## रिकवरी एजेंटों ने की कार जब्त, लगा लूट का आरोप

लखनऊ। पकरी पुल पर गुरुवार सुबह दो बाईकों पर सवार चार एजेंटों ने किस्तें बकाया होने पर एक चारपहिया वाहन सवार को ओवरटेक कर रोक लिया और गाड़ी से उतार उसकी गाड़ी जब्त कर लिया। वही पीड़ित वाहन चालक ने रिकवरी एजेन्टों पर लूट का आरोप लगा गाड़ी नंबर आधार पर लिखित शिकायत की है। मिली जानकारी के अनुसार अमीनाबाद निवासी सर्वज्ञ सोनकर पुत्र अरविंद सोनकर की मानें तो गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे वह अपनी आर्टिका कार से पकरीपुल के रास्ते अपनी निजी कार से जा रहे थे। उस दौरान दो बाइक पर सवार चार युवकों ने उसकी कार को ओवरटेक कर रास्ता रोक लिया और असलहे के दम पर उससे एक तोले की चेन, घड़ी और उसकी कार छीनकर ले चले गए जिसकी सूचना पीड़ित ने पुलिस को कंट्रेल नंबर पर दे अपने परिजनों को घटना की जानकारी दे स्थानीय आशियाना थाने में पहुंच बाइक नंबर आधार पर आरोपित रिकवरी एजेन्टों के खिलाफ शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि कार किस्तें बकाया है जिसपर रिकवरी एजेंटों ने गाड़ी को रोक कार जब्त कर लिया है। लुट के आरोप की जांच कर विधिक कार्रवाई किया जाएगा।

## अवैध तलाब पर पार्षद करा रहे कार्य हो रहा विरोध

**लखनऊ।** सरोजनीनगर क्षेत्र के बँधवा तालाब का मामला फिर तुल पकड़ रहा है। आप को बता दें यहां के निवासी सुरेंद्र रावत ने यहां आरोप लगाया है कि यह जमीन मेरे नाम एग्रीमेंट पर है। इसकी पैमाइश के लिए हमने नगर निगम सरोजनी नगर तहसील १२ के माध्यम से प्रार्थना पत्र दिया है।

## संकष्टी चतुर्थी व्रत आज, होगी गणेश जी की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। हर महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। यह व्रत विघ्नहर्ता भगवान गणेश को समर्पित है। इस दिन श्रद्धा और भक्ति भाव से गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना करने से जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं। मान्यता है कि जो भी व्यक्ति संकष्टी चतुर्थी के दिन पूरे नियम और विधि-विधान से व्रत रखता है, उसे मनचाहा फल अवश्य मिलता है। साथ ही उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन भी आते हैं। पंचांग के आधार पर देखा जाए तो वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी यानि कार्तिक कृष्ण चतुर्थी ति?थि 9 अक्टूबर दिन गुरुवार को रात में 10 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी. इस तिथि का समापन 10 अक्टूबर दिन शुक्रवार को शाम 7 बजकर 38 मिनट पर होगा. उदया ?तिथि को देखते हुए वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी 10 अक्टूबर शुक्रवार को है।

**सिद्धि योग में वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी:** इस बार वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी पर सिद्धि योग बन रहा है। उस दिन सिद्धि योग व्रत के दिन प्रातःकाल से लेकर शाम को 5 बजकर 41 मिनट तक है। उसके बाद से व्यतीपात योग बनेगा. व्रत पर कृत्तिका नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर शाम 05 बजकर 31 मिनट तक है, उसके बाद रोहिणी नक्षत्र है।

**वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी पर चंद्रोदय:** दिनभर व्रत रखने के बाद शाम के समय में चंद्रमा की पूजा करके अर्घ्य देते हैं. वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी के दिन चंद्रोदय रात 08:13 पी एम पर है। इस समय चंद्र देव को कच्चे दूध में पानी, अक्षत, फूल डालकर अर्पित करते हैं। उसके बाद पारण किया जाता है।

**वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी का राहुकाल:** इस व्रत के दिन राहुकाल सुबह में 10 बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 08 मिनट तक है। राहुकाल के समय में आपको कोई शुभ कार्य नहीं करना चाहिए।

**संकष्टी चतुर्थी का महत्व:** संकष्टी चतुर्थी यानि संकटों को नष्ट करने वाली चतुर्थी. संकष्टी चतुर्थी के दिन व्रत रखने और गणेश पूजा करने से कष्ट मिटते हैं और संकट दूर होते हैं. गणेश जी की कृपा से कार्य सफल होंगे और मनोकामनाएं पूरी होंगी।

**पूजा विधि:** संकष्टी चतुर्थी के दिन एक साफ चौकी पर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करें। अब गणेश जी को वस्त्र अर्पित करें और उन्हें तिलक लगाएं। इसके बाद प्रभु को दूर्वा चढ़ाएं, इससे वह प्रसन्न होते हैं अब घी का दीपक जलाएं और प्रभु को फूल माला पहनाएं। अब मोदक या बेसन के लड्डू का भोग लगाएं। गणेश चालीसा का पाठ करें। अंत में गणेश जी की आरती करें और पूजा में हुई भूल की क्षमा मांगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोहनीखोजगीपुर, वि.ख.- दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-09.10.2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- रोहनीखोजगीपुर, विकासखंड-दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 में प्राप्त होने वाली धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरे आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 10.10.2025 से दिनांक- 17.10.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- रोहनीखोजगीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 17.10.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरे पीडब्ल्यूडी की दरे से अधिक नहीं होनी चाहिए।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | वंशराज के घर से पूरब सदाराम के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। माप- 55 मीटर। | 2.18 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्तें मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होंगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- रोहनीखोजगीपुर, वि.ख.-दोस्तपुर**
**जनपद-सुलतानपुर।**

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी**

संख्या -706/आबकारी/अपील/चेता./2025-26/बाराबंकी/ दिनांक : 08.10.2025

**अपील/चेतावनी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों/स्थानों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से ऑखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल जनहित में जनपद के जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी-9454465638, आबकारी निरीक्षक, नवाबगंज-9454466232, आबकारी निरीक्षक, रामसनेही घाट-9454466232, आबकारी निरीक्षक, हैदरगढ़-9454466234, आबकारी निरीक्षक, फतेहपुर-9454466235, आबकारी निरीक्षक, सिरौली गौसपुर-7017569578, आबकारी निरीक्षक, रामनगर-7303337393, पर सूचना देने का कष्ट करें। अवैध मद्य निष्कर्षण से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिये प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर-14405 तथा व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर भी दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा ।

**(कुलदीप दिनकर)**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**बाराबंकी**

**(शंशांक त्रिपाठी)**
**जिलाधिकारी**
**बाराबंकी**



करवाचौथ के लिए खरीदारी करती महिलाएं



व्रत से पहले मेहंदी लगवाती महिला



ज्वैलरी शॉप पर खरीदारी करतीं महिलाएं

फोटो- अमित वर्मा

# करवाचौथ आज, सुहाग की लम्बी उम्र की दुआ करेंगी सुहागिनें



## करवाचौथ का शुभ मुहूर्त

**वैदिक पंचांग के अनुसार कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरूआत 09 अक्तूबर 2025, गुरुवार को रात 10 बजकर 54 मिनट पर हो रही है और इसका समापन 10 अक्तूबर 2025, शुक्रवार को शाम 07 बजकर 38 मिनट पर होगा। चूंकि चतुर्थी तिथि का सूर्योदय 10 अक्तूबर को होगा, इसलिए उदया तिथि के अनुसार करवा चौथ का व्रत शुक्रवार, 10 अक्तूबर 2025 को ही रखा जाएगा।**

- **पूजा का शुभ मुहूर्त : शाम 05:57 बजे से शाम 07:11 बजे तक**
- **चंद्रोदय का समय: रात लगभग 08:13 बजे**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुहाग की लम्बी उम्र की दुआ...जन्म-जन्मांतर के साथ की कामना...सुख-समृद्धि की आस मन में लिए 10 अक्टूबर शुक्रवार को सुहागनें अन्न-जल त्यागकर करवाचौथ का व्रत करेंगी। धार्मिक मान्यताओं, परम्पराओं से जुड़ा यह त्योहार अहसासों के साथ भी जुड़ा होता है। शादी को चाहे एक साल हुआ हो या कई बसंत बीत गए हों, इस दिन दुल्हन की तरह सजने की कामना हर सुहागन की होती है। जो महिलाएं इस दिन व्रत रखकर चन्द्रमा को अर्घ्य देंगी उनकी मनोकामनाएं जरूर पूरी होंगी। साथ ही वैवाहिक जीवन में सुख बना रहेगा। मान्यता है कि करवा चौथ के दिन मां गौरी और भगवान शिव के साथ गणेश भगवान का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**चन्द्र दर्शन व अर्घ्य देकर पूर्ण होता है व्रत:** सुहागिन महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए करवा चौथ का व्रत करती हैं। इस दिन महिलाएं सुबह स्नान-ध्यान कर सुख सौभाग्य का संकल्प करते हुए व्रत रखती हैं। महिलाएं मेहंदी, सिंदूर, मंगलसूत्र, चूड़ियां, बिंदी, बिछिया के साथ शादी का जोड़ा या लहंगा पहन कर सोलह श्रृंगार करती हैं। शाम को शिव, गौरी, गणेश जी का पूजना और करवा चौथ की कथा सुनती हैं। चन्द्रोदय के बाद चन्द्रमा का दर्शन पूजन कर अर्घ्य देकर पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत पूर्ण करती हैं।

**करवा चौथ व्रत पूजा सामग्री:** मिट्टी का टोंटीदार करवा, ढक्कन के साथ, शिव-पार्वती और भगवान गणेश की एक फोटो, करवाचौथ व्रत कथा की किताब, दीपक और घी में भीगी बाती, गौरी बनाने मिट्टी या गाय का गोबर, गेंहू, पानी का लोटा, लकड़ी का आसन या पटा, आटा छानने वाली छलनी, कच्चा दूध, कुमकुम, अगरबत्ती, फल-फूल, शहद, शुद्ध घी, दही, गंगाजल, चावल, मिठाई, लाल सिंदूर, महावर रंग, कंघी।

**सरगी से होती है करवा चौथ व्रत की शुरूआत :** करवा चौथ व्रत की शुरूआत हमेशा सरगी खाने से की जाती है, जो सूर्योदय से लगभग दो घंटे पहले तक खाई जाती है। व्रत शुरू होने से पहले सास अपनी बहू को उपहार देती है। यदि सास न हो तो घर की बड़ी महिला या ननद भी सरगी दे सकती है। सरगी की थाल में कुमकुम, बिंदी, मेहंदी, साड़ी, सिंदूर, बिछिया, सूखे मेवे, मिठाई, ताजे फल, शगुन मनी आदि शामिल होते हैं।

## सोलह श्रृंगार के बिना अधूरा है करवा चौथ का व्रत

**लखनऊ।** पंचांग के अनुसार, हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का पर्व देशभर में बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस बार करवाचौथ व्रत 10 अक्टूबर को है। इस दिन सुहागिन महिलाएं वैवाहिक जीवन को खुशहाल बनाए रखने के लिए विशेष श्रृंगार कर निर्जला व्रत करती हैं। इससे पति को लंबी आयु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं, अविवाहित लड़कियां भी शीघ्र शादी के लिए व्रत रखती हैं। इससे उन्हें मनचाहा जीवनसाथी मिलता है। करवा चौथ के दिन सुहागिन महिलाओं के लिए सोलह श्रृंगार का विशेष महत्व है।

**सोलह श्रृंगार का धार्मिक महत्व:** सिंदूर- सोलह श्रृंगार में सबसे महत्वपूर्ण सिंदूर को माना जाता है। मान्यता है कि सिंदूर लगाने से पति की आयु लंबी होती है।

**मांगटीका**- यह सोना या फिर किसी अन्य का धातु बना होता है। इसे महिलाएं बालों के बीच माथे पर लगाती हैं।

**बिंदी**- सनातन धर्म में लाल बिंदी को वैवाहिक रिश्ते के प्रति समर्पण का प्रतीक माना जाता है। इसे माथे पर लगाया जाता है।

**गजरा**- यह फूलों से बना होता है। इसे बालों के जूड़े और चोटी में पहना जाता है।

**काजल**- आंखों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए महिलाएं काजल लगाती हैं। इससे बुरी नजर से बचाव होता है।

**नथ** - नथ को सुहाग की निशानी माना जाता है। इसे किसी शुभ अवसर पर पहना जाता है।

**कुंडल**- यह सोने और चांदी या फिर अन्य किसी धातु के बने होते हैं। इससे महिलाओं की सुंदरता बढ़ती है।

**मंगल सूत्र**- श्रृंगार में मंगलसूत्र को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे सुहाग की निशानी माना जाता है।

**बाजूबंद**- बाजूबंद को ऊपरी बांह पर पहना जाता है। यह मोती या हीरे से बना होता है।

**बिछुआ**- इसे पैरों की उंगलियों में पहना जाता है। यह भी सुहाग का प्रतीक है।

**चूड़ियां**- सुहागिन महिलाओं के द्वारा चूड़ियों को पहनने से हाथों की शोभा बढ़ती है।

**मेहंदी**- इसे हाथों और पैरों की खूबसूरती निखारने के लिए लगाया जाता है।

**अंगूठी**- शादी के दौरान वर-वधू एक-दूसरे को अंगूठी पहनाते हैं।

**आलता**- यह लाल रंग का तरल पदार्थ होता है, जिसे सुहागिन महिलाएं पैरों और हाथों पर लगाती हैं। इससे हाथ और पैरों की चमक बढ़ती है।

**कमरबंद**- कमर के चारों तरफ पहना जाने वाला एक सजावटी बेल्ट को कमरबंद कहा जाता है। यह सोना, चांदी या फिर अन्य धातु का बना होता है।

**पायल**- इसे दोनों पैरों में पहना जाता है। इसे हिन्दू धर्म में महिलाओं का प्रमुख श्रृंगार माना जाता है।



## महिलाओं ने सजने-संवरने के साथ लगवाई मेहंदी, बाजारों में रही भीड़







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में करवाचौथ की प्लानिंग जोरों पर है। बजारों में रौनक है। जगह-जगह दुकानें सज गई हैं। महिलाएं किसी भी मामले में पीछे नहीं रहना चाहती हैं। शायद इसीलिए अभी से हाथों में मेहंदी सजानी शुरू कर दी है। बताते चलें कि करवाचौथ महिलाओं का सबसे अहम और मुख्य त्यौहारों में से एक है। इसके लिए बाजार गुलजार हो गए हैं।

चारों ओर रौनक है। कोई मेंहदी लगवा रहा है तो कोई पार्लर में मेकअप करवा रहा है। वहीं, करवा पूजा के लिए बाजारों में पूजा के लिए चूरा-गट्टा, खील-खिलौना, सजे हुए मिट्टी के करवा और सीकों की दुकानें सज गई हैं। करवाचौथ के लिए श्रृंगार का सामान जैसे चूड़ी, कंगना तो कोई करवा के साथ करवा कहानी के पोस्टर खरीद रहा है। शुक्रवार 10 अक्टूबर को करवाचौथ का व्रत रखा जायेगा।

**देर रात तक सुहागिनों ने लगवायी मेहंदी :** गुरुवार को मेहंदी लगवाने का दौर शुरू हो गया। सुहागिने अपने हाथों में मन पसंद मेंहदी लगवा रही थी। वहीं कई महिलाएं मेंहदी लगवाने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रही थी। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस बार मेंहदी में बेल 50,100, 200 रुपए में लगाया जा रहा है। वहीं भरा हाथ 300 से 500 रुपए तक लग रहा है। वहीं शनिवार को पार्लर में भी काफी भीड़ रही कई सुहागनों से करवा चौथ के दिन सजने के लिए पार्लरों में बुकिंग भी करवाई है।

**बाजारों में मेहंदी लगवाने का दिखा क्रेज :** करवाचौथ पर मेहंदी का क्रेज सबसे ज्यादा रहता है। मार्केट में मेहंदीवाले अपनी दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। महिलाओं को जहां विभिन्न डिजाइन पसंद आ रही हैं वहीं महिलाएं हाथ-पैरों में मेहंदी लगवा रही हैं।

इसमें राजस्थानी, डिजाइनर बूटें, पोर्ट्रेट, फुल हैंड, अरेबिक स्टाइल आदि की डिमांड सबसे ज्यादा। इनकी शुरूआत डिजाइन के अनुसार 500 रुपये से लेकर हजारों में है। इसके अलावा, महिलाओं द्वारा करवाचौथ पर सजने के लिए मेकअप आर्टिस्ट समेत ब्यूटी पार्लर भी बुक कर हैं, जिसको लेकर लंबी वेटिंग भी चल रही है। ब्यूटीशियन मनीषा सिंह के मुताबिक, महिलाओं में बेसिक, एयर ब्रश और एचडी मेकअप की डिमांड सबसे ज्यादा बनी हुई है। इसमें फेशियल, मैनिक्योर.पैडीक्योर आदि भी शामिल है। इसकी शुरूआत दो हजार रुपए से होती है, जो पैकेज के अनुसार बढ़ती जाती है।

**नवविवाहिताएं कर रहीं लाल रंग की चूड़ियां पसंद:** :नवविवाहिताएं लाल रंग की चूड़ियां ज्यादा पसंद कर रही हैं। सिंपल व प्लेन लाल रंग की चूड़ियां 40 रुपये दर्जन से लेकर 100 रुपये दर्जन तक बाजार में मिल रही हैं। 50 रुपये से लेकर 500 रुपये तक का कंगन बाजार में मिल रहा है। सुहागिनें करवाचौथ ंतअं बींनजी पर सुहागिन बुजुर्ग महिलाओं को उपहार स्वरूप श्रंगार का सामान व चूड़ी भेंट करती हैं, उनको दिए जाने वाले इस उपहार की खरीदारी के लिए हर रेंज में सौदर्य प्रसाधन उत्पादन व चूड़ियां उपलब्ध हैं।

**डिजायनर गहनों की खूब रही डिमांड:** करवाचौथ को लेकर इस बार आभूषणों की दुकानों में शानदार और लेटेस्ट डिजाइनों के कलेक्शन युवा जोड़ों में काफी डिमांड में है। आभूषणों में ब्राइडल गोल्ड टेंपल ज्वेलरी, कुंदन ज्वैलरी, पोलकी, डायमंड व सिल्वर कलेक्शन खूब पसंद किया जा रहा है। सोने की घड़ी, ब्रोच, ब्रेसलेट की भी जमकर खरीदारी हो रही है। 20 से 40 वर्ष की आयु वाली महिलाएं आक्सीडाइज्ड सिल्वर ज्वेलरी और लाइट वेट पोलकी ज्वेलरी पसंद कर रही हैं। वहीं पुरुष इटेलियल ब्रेसलेट एंड चेन पसंद कर रहे हैं।

**डिजाइनर थाली पहली पसंद:** बाजार में कढ़ाई वाली साड़ियों को काफी पसंद किया जा रहा है । करवाचौथ में इस बार डिजाइनर थाली महिलाओं को लुभा रही है। थालियों की कीमत दो सौ से लेकर साढ़े सात सौ रुपये तक है। लाल रंग के वेलवेट पेपर से सजी थाली में तांबे का लोटा, दीपक और धूप.अगरबत्ती स्टैंड बना हुआ है। इसके अलावा मिट्टी के करवे एवं दीयों को भी नया लुक दिया गया है।

**खूब बिके मिट्टी के करवा:** इस पर्व पर सबसे महत्वपूर्ण करवा होता है, जिसके बिना व्रत पूर्ण नहीं माना जाता। मार्केट में मिट्टी के डिजाइनर व कलरफुल करवा आये हैं, जो देखने में बेहद आकर्षक लग रहे है। इनकी शुरूआत 50 रुपये से 150 रुपये तक है। हालांकि, महंगाई के चलते करवा के दामों में 20 फीसदी से अधिक का इजाफा हुआ है। वहीं, मार्केट में विशेष डिमांड पर चांदी-सोना के भी करवा मिल रहा है। इनका दाम वजन व डिजाइन के अनुसार है।

**डेढ़ लाख तक बिका सोने-चांदी का करवा:** लखनऊ में करवाचौथ को लेकर अमीनाबाद, चौक सहित शहर के अधिकांश बाजार दुल्हन की तरह सज चुके हैं। इस बार चांदी के चुरू, बिकानेरी, कोलकाता के साथ लखनवी डिजाइन के करवे सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। इनकी कीमत 08 हजार से 1.50 लाख रुपये तक है।

इनका मुख्य आकर्षण इनपर हुई खूबसूरत डिजाइन है। इसके अलावा कोल्हापुरी और बनारसी करवे की मांग भी अधिक है। सोने के करवे अमूमन 01 लाख रुपये से ऊपर के हैं। हालांकि सोने की पानी चढ़ाई हुई करवे की कई रेंज उपलब्ध है। इंदिरा नगर के सराफा कारोबारी राघव रस्तोगी ने बताया कि 3.50 किलो चांदी का करवा सवा तीन लाख रुपये का है। इसमें दक्षिण भारत के मंदिरों की नक्काशी की गई है। लखनऊवा करवा 100-500 ग्राम तक उपलब्ध है। ये चांदी के पत्तर पर बना होता है।

# पत्तचित, मिनिएचर पेंटिंग, जामदानी पटोला के साथ दिखेगी पारंपरिक हस्तकला की चमक



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ग्रामश्री संस्था की शाखा क्राफ्टरूट्स की ओर से 10 अक्टूबर से सफेद बारादरी में हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के करकमलों द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी 14 अक्टूबर तक चलेगी और प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में ग्रामश्री संस्था की प्रमुख अनारा पटेल ने जानकारी दी कि क्राफ्टरूट्स 2008 से भारत की पारंपरिक और सांस्कृतिक कलाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ कई पीढ़ियों से हस्तकलाओं को संजोए कारीगरों को विश्व स्तर पर मंच प्रदान कर रही है। संस्था का उद्देश्य लोगों में हस्तकला के प्रति जागरूकता बढ़ाना और देश की लोक कलाओं को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। अब तक क्राफ्टरूट्स द्वारा भारत के विभिन्न मेट्रो शहरों सहित दुबई, अमेरिका और सिंगापुर जैसे देशों में 77 प्रदर्शनी आयोजित की जा चुकी हैं। संस्था 35 हजार से अधिक कारीगरों से जुड़ी हुई है। प्रेसवार्ता में संस्था की ट्रस्टी लीनाबेन रावल, पश्चिम बंगाल के चित्रकार प्रबीर , परेश कोचरेकर और मध्यप्रदेश के कारीगर अमित चौरे ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस बार लखनऊ की सफेद बारादरी कैसरबाग में आयोजित प्रदर्शनी में भारत के 22 राज्यों के 100 से अधिक कारीगरों की भागीदारी होगी। प्रदर्शनी में पट्टचित्र ( ओडिशा ), लाख की चूड़ियां (राजस्थान), कांच की कलाकृतियां ( उत्तर प्रदेश ) और मिनिएचर पेंटिंग ( राजस्थान ) जैसी पारंपरिक कलाओं का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी किया जाएगा।

# कवि और समीक्षक का द्वन्द्व बहुत पुराना है : दीक्षित

- **श्रीनारायण चतुर्वेदी, रामधारी सिंह दिनकर, रामकुमार वर्मा, रामचन्द्र शुक्ल, श्याम नारायण पाण्डेय एवं कुँवर चन्द्र प्रकाश सिंह स्मृति समारोह सम्पन्न**





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा श्रीनारायण चतुर्वेदी, रामधारी सिंह दिनकर, रामकुमार वर्मा, रामचन्द्र शुक्ल, श्याम नारायण पाण्डेय एवं कुँवर चन्द्र प्रकाश सिंह स्मृति समारोह के शुभ अवसर पर दिन गुरुवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार लखनऊ में पूर्वाह्न 10.30 बजे से किया गया। दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त वाणी वंदना सुश्री श्वेता जायसवाल द्वारा प्रस्तुत की गयी। सम्माननीय अतिथि- डॉ विद्याविन्दु सिंह, पद्मकांत शर्मा प्रभात, डॉ. राहुल पाण्डेय, डॉ. सूर्यप्रसाद दीक्षित, डॉ. रामकठिन सिंह एवं श्री शशि प्रकाश सिंह का स्वागत उत्तरीय एवं स्मृति चिह्न भेंट कर डॉ. अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया। पद्मश्री डॉ. विद्याविन्दु सिंह ने भइया साहब श्रीनारायण चतुर्वेदी के सम्बन्ध में अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि यह प्रसिद्ध था कि जो भी उनके दरबार में जाता है, वह साहित्यकार बन जाता है। उन्हें विकट भी कहा जाता था, लेकिन उनके निकट वात्सल्य भी था तेज, ओज भी था।

डॉ. सूर्यप्रसाद दीक्षित ने कहा- आचार्य शुक्ल बहुत बड़े समीक्षक, गणमान्य शिक्षक, समीक्षक, इतिहासकार थे। यह विलक्षण संयोग उनके व्यक्तित्व में दिखायी देता है। कवि और समीक्षक का द्वन्द्व बहुत पुराना है। रामचन्द्र शुक्ल ने दोनों के बीच सेतु स्थापित करने का प्रयास किया। शुक्ल जी की निबन्ध शैली अपने में अद्भुत है। चिंतामणि उनके प्रौढ़ लेखन का प्रस्थान बिन्दु है। पद्मकांत शर्मा प्रभात ने कहा- रामधारी सिंह दिनकर ने अंग्रेज शासन की क्रूरता पर कविताएँ लिखीं फलतः सरकारी नौकरी छोड़नी पड़ी। छायावाद का प्रभाव उनकी श्रृंगारिक रचनाओं में देखने को मिलता है। राष्ट्रवाद की चेतना उनकी रचनाओं में मुखर हुई। दिनकर जी राजसभा के सदस्य के रूप में पहुँचे। दिनकर के गद्य का प्रदेय भी महत्वपूर्ण है। वे ओजमयी काव्य धारा के कवि हैं। डॉ. राहुल पाण्डेय ने कहा डॉ. रामकुमार वर्मा का व्यक्तित्व मयूरपंखी है। उन्होंने साहित्य की विभिन्न विधाओं में निरन्तर लेखन किया। वे श्रेष्ठ कवि, नाटककार, एकांकीकार, साहित्य के इतिहास लेखक, आलोचक के रूप में स्मरण किये जाते हैं। भारतीय संस्कृति, राष्ट्र के प्रति प्रेम उनके संस्कारों में था। इसीलिए उन्होंने ऐतिहासिक पात्रों के चरित्रों का अध्ययन कर उन्हें अपनी रचनाओं का केन्द्र बनाया। छायावाद, प्रयोगवाद एवं प्रगतिवाद की त्रयी उनकी कविताओं में देखने को मिलती है। उन्होंने उत्तरायण, अहिल्या और एकलव्य के माध्यम से नवीन उद्भावनाओं के साथ काव्य सृजन किया। वे परम्परा से जुड़ते अवश्य है, लेकिन सृजनात्मकता के साथ वे अपने साहित्य को नये आयाम देते हैं।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लखनऊ खण्ड शारदा नहर लखनऊ

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्याः-08/अ.अ./2025-26**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाइन https://etender.up.nic. in के माध्यम से टेक्निकल एवं फाइनेंसियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 18.10.2025 के अपराह्न 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिसकी Technical Bid दिनांकः 18.10.2025 को अपराह्न 2:30 बजे मुख्य अभियन्ता (शा.सहा.), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा गठित समिति के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में ऑन लाइन खोली जायेगी। उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 13.10.2025 को अपराह्न 02:00 बजे से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है।

कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. रहित (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. में) | कार्य को पूर्ण करन की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Silt Clearance of Lalganj Minor from Km. 0.000 to Km. 9.600 for year 2025-26 (Rabi). | Bill of Qty. के अनुसार | 3.30 | @2% Paid Online | 15 Days | 150.00 +27.00 +500.00 | C एवं उच्च |
| 2 | Silt Clearance of Bakkas Minor from Km. 0.000 to Km. 6.500 for year 2025-26 (Rabi). | Bill of Qty. के अनुसार | 2.13 | @2% Paid Online | 15 Days | 150.00 +27.00 +500.00 | C एवं उच्च |
| 3 | Silt Clearance of Malauli Dy. from Km. 0.000 to Km.4.800 for year 2025-26 (Rabi). | Bill of Qty. के अनुसार | 2.76 | @2% Paid Online | 15 Days | 150.00 +27.00 +500.00 | C एवं उच्च |
| 4 | Silt Clearance of Bastiya Dy. from Km. 0.000 to Km. 8.800 for year 2025-26 (Rabi). | Bill of Qty. के अनुसार | 4.49 | @2% Paid Online | 15 Days | 150.00 +27.00 +500.00 | C एवं उच्च |
| 5 | Silt Clearance of Gauriyakala Minor from Km. 0.000 to Km. 5.500 & Dularmau Minor from Km. 0.000 to Km. 0.700 for year 2025-26 (Rabi). | Bill of Qty. के अनुसार | 2.04 | @2% Paid Online | 15 Days | 150.00 +27.00 +500.00 | C एवं उच्च |

अधिशासी अभियन्ता
लखनऊ खण्ड शारदा नहर
लखनऊ

UPID-238782 Date: 09.10.25 Website : www.upgov.nic.in

# निर्यात बढ़ाने की पहल

दुनिया में बड़ी आर्थिक ताकत बनने के लिए यह जरूरी है कि भारत का निर्यात व्यापार तेजी से आगे बढ़े और वैश्विक वस्तु व्यापार में भारत को जो प्रतिवर्ष लगभग ढाई सौ अरब डॉलर का नुकसान है उसकी भरपाई हो। देश को निर्यात-आयात में व्यापार संतुलन बनाये रखने के साथ ही अगले कुछ वर्षों में कम से कम एक ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को भी हासिल करना है। क्योंकि पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था में कम से कम एक ट्रिलियन डॉलर निर्यात का लक्ष्य भी रखा गया है। इसलिए भारत को निर्यात बढ़ाना होगा। ट्रंप टैरिफ के कारण देश के सामने जो चुनौती पेश आयी है उस पर अटकने के बजाय भारत को अमरीका के साथ अपने कारोबारी बाधाओं को दूर करने का प्रयास जारी रखते हुए चीन और आसियान देशों पर फोकस बढ़ाना होगा। चीन के साथ व्यापार में भारत को बड़ा डेफिसिट है। इसे कम करने के लिए यह जरूरी है कि भारतीय उत्पादों को प्रतिस्पर्धी बनाया जाये। केंद्र सरकार को नीति आयोग की




सलाह पर ध्यान देना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय व्यापार को लेकर भारत के नीतिगत विचार में क्या कमियां हैं और इस मामले में क्या करने की आवश्यकता है, इस पर नीति अयोग के सीईओ ने व्यापक प्रकाश डाला है। इसमें भारत को चीन सहित एशिया पर करीबी नजर रखने के साथ ही पड़ोसियों के साथ मजबूत कारोबारी रिश्ते कायम करने की बात कही गयी है। साफ कहें तो व्यापक तौर पर पड़ोसी देशों के साथ भारत की व्यापार व्यवस्थाएं भूराजनीतिक हालात पर निर्भर करती हैं जो अक्सर प्रतिकूल ही रहते हैं। बहरहाल, भारत शेष एशिया के साथ जुड़ाव स्थापित कर सकता है जो आने वाले वर्षों में वैश्विक वृद्धि का अधिक महत्वपूर्ण वाहक सिद्ध होगा। लेकिन चीन की मौजूदगी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संघ ( आसियान ) के साथ हुए अपने व्यापार समझौते के परिणामों के कारण भारत अब तक अनिच्छुक बना हुआ है। चीन की अनदेखी करना अब संभव नहीं है। आखिर वह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। कुछ देश चीन के साथ व्यापार अधिशेष की अवस्था में हैं। दरअसल भारत द्वारा अपनी अर्थव्यवस्था में खुलापन नहीं लाने की बुनियादी वजह प्रतिस्पर्धी क्षमता की कमी है। यह कमी भी हमारी व्यापार नीति का ही परिणाम है। घरेलू कारोबारों के संरक्षण के लिए उच्च शुल्क दर लागू करने से कच्चे माल पर कर लगता है जो सीधे तौर पर भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धी क्षमता को प्रभावित करता है। भारत को इस मसले को तत्काल संबोधित करने की जरूरत है। नीति आयोग की ताजा तिमाही व्यापार निगरानी रिपोर्ट जो चमड़ा और जूते-चप्पल के निर्यात पर केंद्रित है, उसमें कहा गया है कि भारत जूते-चप्पल के निर्माण में लगने वाले कच्चे माल में करीब 10 फीसदी शुल्क लगाता है जबकि उसके प्रतिस्पर्धी मसलन वियतनाम आदि करीब शून्य कर लगाते हैं। भारत को अपना रुख बदलने की आवश्यकता है। इसके साथ ही भारत को उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो अभी प्रतिस्पर्धी नहीं हैं। इस संदर्भ में भारत ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करके अच्छा किया है और वह यूरोपीय संघ के साथ ऐसे समझौते को लेकर चर्चा कर रहा है। भारत जितनी जल्दी यह समझौता करेगा, उतना ही अच्छा होगा। इसके साथ ही अमेरिका के साथ भी भारत एक साझा लाभकारी व्यापार समझौते के लिए प्रयासरत है, जो फिलहाल ट्रंप प्रशासन में बहुत जटिल हो गया है। अमेरिकी प्रशासन की अनिश्चित प्रकृति को देखते हुए भारत को जल्द से जल्द अन्य व्यापारिक साझेदार देशों के साथ कहीं अधिक गहन समझौतों के प्रयास करने चाहिए। भारत विशाल क्षेत्रीय समझौतों का हिस्सा भी नहीं है। यही वजह है कि उसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत होने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। भारत को यह स्थिति बदलने के लिए गंभीर प्रयास करने चाहिए। क्योंकि निर्यात आर्थिक प्रगति के लिए जरूरी है और व्यापार असंतुलन खत्म करना तो बेहद जरूरी हो गया है।

## विचार

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

# दवा उद्योग की विश्वसनीयता पर संकट



संजय श्रीवास्तव

> देश का लक्ष्य 2030 तक अपने दवा बाजार को 130 अरब डॉलर से अधिक का बनाने का है। सरकार सक्रिय रूप से फार्मास्युटिकल अनुसंधान और विकास को बढ़ावा दे रही है, जिसमें नवाचार के लिए उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना शामिल है। लेकिन यदि दवा कंपनियां इसी तरह दवा निर्माण के क्षेत्र में अपनी साख गिराती रहीं तो बेशक निर्यात घटेगा।

साल 2022 में गैम्बिया में एक आयातित कफ सिरप पीने से वहां के 70 से अधिक बच्चों की मौत हुई थी। इसकी वजह उसमें इंडस्ट्रियल ग्रेड के डाइथाइलीन ग्लाइकोल और इथाइलीन ग्लाइकोल की भारी मात्रा थी। यह कफ सिरप एक भारतीय दवा कंपनी का बनाया हुआ था। दो साल पहले एक देशी कंपनी के बने सिरप के इस्तेमाल से जम्मू-कश्मीर में 17 बच्चों की मौत हो गई थी। सिरप में डाइथाइलीन ग्लाइकोल की मात्रा काफी ज्यादा थी। तब भारत सरकार ने डाइथाइलीन ग्लाइकोल और इथाइलीन ग्लाइकोल मिले कफ सिरप के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। आज राजस्थान और मध्य प्रदेश में जिस कफ सिरप के पीने से बच्चे मरे हैं, वह भी स्वदेशी है ...और बच्चों की मौत का कारण वही इंडस्ट्रियल ग्रेड का डाइथाइलीन ग्लाइकोल और इथाइलीन ग्लाइकोल है। मतलब यह कि तीन बरसों में कुछ बदला नहीं है। दवा के नाम पर दर्द बांटने का खुला खेल पहले की तरह बदस्तूर जारी है। गैम्बिया के बच्चों को मौत देने वाली हरियाणा की दवा कंपनी ने तब कहा था कि वह उत्पादन प्रक्रिया में ह्यस्वास्थ्य अधिकारियों के प्रोटोकॉल का सही पालन कर रही थी। उसने इस घटना पर हैरानी और गहरा दुख भी जताया था। परंतु जांच के दौरान दवा निर्माण प्रक्रिया में भयंकर अनियमितताएं पायी गईं। इसके बावजूद कंपनी को अस्थायी तौरपर मैन्युफ्रैक्चरिंग रोक का दंड देकर छोड़ दिया गया।

दवा बनाने के नियंत्रण में इसी ढिलाई के चलते आज भारतीय बाजार में बिकने वाले दवा उत्पादों में से 20 फीसदी से अधिक नकली हैं और लगभग इसी अनुपात में अमानक भी। 5 फीसदी जेनेरिक दवाएं बेकार बताई जाती हैं। कफ सिरप कांड के बाद केवल एक राज्य की फौरी जांच में पैरासिटामोल, ओआरएस घोल, सामान्य आई-ड्रॉप्स और फेसवॉश जैसी सैकड़ों सामान्य उपयोग की दवाएं संदूषित या अमानक पायी गईं। कुछ वर्ष पहले भारत के मात्र तीन राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों से जांच के लिए इकट्ठा किए गए दवा नमूनों में से 7,500 से अधिक दवाएं गुणवत्ता परीक्षण में फेल हो गई थीं। बेशक हमारे पास अच्छी गुणवत्ता वाली सक्षम दवाएं निर्मित करने के सारे साधन, संसाधन, तकनीक और ज्ञान मौजूद हैं, लेकिन दवा निमार्ता



पचासों गुना मुनाफा कमाने के लिए उनमें मिलावट करते हैं, कभी-कभी इस हद तक कि दवा जहर बन जाती है। टीका बनाने के मामले में दुनिया का यह अग्रणी देश ह्यफामेर्सी ऑफ द वर्ल्ड कहलाता है। देश में तीन हजार से अधिक दवा कंपनियां और लगभग 13,000 क्रियाशील दवा उत्पादन इकाइयां हैं। हम 190 से अधिक देशों को दवाएं निर्यात करते हैं।

## जहरीला कप सिरप

वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं की 20 फीसदी से अधिक आपूर्ति हम ही करते हैं और 2030 तक अपने दवा बाजार को 130 अरब डॉलर से अधिक का बनाने का लक्ष्य भी रखते हैं। सरकार सक्रिय रूप से फार्मास्युटिकल अनुसंधान और विकास को बढ़ावा दे रही है, जिसमें नवाचार के लिए उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना शामिल है। लेकिन यदि दवा कंपनियां इसी तरह दवा निर्माण के क्षेत्र में अपनी साख गिराती रहीं तो यह लक्ष्य कैसे संभव होगा? बिना इन पर नियंत्रण के बाकी उपलब्धियां बेमानी लगती हैं। हालिया घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि हमारी दवा नियंत्रण प्रणाली में गहरी खामियां हैं। यदि इन्हें समय रहते दुरुस्त नहीं किया गया तो कहीं भी अत्यंत दारुण स्थिति उत्पन्न हो सकती है। दवा सीधे सेहत और जीवन से जुड़ी भरोसे की चीज है। यदि इसकी विश्वसनीयता यूं ही गिरती रही तो यह आर्थिक ही नहीं, राजनीतिक तौरपर भी नुकसानदेह है। घटना के बाद कुछ राज्यों ने संदिग्ध कफ सिरप पर रोक लगाई, तो कई प्रमुख राज्यों में दवा उत्पादों की सघन जांच शुरू हुई। केंद्र ने भी अपेक्षाकृत त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों और ड्रग कंट्रोलर्स की आपात बैठक बुलाई- यह स्वागतयोग्य कदम है; पर दीर्घकालिक सकारात्मक परिणाम तभी मिलेंगे जब औपचारिक दिशा-निदेर्शों पर ईमानदारी से कार्रवाई भी हो। शीघ्र ही सरकार द्वारा दवा निमार्ताओं, वितरकों और विक्रेताओं के काम को सुगम करने के लिए लाया गया जनविश्वास विधेयक राज्यसभा से पास होकर कानून की शक्ल ले सकता है। इसके तहत ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 27( डी ) में फेरबदल का प्रस्ताव है। सरकार की सोच निस्संदेह सकारात्मक है- यह संशोधन विदेशी निवेशकों के लिए दवा व्यापार में आसानी पैदा करेगा और आम जनता तक सस्ती दवाओं की उपलब्धता बढ़ाएगा। परंतु आम धारणा यह है कि इस संशोधन के बाद घटिया और गुणवत्ताहीन दवाओं का निर्माण और तेजी से बढ़ेगा। पहले से ही दवा निर्माण के नियंत्रण में चली आ रही लचर व्यवस्था को यह कानूनी बदलाव और दयनीय बना सकता है।

कानून बनने के बाद दवा निर्माण में पहले जिन गड़बड़ियों को गंभीर अपराध माना जाता था और जिन पर जेल की सजा निश्चित थी, वे कृत्य केवल सामान्य जुमार्ने तक सीमित हो सकते हैं, जो निमार्ता कफ सिरप के दाम को प्रभावित कर करोड़ों का मुनाफा कूटने के लिए उसमें सौंदर्य उत्पाद, ब्रेक फ्लूड, फैब्रिक-डाई, एंटीफ्रीज या पेंट में इस्तेमाल होने वाला घातक केमिकल मिला सकता है, वह व्यापारी नफे-नुकसान का हिसाब आसानी से लगा लेगा कि मुनाफे और जुमार्ने में कितना अंतर है। सच तो यह है कि हमें दवा से जुड़ी प्रणालियों को मजबूत करने की जरूरत है- नकली, अमानक और मिलावटी जानलेवा दवाओं के लिए कड़े जुमार्ने और सीधे जेल की आवश्यकता है, न कि किसी ढील या माफी की। देश में आए दिन लाखों-करोड़ों की नकली दवाओं की बरामदगी होना और विदेश में भारतीय दवा उद्योग की हालिया बदनामी से उबरने तथा दुनिया के दवाखाने की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए हमें इस क्षेत्र में सख्त नियामकीय ढांचे का विकास करना होगा। भारत को सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लिए दवा उत्पादन प्रक्रिया और अंतिम उत्पाद की समान गुणवत्ता हेतु कड़ी नियंत्रण प्रणाली और संहिता अनिवार्य करनी होगी। दवा निर्माण और वितरण से जुड़े नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी जिस नौकरशाही पर है, वह बेकार, अक्षम और भ्रष्ट न हो- इसकी निगरानी राज्य और केंद्र सरकारों दोनों को रखनी होगी। कानून में ढील देने के बजाय भारतीय दवा गुणवत्ता नियंत्रक के पास पर्याप्त संसाधन बढ़ाए जाने चाहिए ताकि वे सभी उत्पादन इकाइयों पर कड़ी निगरानी रख सकें और विश्व स्वास्थ्य संगठन के गुणवत्ता मानक लागू करवा सकें।

समस्या केवल उत्पादन स्तर में नहीं है- निगरानी, गुणवत्ता-परीक्षण और लाइसेंसिंग की ढीली व्यवस्थाएं भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। कई बार जानलेवा दवाओं को रिकॉल और रैपिड-अलर्ट दिशा-निदेर्शों के तहत 24 घंटे के भीतर वापस नहीं लिया जा सका। सरकार के सामने अब दोहरी चुनौती है- दवा उद्योग को राहत देना और उसकी विश्वसनीयता बनाए रखना, साथ ही आम नागरिकों की सेहत और जान की सुरक्षा भी सुनिश्चित करना। ऐसे में सख्त नियमों के साथ प्रत्येक राज्य में आधुनिक प्रयोगशालाएं और त्वरित परीक्षण व्यवस्था स्थापित करने की आवश्यकता है। ड्रग इंस्पेक्टरों की संख्या और प्रशिक्षण स्तर में सुधार लाना होगा तथा दवा निर्माण से लेकर बिक्री तक की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल ट्रैकिंग से जोड़कर हर बैंच का स्रोत और गुणवत्ता तुरंत जांची जा सके ताकि दवा दर्द न दे। यदि सरकार सख्ती, पारदर्शिता और जवाबदेही को समान रूप से आत्मसात करती है, तो वह देश की दवाओं तथा भारतीय दवा उद्योग की विश्वसनीयता को बचा लेगी। यही आशा की जानी चाहिए।

## सोशल मीडिया



सम्मान और बराबरी के लिए दलित, वंचित समाज को राजनीतिक शक्ति के रूप में एकजुट करने का ऐतिहासिक कार्य करने वाले कांशीराम जी को पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन। अखिलेश यादव.



आ. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एडीए की सरकार ने विकास, सुशासन और समृद्धि की ओर बढ़ते हुए बिहार को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। शिवराज सिंह चौहान.



देश के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के साथ कोर्ट में सुनवाई के दौरान उन पर अभद्रता करने की कोशिश अति दुखद है, इस शर्मनाक घटना की जितनी निंदा की जाये कम है। मायावती.

# महापुरुषों के विचार

सत्संग का अर्थ है सम्भ्रांत, आदर्श चरित्र, तत्वदर्शी मनीषियों की संगति, सानिध्य और शिक्षा का अवगाहन। ऐसे मनीषी आज बहुत ही कम हैं। जो हैं वे कार्य में व्यस्त रहने के कारण व्यक्तिगत सत्संग क लिए समय नहीं दे पाते। ऐसी दशा में आत्म निर्माण संबंधी प्रवचनों की जहां व्यवस्था हो वहां पहुंचा जा सकता है। महापुरुषों के ग्रंथ भी सत्संग का ही काम दे सकते हैं। वे मनीषी भले ही हमसे दूर हों या स्वर्गवासी हो चुके हों तो भी उनके विचार उनके लिखे ग्रंथ हमें सदा प्रस्तुत मिलेंगे और वे हमें सत्संग का लाभ देते रहेंगे। आज सत्संग के नाम पर निराशावादी भाग्यवादी पलायनवादी अतिवादी विचारधारा देने वाले साधु बाबाजी बहुत हैं। इन विचारों से भ्रम जंजाल ही बढ़ता है और उसके प्रभाव से व्यक्ति एक प्रकार से निकम्मा ही बन जाता है। इसलिए ऐसे सत्संग को कुसंग मानकर उससे बचते रहना ही उचित है। चिंतन और मनन के बिना पुस्तक बिना साथी का स्वाध्याय सत्संग ही है। अपने आप अपनी स्थिति पर अपनी त्रुटियों और दुर्बलताओं पर विचार करके, बुराइयों को छोड़ने और अच्छाइयों को बढ़ाने के लिए अकेले में सोच विचार कराना चिंतन है और उत्थान पथ पर अग्रसर करने वाली सतशिक्षा के महत्व एवं माहात्म्य पर विस्तारपूर्वक सोचना एवं उसी ढांचे में अपने को ढालने की योजना बनाना मनन है। चिंतन और मनन करते रहने वाला मनुष्य अपनी बौद्धिक चरित्र और लौकिक दुर्बलताओं को आत्मनिरीक्षण एवं आत्मा आलोचनाओं के आधार पर भली प्रकार जान सकता है और जिस प्रकार रोग का निदान होने पर चिकित्सा सरल हो जाती है। उसी प्रकार अपनी त्रुटियों को जानने वाला उन्हें सुधारने का उपाय भी ढूंढ ही निकालता है। रात्रि को सोते समय दिन भर के भले-बुरे विचारों और कार्यों का लेखा-जोखा लेना चाहिए। जीवन की वास्तविक सम्पत्ति समय ही है। नियमित कार्य्रम बनाकर अपने बहुमूल्य समय का सदुपयोग करने की कला जिसे आ गयी उसने सफलता का रहस्य समझ लिया। रात को रोते समय दिन भर के विचारों और कार्यों की भलाई-बुराई का परीक्षण करके यह देखना कि आज दिन का कितना सदुपयोग अपव्यय एवं दुरुपयोग हुआ। इसी प्रकार प्रातःकाल उठते समय दिन भर का कार्यक्रम बनाना तथा पिछले दिन की बात को स्मरण रखते हुए जीवन के अपव्यय एवं दुर्व्यय को बचाकर आधिकारिक सदुपयोग की योजना बनाई जाये। नित्य डायरी रखकर भी इस प्रकार आत्म निरीक्षण एवं आत्म निर्माण का आयोजन करते रहा जा सकता है।

अंतर्दृष्टि

# सांपों की बयानबाजी

व्यंग्यलोक

सभी मेंढ़कों ने कहा कि हमें तोला जाए। हम तुलने के लिए तैयार हैं। हम गुट-गुट के होकर गुट-गुटा रहे हैं। तालाब की कीचड़-काची में हमारा भी कोई मोल बोला जाए। तालाब की सियासत में मोल-भाव का रंग घोला जाए। शीघ्र ही अपने-अपने स्वार्थ की अपने-अपने ढंग की तरह जुलाई गई। कुर्सी मोल के बोल, सियासी तालाब के पट खोल। मेंढ़कों ने तरह-तरह के सुर में टरार्ना शुरू किया। सांपों ने मीडिया में अपने बयान जारी करने शुरू कर दिए। केकड़ों ने अलग से अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू की। कुछ सांपों और केकड़ों ने भी तराजू की मांग की। इधर कुछ मछलियां विजयी मुद्रा में अपने मास्क हटाने लगी। सरकारी तालाब का कीचड़ देखते ही देखते रिसोर्टों होटलों से होते हुए तमाम मीडिया तक पसर गया। अपने-अपने गुटों के अपने-अपने चैनल खरखराने लगे। अपने-अपने तराजू, अपने-अपने तोलक। मेंढ़कों को तराजू में तोलना, मेंढ़कों का बोलना। यह सब जगजाहिर है! मेंढ़कों के तोलने में अलादीन के चिराग ने धुआं बन फिर से चिराग में घुसने की होशियारी दिखाई थी। दो बिल्लियों की लड़ाई में तौलक महाराज बंदर का किस्सा सुनकर हातिमताई ने हुस्नबानों से तलाक ले लिया था। इसी तुलाई कार्यक्रम के कारण सिंदबाद जहाजी ने अपनी यात्रा को त्यागपत्र दे दिया था। इस पलड़े से उस पलड़े, इस रिसोर्ट से उस होटल! फुदकते रहे मेंढ़क! टरार्ने का मामला भी जगजाहिर है! वे ट्विटर पर इतने टरार्ये कि ट्विटर खुद ही बहरा हो गया। मेंढ़क इतराते, मुस्कुराते बड़ी अदा से अपनी बोलियां लगवा रहे हैं। जहां राजा महाराजा भी बिकने को उतावले हो जाते हैं, वहां एक छोटे से मेंढ़क की क्या बिसात! मेंढ़क तुल रहे हैं। टर्रा रहे हैं। इस तालाब से उस तालाब तक। सियासी तालाब के कीचड़ में छप-छपा रहे हैं। छप-छप छई। मेंढ़कों के बीच मार माथा-फोड़ी चल रही है। एक गैंग ने दूसरे गैंगीय मेंढ़कों के पीछे खड़े होकर तीसरे मेंढ़क गैंग को ललकारा। यहां चौथा गैंग सरकारी तालाब में असरकारी ढंग से कुलांचे मार रहा है। इसी समय मेंढ़कों का 10 वां गैंग दूसरे से तीसरे गैंग में फुदकने लगा। तत्काल ही गैंग दल-दल में बदल गया। कुल मिलाकर परिणाम यह हुआ कि सरकारी तालाब का पानी दल-दल हो लिया। यहां चमचों का रूप धारण करके कई केकड़े दल-दल में जगह बनाने लगे। कई बार ऐसा हुआ कि मेंढ़कों की ऑडियोवाणी के साथ केकड़े भी लग गए। कुछ केकड़ों ने अपना वीडियो पाठ भी शुरू कर दिया। बड़े दलाल सांपों ने छोटे चमचा सांपों को अपने साथ लेते हुए इस कीचड़ में अपने फन फैलाने शुरू कर दिए। राजनीति कीचड़ में सरसराने लगी। बड़ी मछली छोटी मछली को षड़यंत्र पूर्वक खाने लगी।



राम विलास जॉंगिड़

# भारत-पाकिस्तान के बीच सरक्रीक विवाद का दलदल



पर्यटन

शाहिद ए चौधरी

गुजरात के कच्छ और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच एक 96-किमी लम्बा मुहाना है, जिसे सर क्रीक कहते हैं। कच्छ के रण की इस मिट्टी भरी दलदली भूमि में कोई रहता नहीं है और यह अरब सागर में गिरती है। एक जमाने में इसे बन गंगा कहा जाता था, लेकिन ब्रिटिश हुकूमत के दौरान इसका नाम एक अंग्रेज अधिकारी के नाम पर सर क्रीक रख दिया गया। इस क्षेत्र पर विवाद ब्रिटिशकाल से ही चला आ रहा है। उस दौरान यह पूरा क्षेत्र बॉम्बे प्रेसीडेंसी का हिस्सा था, जिसमें वर्तमान महाराष्ट्र, गुजरात व सिंध शामिल थे। 1947 में देश विभाजन के बाद, सिंध पाकिस्तान का हिस्सा हो गया, जबकि कच्छ भारत में रहा। विवाद का मुख्य बिंदु यह है कि सीमा कहां खींची जाये।

मुंबई सरकार के 1914 के प्रस्ताव का हवाला देते हुए पाकिस्तान पूरे क्रीक पर दावा करता है। प्रस्ताव में पूर्वी किनारे पर सीमा खींची गई थी- तथाकथित ग्रीन लाइन, जिससे क्रीक प्रभावी तौर पर सिंध में पहुंच गया। भारत मिड-चैनल सिद्धांत के पक्ष में है और 1925 का नक्शा पेश करता है और अंतर्राष्ट्रीय तौर पर स्वीकार्य थाल वेग सिद्धांत भी, जो कहता है कि अगर दो देशों के बीच नौगम्य जल मार्ग है तो सीमा सबसे गहरे चैनल के पास होनी चाहिए। भारत का कहना है कि हाई टाइड के दौरान सर क्रीक नौगम्य हो जाता है, इसलिए सीमा बीच में से जानी चाहिए। पाकिस्तान इसका यह कहकर विरोध करता है क्रीक नौगम्य नहीं है। हालांकि क्रीक का अपने आपमें कोई सैन्य महत्व नहीं है, लेकिन इसकी आर्थिक अहमियत बहुत जबरदस्त है। सर क्रीक पर अंतर्राष्ट्रीय सीमा की परिभाषा का सीधा प्रभाव दोनों देशों के परिसीमन पर पड़ता है। अरब सागर में विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र ( ईईजेड )।

ईईजेड एक देश के टेरीटोरियल पानियों से 200 नॉटिकल माइल्स ( 370.4 किमी ) आगे तक विस्तार करता है, जिसके भीतर उसे जीवित व गैर-जीवित संसाधनों पर अधिकार रहता है। ईईजेड के अतिरिक्त क्रीक पर नियंत्रण समुद्री सीमाओं के परिसीमन को भी प्रभावित करेगा, कॉन्टिनेंटल शेल्वेज सहित, जोकि तेल व गैस अन्वेषण के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। अनुमान यह है कि इस क्षेत्र में दोनों तेल व गैस के रिजर्व हैं और मछली पकड़ने का अधिकार भी संवेदनशील मुद्दा है। दोनों देशों के मछुआरे अक्सर भूल से बिना संकेत वाली समुद्री सीमा को पार कर जाते हैं और गिरफ्तार कर लिए जाते हैं। कच्छ की खाड़ी में भारत के दो प्रमुख बंदरगाह हैं- मुंद्रा और कांदला, जिससे इस क्षेत्र का स्ट्रेटेजिक महत्व बढ़ जाता है। इसके अतिरिक्त पाकिस्तान की तरफ वाले कच्छ रण में चीन के समर्थन से बने खदान व पॉवर प्रोजेक्ट्स हैं, जिससे भारत में चिंताएं बढ़ गई हैं कि नागरिक प्रोजेक्ट्स को स्ट्रेटेजिक या मिलिट्री एसेट्स में बदला जा सकता है। हाल के दिनों में यह मुद्दा गर्मा गया है। मई 8 व 9 के बीच में पाकिस्तान ने भारतीय एयरस्पेस का उल्लंघन करने का प्रयास किया कि उसने सर क्रीक क्षेत्र सहित 36 लोकेशनों पर लगभग 400 ड्रोनों से सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स में कहा गया है कि क्रीक के निकट पाकिस्तान भारी सैन्य गतिविधियों में लगा हुआ है। साथ ही पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने धमकी दी है कि जामनगर में आयल रिफाइनरी पर स्ट्राइक कर देंगे, जो इस क्षेत्र से ज्यादा दूर नहीं है।

इस पृष्ठभूमि में 2 अक्टूबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चेताया कि ह्यकराची के लिए रास्ता सर क्रीक से होकर जाता है। उन्होंने याद दिलाया कि 1965 में भारत लाहौर के पास पहुंच गया था। सिंह ने इस बात पर बल दिया कि भारत क्रीक का विवाद वार्ता से हल करना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान के इरादे संदिग्ध हैं। उनके अनुसार, आक्रामकता की किसी भी हरकत पर इतनी जबरदस्त प्रतिक्रिया की जायेगी कि ह्यदोनों इतिहास व भूगोल बदल जायेंगे। जो सुरक्षा अधिकारी सर क्रीक से परिचित हैं, उनका कहना है कि इस दलदली, सड़क रहित क्षेत्र में, जहां कोई रहता नहीं है, बड़े पैमाने पर जमीनी जंग संभव नहीं है। अतीत में घुसपैठिये पकड़े गये हैं, लेकिन बड़ी चुनौती यूएवी व ड्रोनों की है, जो महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बना सकते हैं, जैसे ईईजेड में स्थित बंदरगाह व रिफाइनरी। सर क्रीक विवाद अब केवल सीमा का नहीं है बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री अधिकार और पाकिस्तान व चीन के संयुक्त स्ट्रेटेजिक दबाव का भी है।

## आपकी बात

### समावेशी समाज

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है।

एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी।

**मधुकर वर्मा, लखनऊ.**

### श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा

देश में सबसे अधिक मदद की जरूरत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को है। इनसे काम तो कई गुना लिया जाता है लेकिन इनके सुख-दुख और भविष्य का ख्याल कोई नहीं रखता है। इसलिए सरकार को इनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सभी संस्थान अपने लिए इस्तेमाल करते हैं। उनके श्रम का लाभ उठाते हैं लेकिन उनके स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा आदि का कोई प्रबंध नहीं रहता है। सरकार अपने कर्मियों के लिए सारी सुविधाएं देती हैं। यही बात जब गरीब श्रमिकों को देनी की आती है, तो सबकी जेब तंग हो जाती है।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## पांच करोड़ की हेरोइन बरामद, दो गिरफ्तार

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में पुलिस ने पांच करोड़ रुपये से अधिक कीमत की हेरोइन बरामद की और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने आगरा की एएनटीएफ (मादक द्रव्य रोधी कार्य बल) इकाई के साथ मिलकर बुधवार रात नौहझील थाना क्षेत्र से स्कूटी सवार दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1.045 किलो अवैध पदार्थ जब्त किया। कुमार ने कहा कि जब्त की गई हेरोइन की कीमत थोक में बेचने पर दो करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है, लेकिन थोड़ी मात्रा में खुली में बेचने पर इसकी कीमत पांच करोड़ नौ लाख रुपये तक हो जाती है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली के सीलमपुर निवासी फैजान (32) और हरियाणा के गुरुग्राम निवासी वकार (34) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल रहे हैं।

## स्वामी प्रेमानंद पूरी तरह से स्वस्थ : मथुरा पुलिस


**मथुरा।** स्वामी प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य को लेकर जारी तरह-तरह की अटकलों के बीच मथुरा पुलिस ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि आध्यात्मिक गुरु पूरी तरह से स्वस्थ हैं और उनकी सेहत के बारे में अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक,प्रेमानंद महाराज की तबीयत बिगड़ने का दावा करने वाली अपुष्ट खबरों ने उनके अनुयायियों में चिंता पैदा कर दी, जिसके चलते वे आध्यात्मिक गुरु के वृंदावन स्थित आश्रम के आसपास इकट्ठा होने लगे। इस घटनाक्रम के मद्देनजर पुलिस को इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा कि प्रेमानंद महाराज पूरी तरह से स्वस्थ हैं और जनता उनकी सेहत के सिलसिले में किसी भी अफवाह पर विश्वास न करे। पुलिस ने चेतावनी दी कि अगर कोई व्यक्ति प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य को लेकर किसी तरह की अफवाह फैलाते पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कवच फील्ड प्रशिक्षण का आयोजन

**मथुरा।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के मार्गदर्शन में गुरुवार मथुरा-पलवल रेल खंड के वृंदावन रोड स्टेशन पर परिचालन कर्मचारियों के लिए कवच फील्ड प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 12 कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें भूतेश्वर, वृंदावन रोड और छाता, अझई स्टेशन के स्टेशन मास्टर शामिल थे। प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु- कवच की कार्यक्षमताः कर्मचारियों को कवच प्रणाली की कार्यक्षमता और इसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। एसएमओसीआईपी कार्यप्रणालीःएसएमओसीआईपी (स्टेशन मास्टर ऑपरेशन कंट्रोल इंटरफेस प्रोटोकॉल) की कार्यप्रणाली के बारे में गहन जानकारी दी गई। एसओएस जनरेशन और रिसेप्शनः आपातकालीन स्थिति में एसओएस जनरेशन और रिसेप्शन के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया। कवच प्रणाली रेलवे में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीकी पहल है, जो ट्रेन संचालन में सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाती है। इस तरह के प्रशिक्षण सत्र कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकों और प्रक्रियाओं से अपडेट रखने में मदद करते हैं। मथुरा-पलवल रेल खंड में कवच प्रणाली का सफल परीक्षण हुआ है, जो भारतीय रेलवे की सुरक्षा दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# हाई पावर कमेटी व सेवायतों के मध्य गतिरोध जारी

### श्रद्धालु परेशान ,सख्त रुख अपनाने से कतरा रही कमेटी



**मथुरा।** जन-जन के आराध्य ठाकुर श्री बांके बिहारी महाराज के दर्शनों को देश विदेश से हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर दर्शनों का लाभ उठाते हैं। लेकिन मंदिर में व्याप्त दशकों पुरानी अव्यवस्थाओं से कई बार श्रद्धालु ठाकुर जी के दर्शनों से वंचित रह जाते हैं साथ ही अक्सर यहां भगदड़ एवं अन्य कारणों से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इन्हीं अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए सरकार ने प्रयास आरंभ किए लेकिन सेवायातो के साथ सरकार का सामजस्य नहीं बन पाया और मामला सुप्रीम कोर्ट चला गया। सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्थाओं के लिए हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी गठित की। हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अशोक कुमार को कमेटी का अध्यक्ष तथा जिला जज,जिलाधिकारी, एसएसपी, सिविलजज, नगर आयुक्त, विप्रा उपाध्यक्ष एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों सहित चार सेवायतों को कमेटी का सदस्य बनाया गया।

11 सितंबर को कमेटी की पहली बैठक में प्रतिदिन पौने तीन घंटे दर्शन का समय बढ़ाने, मंदिर में ?100 की पर्ची के जरिए वीआइपी दर्शन की व्यवस्था खत्म करने, वर्तमान सिक्योरिटी एजेंसी हटाकर सेवानिवृत्त सैनिकों की एजेंसी लगाने और मंदिर भवन का आईआईटी रुड़की से आंतरिक स्ट्रक्चर ऑडिट करने पर सहमति बनी। लेकिन सेवायत दर्शनों का समय बढ़ाने को तैयार नहीं हुए। ऐसी स्थिति में दर्शनों को आए श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कमेटी सचिव व जिलाधिकारी सीपी सिंह ने 1 अक्टूबर को पत्र जारी कर दर्शनों का समय बढ़ाने के प्रयास किए लेकिन सेवायतो ने हठ नहीं छोड़ी। 7 अक्टूबर को कमेटी ने फिर बैठक बुलाई लेकिन तीन सेवायत बैठक से नदारद रहे। ऐसी स्थिति में कोई भी निर्णय नहीं हो सका। अध्यक्ष व सेवानिवृत्त न्यायाधीश अशोक कुमार ने बताया कि सेवायत हठधर्मिता दिखा रहे हैं ऐसी स्थिति में जहां श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं कमेटी के कार्य सुचारू नहीं हो पा रहे हैं। अगली कमेटी बैठक दीपावली के बाद होगी जिसमें दर्शनों का समय बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष ने मार्मिक अपील करते हुए कहा की सेवायत हठधर्मिता छोड़कर निष्ठा पूर्वक ठाकुर जी की सेवा करें। कमेटी का मकसद सेवा में खलल डालना नहीं बल्कि सेवा को और अच्छा बनाने के लिए है। हम ठाकुर जी की प्रेरणा एवं कृपा से सेवा कर रहे हैं।

## सर्राफा दंपती की आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर लूटे 8 लाख के जेवरात

**आगरा।** फतेहाबाद में डौकी के नगला केसो गांव के पास बुधवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने सर्राफा दंपती की आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर 8 लाख के जेवरात और 10 हजार रुपये से भरा थैला लूट लिया। दंपती करवाचौथ की बिक्री करने के बाद दुकान बंद कर जेवरात लेकर घर जा रहे थे। रास्ते में पीछा कर आए बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंची। बदमाशों की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। हीद बरौली, डौकी निवासी संजय की कबीस चौराहे पर दुकान है। बुधवार शाम करीब 7:30 बजे बिक्री करने के बाद पत्नी श्रीमती के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। कबीस चौकी क्षेत्र में नगला केसो गांव के पास पीछे से आ रहे बाइक सवार बदमाशों ने संजय और उनकी पत्नी की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया। इससे वह बाइक समेत अनियंत्रित होकर गिर गए। इसके बाद उनकी पत्नी के हाथ से थैला छीना और भाग निकले। संजय ने खड़े होकर बदमाशों का पीछा भी किया लेकिन लुटेरे फरार हो चुके थे। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़ पड़े। संजय ने घटना की सूचना थाना डौकी पुलिस को दी। मौके पर थानाध्यक्ष सिपाहियों के साथ पहुंचे। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि दुकान पर करवाचौथ को देखते हुए बड़ी मात्रा में जेवरात लेकर जा रहे हैं। शाम को दुकान बंद कर घर जा रहे थे। थैले में 30 ग्राम सोना और 3 किलो चांदी के जेवरात के अलावा 10 हजार रुपये थे। जेवरात की कीमत तकरीबन 8 लाख रुपये है। डीसीपी पूर्वी जोन अली अब्बास ने बताया कि बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात की है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किया जा रहे हैं। इसमें एक बाइक नजर आ रही है इसके नंबर की मदद से लुटेरों की धरपकड़ के लिए चार टीमों को लगाया गया है। आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। करवाचौथ के साथ दिवाली का त्योहार शुरू हो जाएगा। बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। व्यापारी भी माल लेकर आ रहे हैं। बिक्री की रकम लेकर जाते हैं। ऐसे में सुरक्षा के इंतजाम न होने से बदमाश वारदात में सफल हो रहे हैं। त्योहार से पहले लूट कर बदमाशों ने पुलिस को चुनौती दी है। शहर के बाजारों में अधिक भीड़ उमड़ती है। देहात से व्यापारी माल लेकर जाते हैं। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि बाजारों में पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई है। फड़ विक्रेताओं के सत्यापन के लिए सभी एसीपी को निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही सादा कपड़ों में पुलिसकर्मी लगाए गए हैं।

## महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं



**फिरोजाबाद।** महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने गुरुवार को दौंकेली आंगनवाड़ी केंद्र पर पीड़ित महिलाओं के दर्द और वेदना को सुना,उन्होंने पीड़ित महिलाओं को आश्वासन दिया कि आपकी हर संभव सहायता की जाएगी,कोई भी व्यक्ति आपके साथ अगर जाजती करता पाया जाएगा,तो उसके ऊपर कठोरतम कार्रवाई भी की जाएगी,इस दौरान महिला आयोग की सदस्य के समक्ष घरेलू हिंसा यौन उत्पीड़न,वैवाहिक समस्याएं,लैंगिक भेदभाव,शिक्षा,रोजगार से जुड़े मामले सामने आए,जिसमें महिला सदस्या ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं की वेदना को सुनने के साथ उनके निवारण को सुनने का समुचित प्रबंध करें,थानों में उनकी रिपोर्ट को तुरंत दर्ज किया जाए और अपराधियों पर तुरंत कार्रवाई भी की जाए, जनसुनवाई के दौरान महिला सदस्य ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं को संबोधित किया कि उन्होंने कहा कि अब महिलाएं पीड़िता नहीं है, अपितु अपने परिवार और समाज के लिए समर्पित सजग प्रहरी की भूमिका निभा रही है,सरकार द्वारा यह भी प्रयास किया जा रहा है कि महिलाएं सामाजिक राजनैतिक और आर्थिक रूप से सशक्त बने।

## अवैध खनन रोकने गयी टीम पर हमले का प्रयास लाठियां निकालीं और फिर दौड़ा दिया डंपर

**आगरा।** अवैध खनन रोकने गई टीम पर हमले की कोशिश की गई। इस दौरान माफिया के गुर्गे डंपर लेकर भाग निकले। अवैध खनन की सूचना पर मंगलवार को ककुआ पहुंची खनन विभाग की टीम पर खनन करने वालों ने हमला करने की कोशिश की। गालीझगलौज करते हुए लाठी से पीटना चाहा। गिट्टी से भरे डंपर को दौड़ा दिया। खनिज मोहर्रिर कुंदन कुमार ने पुलिस को बताया कि 7 अक्तूबर को ग्वालियर रोड चौकी क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम के लिए टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी पीछे से गिट्टी से भरा एक डंपर आया। टीम ने रुकने का इशारा किया लेकिन चालक ने तेज गति से डंपर दौड़ा दिया। इस दौरान पीछे से आई एक कार के चालक ने खनन विभाग के वाहन का रास्ता रोका। इसके बाद डंपर लेकर भाग गए। आरोप है कि कार सवार सतीश कुमार निवासी ग्राम रजपुरा थाना सैंया ने लाठी लेकर टीम पर हमला करने की कोशिश भी की। गालियां देते हुए धमकियां दी। थाना प्रभारी मलपुरा ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार सवार सतीश कुमार एवं उसके 3-4 अज्ञात साथियों और डंपर चालक व मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई है।

## इंस्पेक्टर के फर्जी हस्ताक्षर , फाड़ दिये रजिस्टर पीआरडी जवान ने बिना ड्यूटी लिया मानदेय

**आगरा।** लोहामंडी थाने में तैनात पीआरडी जवान योगेंद्र सिंह ने बिना ड्यूटी किए फर्जी तरीके से मानदेय निकाल लिया। इसके लिए उसने थाना प्रभारी के फर्जी हस्ताक्षर किए और उनकी मुहर लगाई। पुराने उपस्थिति रजिस्टर को फाड़कर फेंक दिया। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के उपनिदेशक वीसी श्रीवास्तव के आदेश पर तीन सदस्यीय टीम की जांच में यह खुलासा हुआ है। उपनिदेशक ने बताया कि फर्जी तरीके से मानदेय निकालने की शिकायत मिली थी। इसका जवाब लेने के लिए जिला युवा कल्याण अधिकारी और थाना लोहामंडी के प्रभारी निरीक्षक को दो बार नोटिस दिया गया था। दोनों ने तय समय में जवाब नहीं दिया तो इसकी जांच के लिए टीम गठित की गई थी। उन्होंने बताया कि जांच में पीआरडी जवान योगेंद्र को दोषी पाया गया है। वह जुलाई महीने में ड्यूटी पर नहीं गया था। इसके बावजूद मानदेय लिया था। इसमें कार्यालय के बाबू व अधिकारी की मिलीभगत भी रही होगी। नियम के मुताबिक, जिला युवा कल्याण कार्यालय से पीआरडी जवानों को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी और संबंधित थानाध्यक्ष की संस्तुति पर जिला युवा कल्याण अधिकारी भुगतान करते हैं। बिना ड्यूटी किए क्षेत्रीय अधिकारी और जिला युवा कल्याण अधिकारी ने कैसे मानदेय निकाल दिया इसकी जांच की जा रही है। जनपद में ऐसे कितने लोगों का मानदेय निकाला गया है। इसकी भी जांच होगी। शासन को पत्र लिख इसके बारे में अवगत कराया जा रहा है। जिले में पीआरडी के 454 जवानों की तैनाती है। इनमें से 312 विभागीय व 142 गैर विभागीय ड्यूटी करते हैं।

## डीएम ने किया सहकारी समिति धनगांव का निरीक्षण

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने गुरुवार विकास खंड मथुरा की बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति धनगांव का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समिति के अभिलेखों, गोदामों और संचालन प्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति के कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अभिलेखों में सुधार करने और कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## जमीनों का फर्जी बैनामा कराने वाले गैंगलीडर गोल्डी को इंटर रेंज गैंग में किया पंजीकृत

**फिरोजाबाद।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा गैंगलीडर अभियुक्त गोल्डी उर्फ बबलू पुत्र गजाधर सिंह निवासी कोटला रोड़ ओझा नगर नगला करन सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद हाल पता सुहागनगर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद जो कि एक संगठित गिरोह बनाकर वकालात की आड़ में अपने साथियों संग मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ की पूर्ति हेतु धन अर्जित करने के उद्देश्य से धोखाधडी षड्यंत्र हेरा फेरी छल कपट लोगों के साथ मारपीट करके जमीनों के फर्जी बैनामा कराने व उनको जबरदस्ती हडपकर अवैध कब्जा करने जैसे अपराध कारित करने वाले गैंग को इन्टर रेंज गैंग आई0आर0-22 फिरोजाबाद के रूप में पंजीकृत किया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में इस प्रकार के गैंग का चिह्नीकरण किया गया जिसका प्रस्ताव तैयार कर गैंग पंजीकरण हेतु अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा को भेजा गया था जिसको इन्टर रेंग गैंग के रूप में पंजीकृत किया गया है। गैंगलीडर अभियुक्त गोल्डी उर्फ बबलू संगठित गिरोह बनाकर अपने अन्य साथियों मुन्नी देवी पत्नी गजाधर सिंह निवासी कोटला रोड़ ओझा नगर नगला करन सिंह थाना उत्तर फिरोजाबाद,चांद बाबू पुत्र अजमत अली निवासी माँगनी दरवाजा थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद, साहिल पुत्र चाँद बाबू निवासी माँगनी दरवाजा थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद, अशोक कुमार पुत्र स्व0 रामशरण निवासी नशेखूपुर नैपई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद, महिपाल पुत्र सूरजपाल निवासी ठारपूठा थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद, राघवेन्द्र चौहान पुत्र बलवीर सिंह निवासी मौहल्ला टीकतपुरा थाना जसराना जपनद फिरोजाबाद,दिलीप कुमार पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम वासुदेवमई थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद,नेत्रपाल पुत्र मोतीलाल निवासी जौनापई राजा का ताल थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद, प्रकाश बाबू पुत्र गजाधर सिंह निवासी कोटला रोड़ ओझा नगर नगला करन सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद, कुलदीप पुत्र गजाधर सिंह निवासी कोटला रोड़ ओझा नगर नगला करन सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद, अमरकान्त पुत्र बनवारीलाल निवासी वासुदेवमई थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद,जोधाराम पुत्र कारेलाल निवासी नगला सिरस गदपुरा थाना ऐत्मादपुर जनपद आगरा, बबीता पत्नी रामपाल निवासी नगला खरगा थाना ऐत्मादपुर जनपद आगरा.संतोष उर्फ राकेश पुत्र श्यामलाल निवासी रूरिया थाना करहल जनपद मैनपुरी हाल निवासी सैलई पुलिया के निकट किराए का मकान थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद,शीला देवी पत्नी स्व0 बैनीराम निवासी सत्यनगर टापा कला पंचशील नगर वाली गली थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद के साथ मिलकर जनपद फिरोजाबाद आगरा व जनपद शाहजहाँपुर में धोखाधड़ी व षड़यंत्र करके जमीन के फर्जी तरीके से बैनामा कराने व लोगों के साथ मारपीट करने जैसे अपराध कारित करते हैं।

## धोखाधड़ी कर 60 हजार रुपये ट्रांसफर कराने वाला आरक्षी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ़ पुलिस ने मनी ट्रान्सफर की दुकान पर वर्दी धारक पुलिस कर्मी द्वारा धोखाधडी कर खाते में 60,000 रुपये ट्रांसफर करा लेने वाले आरक्षी गजेन्द्र सिंह हाल तैनाती जनपद हाथरस को नकद 30,000 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। दिनांक 8/09/2025 को रैपुरा रोड पर मनी ट्रान्सफर की दुकान पर एक वर्दी धारक पुलिस कर्मी द्वारा धोखाधडी कर खाते में 60000 रुपये ट्रान्सफर करा लिये और मौके से फरार हो गया। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना रामगढ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था,विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त आरक्षी गजेन्द्र सिंह पुत्र गुरूप्रसाद निवासी ग्राम नगला नरिया थाना जसवन्त नगर जनपद इटावा का नाम प्रकाश में आया । जिसकी हाल तैनाती पुलिस लाइन जनपद हाथरस में है,प्रकरण में पुलिस वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास में थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि रैपुरा रोड पर मनी ट्रान्सपर की दुकान पर ठगी करने वाला पुलिसकर्मी शिकोहाबाद हाईवे की तरफ से चनौरा पुल की तरफ आ रहा है। सूचना का संज्ञान लेकर थाना रामगढ़ पुलिस टीम नेअभियुक्त आरक्षी गजेन्द्र सिह को धोखाधड़ी कर ठगी किये गये नकद 30,000 रुपये के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त आरक्षी गजेन्द्र सिंह के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## संस्कृति विवि के छात्रों ने फैलायी साइबर जागरूकता




**मथुरा।** संस्कृति विवि के पॉलिटेक्निक विभाग के विद्यार्थियों ने डिजिटल जागरूकता और साइबर सुरक्षा पर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकाली रैली के दौरान गावों में कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और लोगों की शंकाओं का भी समाधान किया गया।

यह कार्यक्रम छाता, रन्हेरा गाँव और श्री प्रेम चंद्रावती इंटर-कॉलेज की चहल-पहल भरी गलियों में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल में डिप्लोमा प्रथम वर्ष के छात्रों राहुल, सचिन, अंकित कुमार, करण सिंह, लखन सिंह, तरुण और निखिल शर्मा द्वारा प्रस्तुत एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने धोखाधड़ी वाले लिंक, ओटीपी शेयरिंग और डिजिटल घोटालों के जोखिमों पर विस्तार से जानकारी दी। श्री प्रेम चंद्रावती इंटर-कॉलेज में, छात्रों जितेंद्र, दिव्यांशु कुमार, नावेद, अनुज उपाध्याय और अंजलि तोमर ने साइबर स्वच्छता और सुरक्षा पर उपयोगी भाषण दिए। इसके बाद स्कूली छात्रों के साथ एक संवादात्मक शंका-समाधान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन अंग्रेजी की सहायक प्रोफेसर सुश्री शुभ्रा पांडे ने किया और समन्वय अजय अग्रवाल ने किया। पॉलिटेक्निक विभाग के प्राचार्य डॉ. पंकज सारस्वत ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा, कि इस कार्यक्रम ने हमारे छात्रों को कक्षा से परे व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया है। डिजिटल सुरक्षा समय की मांग है, और विद्यार्थियों के इस सराहनीय कार्य के लिए उनको बधाई देता हूं। सुश्री पांडे के नेतृत्व, श्री अग्रवाल के समन्वय और छात्र नेताओं सूरज भारद्वाज, दीपक और तरुण बरोलिया के सहयोग से, इस कार्यक्रम ने न केवल साइबर अपराध के बारे में जागरूकता फैलाई, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता के प्रति संस्कृति विवि की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया।

## थाना मंटोला ढोली खार से युवक लापता

**आगरा।** थाना मंटोला ढोली खार का रहने बाला इस्तिखार घर से बच्चो के लिये खाना लेने की कहे कर गया नही लोटा घर तो घर बालो को चिंता होने लगी घर बालो ने काफी तलाश किया लेकिन कहि नही मिला दिनांक 28.09.2025 से लापता है। शहजान पुत्र मौ० शबाब निवासी 22/153 ढोलीखार थाना मण्टोला आगरा का रहने बाला है। शारूख का भाई इस्तिखार दिनांक 28.09.2025 को समय रात्रि 10 बजे अपने घर से बच्चों के लिये खाना लाने की बोलकर एक्टिवा जिसका नम्बर यूपी 80 जीएस 6873 से गया था, जिसके बाद भाई के रात भर वापस न आने पर शहजान व परिजनों ने काफी तलाश किया तथा सारी रिश्तेदारियों व जान पहचान के लोगों के यहाँ जाकर व फोन कर तलाश किया लेकिन प्रार्थी के भाई की कोई जानकारी नही हुई। इसके बाद शहजान ने थाना मण्टोला मे एक शिकायती प्रार्थनापत्र दिया जिसके बाद शहजान द्वारा शहर के प्रत्येक थानों मे जाकर तलाश किया गया। जिसमें के भाई की गाडी थाना एत्माददौला में दिनांक 01.10.2025 को खडी मिली प्रार्थी ने गाडी को पहचान कर थाना पुलिस एत्माददौला से गाडी की जानकारी की तो पता चला कि पुलिस ने गाडी को आरपीएफ चौकी घाट यमुना पार थाना एत्माददौला आगरा से उठाकर लाये है। प्रार्थी ने थाना मण्टोला पुलिस को जानकारी दी थाना पुलिस मौके पर थाना एत्माादौला आगरा पहुँची जहाँ पर थाना मण्टोला पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक किये जिसमें शहजान का भाई दिखाई दिया जिसके बाद थाना मण्टोला पुलिस तलाश कर रही थी। जिसमें शहजान के भाई की कोई जानकारी नही हुई तो परेशान होकर शहजान ने एक प्रार्थनापत्र 8.10.2025 को पुलिस उपायुक्त नगर आगरा को स्वयं उपस्थित होकर दिया। जिसमें पुलिस उपायुक्त नगर ने थाना मण्टोला पुलिस को फोन कर टीम गठित कर शहजान के भाई को सकुशल तलाश कर बरामद करने के आदेश दिये। शहजान के भाई के अभी तक न मिलने से शहजान व उसके परिजन काफी भयभीत है।

## विप्रा ने किया ब्रज निवास आश्रम आंशिक रूप से सील



**मथुरा।** विकास प्राधिकरण ने उपाध्यक्ष के निर्देश पर विप्रा की टीम ने वृंदावन में अवैध संचालित आश्रम ब्रज निवास पर आंशिक रूप से सीलिंग कार्रवाई की है। यह कार्रवाई प्रवर्तन दल की मौजूदगी में की गई। गुरुवार विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार छटीकरा मार्ग वृंदावन पर अतुल अग्रवाल द्वारा संचालित आश्रम बज निवास को आंशिक रूप से सील किया गया। क्योंकि सीलिंग के दौरान होटल के कमरों में दर्शनार्थी निवास कर रहे थे। होटल संचालक को चेतावनी दी गई थी भविष्य में बुकिंग को निरस्त करें। जिससे सीलिंग की संपूर्ण कार्रवाई की जा सके। सीलिंग के दौरान परिवर्तन खंड के सहायक अभियंता, अवर अभियंता सहित वृंदावन पुलिस मौजूद रही।

## यूट्यूबर एल्विश यादव ने लिया संत प्रेमानंद का आशीर्वाद, दिया जाप करने का वचन

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे। उन्होंने ने संत का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए दिन में 10,000 बार दिव्य नाम ॠराधाॠ का जाप करने का वचन दिया। इस दौरान संत के हाल के बारे में जानकारी ली। इस बातचीत का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें संत ने उनसे कहा कि दोनों किडनी फेल हैं। प्रेमानंद तो चला जाएगा, लेकिन राधा नाम हमेशा रहेगा। ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। गौरतलब हो कि संत प्रेमानंद जी महाराज की तबियत इन दिनों खराब चल रही है और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के चलते उन्होंने अपनी पदयात्रा भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी है। ऐसे में गुरुवार को एल्विश यादव ने केलि कुंज आश्रम वृंदावन पहुंचे। उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज के सामने बैठकर उनकी बातों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संत से उनके स्वास्थ्य के बारे में भी पूछा, जिस पर महाराज ने कहा कि अब मेरा स्वास्थ क्या ठीक होना है। मेरी तो दोनों किडनी फेल हैं। पर हां भगवान ने ऐसा किया है कि आपसे बात हो रही है, आपसे मिल सकते हैं। बात कर सकते हैं। बस इतनी कृपा है तय है। नहीं तो दोनों किडनी फेल हैं। ठीक क्या होना है अब तो जाना है। आज नहीं तो कल जाना है। महाराज ने एल्विश भावुक से बड़ी सहजता से कहा कि अब शरीर कितना भी संभाल लो, जाना तो सबको ही है।उनकी इस बात पर एल्विश भावुक हो गए और बोले कि वो अपने जीवन में संतों के मार्गदर्शन पर चलना चाहते हैं। संत प्रेमानंद महाराज ने कहा कि भगवान चलावें तो मरे को भी जिंदा कर दें। अब हमारी आशा तो नहीं रह गई। क्योंकि दोनों किडनी फेल हैं। राधा नाम सबका मंगल करेगा, राधा नाम सबको जीवन दान देगा, राधा नाम सबकी कामनाएं पूर्ण करेगा। प्रेमानंद चला जाएगा लेकिन राधानाम कभी नहीं जाएगा। प्रेमानंद के द्वारा गाया गया राधा नाम की छाप जन जन में रहेगी। राधा नाम का प्रभाव रहेगा। उन्होंने एकांतिक वातालर्राप में मौजूद लोगों से कहा कि आप भी नाम जप करते हो, थोड़ा तो नाम जप किया करो।

## महिला को सुनसान जगह ले जाने वाला ऑटो चालक मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा रात्रि में संगम एक्सप्रेस से रेलवे स्टेशन शिकोहाबाद पर उतरी एक महिला जो मैनपुरी चौराहा जाने के लिए एक ऑटो में बैठी थी, के साथ ऑटो चालक द्वारा गलत मंशा से सुनसान जगह पर ले जाने वाला ऑटो चालक अभियुक्त राजेश पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 8-10-2025 की रात्रि करीब 1 बजे एक महिला शिकोहाबाद स्टेशन पर संगम एक्सप्रेस से उतरी थीं। स्टेशन से बाहर निकलकर मैनपुरी चौराहा जाने के लिये ऑटो में बैठ गई,रास्ते में ऑटो चालक ऑटो को हाइवे से सर्विस रोड पर गलत मंशा के साथ सुनसान जगह पर ले जाने लगा,इसी दौरान ऑटो में बैठी महिला ऑटो चालक की मंशा को भांपकर ऑटो से कूद गयी। जिससे महिला को चोट लगी, महिला की तहरीर के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। एस.पी ग्रामीण अनुज चौधरी के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के तहत उक्त ऑटो चालक की गिरफ्तारी हेतु घटना के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा गया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ऑटो चालक की घेराबंदी की जिस पर अपने को घिरता देख अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजेश कुमार पुत्र लल्लूराम निवासी नगला कन्हई थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई जिसके कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा, एक खोखा कारतूस घटना में प्रयुक्त ऑटो , पीड़िता का एक बैग जिसके अंदर उसके कपड़े और पानी की बोतल को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की है।

# राज्यसभा सांसद ने किया स्वदेशी मेले का उद्घाटन

- **यह स्वदेशी मेला भारत की स्वदेशी विचारधारा संस्कृति और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाला आयोजन है**

जिला संवाददाता (vol)



**फिरोजाबाद।** आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु स्वदेशी अपनाने का जो मंत्र प्रधानमंत्री ने दिया है,उसको जन-जन तक पहुंचाने हेतु 9 से 18 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जनपदों में स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है,जनपद फिरोजाबाद में यह मेला उद्यान विभाग के प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है, मेले का फीता काटकर सांसद राज्यसभा अरुण सिंह द्वारा उद्घाटन किया गया,इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह,मेयर कामिनी राठौर,भाजपा नगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर,मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य और भारतीय जनता पार्टी मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता भी मौजूद रहें। इस स्वदेशी मेले में उद्योग विभाग खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड मांटी कला बोर्ड हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग रेशम विभाग ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाई गई,यह स्वदेशी मेला भारत की स्वदेशी विचारधारा संस्कृति और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाला आयोजन है, इस मेले द्वारा स्थानीय कार्यक्रम और छोटे उद्योगों के उत्पाद को एक मंच प्रदान करना है,जहां वह अपने हस्त निर्मित उत्पादों पारंपरिक वस्त्रों, आभूषणों, हैंडीक्राफ्ट उत्पादों और क्षेत्रीय व्यंजनों को प्रदर्शित कर सकें और उनको विक्रय भी कर सकें, प्रधानमंत्री के इस आहवान में भारतीय कला संस्कृति और परंपराओं को संजाने का एक मंतव्य है, स्वदेशी अपनाएं देश को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ आयोजित इस मेले में बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आईये हम सब स्वदेशी अपनाने हेतु अपने को संकल्पित करें और स्वदेशी के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करें,जो आगे चलकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा अब जरूरत है कि हम अपने दिनचर्या में स्वदेशी को शामिल करें और अपने कार्यों के साथ-साथ अपने मनोबल को भी आत्मनिर्भरता की तरफ ले जाएं, इसलिए जरूरत है कि हम सभी आज के दिन संकल्पित हो, कि अब से हम केवल स्वदेशी वस्तुओं का ही इस्तेमाल करेंगे, जिसमें भारत की मिट्टी की खुशबू आती हो और नौजवानों का पसीना उसमें शामिल हो, इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों ने स्टालों का निरीक्षण भी किया और वहां लगे स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शन की अत्यंत सराहना की।




# द. अफ्रीका ने भारत को तीन विकेट से हराया

## महिला विश्व कप : भारत ने अंतिम नौ ओवर में 97 रन जुटाये

एजेंसी



**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम को विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 में पहली हार झेलनी पड़ी है। उसे साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट से हराया। गुरुवार को साउथ अफ्रीका ने 252 रन का टारगेट 48.5 ओवर में 7 विकेट खोकर चेज कर लिया। नदिन डी क्लर्क 84 रन बनाकर नाबाद लौटीं। उन्होंने क्लो ट्रायोन के साथ 60 बॉल पर 69 रन की साझेदारी की।

साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम 49.5 ओवर में 251 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। एक समय भारत के 6 विकेट 102 रन पर गिर गए थे। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने 77 गेंदों पर 94 रन की पारी खेलकर टीम को संभाला।

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष के ताबड़तोड़ अर्धशतक और स्नेह राणा के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी से भारत ने आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप में बृहस्पतिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरते हुए 251 रन का स्कोर खड़ा किया। बाएं हाथ की स्पिनरों क्लो ट्रायोन (32 रन पर तीन विकेट) और नोनकुलुलेको मलाबा (46 रन पर दो विकेट) ने बीच के ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों पर शिकंजा कसते हुए स्कोर छह विकेट पर 102 रन कर दिया लेकिन ऋचा (94 रन, 77 गेंद, 11 चौके, चार छक्के) और स्नेह (33 रन, 24 गेंद, छह चौके) ने आठवें विकेट के लिए 53 गेंद में 88 रन की तूफानी साझेदारी की जिससे मेजबान टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। ऋचा ने अमजोत कौर (13) के साथ भी सातवें विकेट के लिए 51 रन जोड़े। मारिजेन कैप (45 रन पर दो विकेट) और नेदिन डि क्लर्क (52 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट चटकाए जिससे भारतीय टीम 49.5 ओवर में सिमट गई। भारत ने अंतिम नौ ओवर में 97 रन जुटाए। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद प्रतिका रावल (37) और स्मृति मंधाना (23) ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़कर टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। प्रतिका एक बार फिर अच्छी लय में नजर आई जबकि स्मृति को जूझना पड़ा। प्रतिका ने मारिजेन कैप के पहले ही ओवर में दो चौकों के साथ शुरुआत की और फिर अयाबोंका खाका की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। प्रतिका ने पारी के पांचवें ओवर में कैप पर लगातार दो चौके मारे। स्मृति ने खाका पर पारी का पहला छक्का जड़ा जबकि नेदिन डि क्लर्क का स्वागत चौके के साथ किया लेकिन 11वें ओवर में मलाबा की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर सुने लुस को कैच दे बैठीं। अच्छी फॉर्म में चल रहीं हरलीन देओल सिर्फ 13 रन बनाने के बाद मलाबा की तेजी से स्पिन लेती गेंद पर बोल्ड हो गईं। तेज गेंदबाज तुमी सेखुखुने ने 20वें ओवर में प्रतिका को ताजमिन ब्रिट्स के हाथों कैच कराके भारत को बड़ा झटका दिया। प्रतिका ने 56 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके मारे। ट्रायोन ने अगले ओवर में जेमिमा रोड्रिग्स (00) को पगबाधा किया। भारत के रनों का शतक 25वें ओवर में पूरा हुआ लेकिन इसी ओवर में कप्तान हरनमप्रीत कौर (09) ट्रायोन की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर कैप को कैच दे बैठीं। कैप ने अगले ओवर में दीप्ति शर्मा (04) को विकेटकीपर सिनालो जाफ्ता के हाथों कैच कराया जिससे भारत का स्कोर एक विकेट पर 83 रन से छह विकेट पर 102 रन हो गया। अमनजोत और ऋचा ने इसके बाद पारी को संभाला। ऋचा अच्छी लय में नजर आईं जबकि बुखार के कारण पाकिस्तान ने खिलाफ पिछले मैच से बाहर करने वाली अमनजोत ने सतर्कता के साथ बल्लेबाजी की।

# वेस्टइंडीज पर एक और बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा भारत



नयी दिल्ली। पहले मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत मेजबान भारत शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को एक और करारी शिकस्त देने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा हालांकि इस मैच में उसकी निगाहें साई सुदर्शन के धैर्य और घरेलू परिस्थितियों में नीतीश कुमार रेड्डी की उपयोगिता पर टिकी होंगी।

भारत के पास प्रतिभाशाली क्रिकेटरों का शानदार समूह है, जिनमें से प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी शीर्ष टीम में जगह बनाने में सक्षम है। उसका मुकाबला वेस्टइंडीज की उस टीम से होगा जिसका अतीत गौरवशाली रहा है लेकिन जो वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की विश्व भर में टी20 लीग में खेलने के लिए बड़ी मांग है लेकिन खेल के सबसे लंबे प्रारूप में उसके पास बेहद कमजोर और अनुभवहीन खिलाड़ी हैं। अहमदाबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में उसकी टीम किसी भी समय भारत के सामने चुनौती पेश नहीं कर सकी। भारत ने यह मैच पारी के अंतर से जीता था जो कैरेबियाई क्रिकेट की वर्तमान स्थिति का प्रमाण है। भारत के लिए एक और प्रभावशाली प्रदर्शन का मतलब सिर्फ श्रृंखला जीतना नहीं है, बल्कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका पर अपनी स्थिति मजबूत करना और इस साल के अंत में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफीका के खिलाफ कड़ी चुनौती के लिए आत्मविश्वास बढ़ाना भी है। भारत फिरोज शाह कोटला में भी मैच को जल्दी समाप्त कर सकता है जहां की पिच से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। यह तय है कि भारत अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं करेगा और नीतीश टीम में बने रहेंगे जिन्हें टीम प्रबंधन भविष्य के लिए गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में तैयार करने पर ध्यान दे रहा है।

भारत की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में वह नीतीश को अपनी गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देने के लिए कह रहा है। चयनकर्ता और कोच अभी साई सुदर्शन को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं, लेकिन वह पिछली सात पारियों में से छह में असफल रहे। इस तरह की परिस्थितियां एक ऐसे खिलाड़ी के लिए वास्तविकता की परीक्षा पेश करती हैं, जो अभी भी लाल गेंद के चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहा है। यशस्वी जायसवाल ने पहले मैच में अच्छी शुरुआत की जबकि केएल राहुल अपने जीवन की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले छह टेस्ट मैचों में तीन शतक लगाए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने भी पहले मैच में अर्धशतक जड़ा। ऐसे में सुदर्शन का खराब स्कोर खटक रहा है क्योंकि ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने भी अहमदाबाद में शतक लगाए थे।

सुदर्शन को हालांकि गिल का समर्थन प्राप्त है, लेकिन इस बल्लेबाज को अपने विकेट की कीमत को समझना पड़ेगा क्योंकि उनकी जगह लेने के लिए कई अन्य खिलाड़ी कतार में खड़े हैं। भारतीय टीम जहां खेल के हर विभाग में मजबूत नजर आती है वही वेस्टइंडीज का प्रत्येक विभाग कमजोर नजर आता है। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने दूसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी टीम की टेस्ट क्रिकेट में यह गिरावट कैंसर के समान है जिसका इलाज फिलहाल असंभव लगता है। मंगलवार की शाम को जब भारतीय टीम मुख्य कोच गौतम गंभीर के निवास पर रात्रि भोज के लिए एकत्रित हुई, तो वेस्टइंडीज के खिलाड़ी अनौपचारिक अभ्यास सत्र के लिए पास के गोल्फ कोर्स में चले गए।

## संक्षेप

### मुंबई क्रिकेट संघ के चुनाव 12 नवंबर को

मुंबई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने गुरुवार को अपने पदाधिकारियों, शीर्ष परिषद के सदस्यों और टी20 मुंबई लीग की संचालन परिषद के चुनावों की तारीख 12 नवंबर घोषित की। पिछले वर्ष एमसीए को अमोल काले के निधन के बाद अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराना पड़ा था और उनके स्थान पर अजिंक्य नाइक ने यह पद संभाला था। उन्होंने चुनाव में संजय नेल को हराया था। अजिंक्य नाइक के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने के साथ ही अभय हडप ने सचिव का पद संभाला था।

### बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम का पदक पक्का

गुवाहाटी। भारत ने बृहस्पतिवार को यहां विश्व जूनियर मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप में कोरिया को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और अपना पहला पदक पक्का किया। मेजबान टीम ने लगभग तीन घंटे तक चले रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 44-45, 45-30, 45-33 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के इतिहास में अपना पहला मिश्रित टीम पदक पक्का कर लिया। अब सेमीफाइनल में भारत का सामना एशियाई अंडर-19 मिश्रित टीम चैंपियन इंडोनेशिया से होगा।

### थिगाला की अच्छी शुरुआत संयुक्त चौथे स्थान पर

योकोहामा (जापान)। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहिथ थिगाला ने बृहस्पतिवार को यहां पीजीए टूर पर बेकरंट क्लासिक के पहले दौर में एक डबल बोगी के बावजूद तीन अंडर 68 का कार्ड बनाया। इससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर हैं और शीर्ष पांच खिलाड़ियों में बने हुए हैं। गर्दन की चोट से परेशान रहे थिगाला ने मुश्किल परिस्थितियों में पांच बर्डी लगाईं और एक डबल बोगी कर बैठे।

### आईएसएसएफ में हिस्सा लेंगे भारत के छह स्कीट निशानेबाज

एथेंस । ओलंपियन मैराज अहमद खान और अनंतजीत सिंह नरुका शुक्रवार से यहां शुरू हो रही अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व शॉटगन चैंपियनशिप में छह सदस्यीय भारतीय स्कीट टीम का नेतृत्व करेंगे। भावतेग सिंह गिल पुरुष वर्ग में तीसरे भारतीय हैं। महिला वर्ग में एक अन्य ओलंपियन रायजा ढिल्लों , गनेमत सेखों और परिनाज धालीवाल के साथ भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगी।

# 17 दिसंबर से होगा सिंधी प्रीमियर लीग का आयोजन

लखनऊ। सिंधी समाज के युवाओं को मंच देने के लिए लगातार कई साल से हो रहे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट सिंधी प्रीमियर लीग के आयोजन की तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही है। इसी क्रम में संतजादा साई मोहन लाल साहिब जी ने अपनी पावन उपस्थिति में इस शानदार आयोजन के शुरूआत की आधारशिला रखी। उन्होंने सिंधी प्रीमियर लीग (एसपीएल) नेशनल लेवल 2025 की कोर टीम के साथ

> संतजादा साई मोहन लाल साहिब के सौजन्य से सिंधी प्रीमियर लीग की तैयारियां शुरू

लीग के पोस्टर की विधिवत लान्चिंग की और टूर्नामेंट के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। लीग के संयोजक सतेंद्र भवनानी ने बताया कि हर बार की भांति इस वर्ष भी यह लीग आशियाना स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर के मैदान में खेली जाएगी, जहां इसका आयोजन आगामी 17 से 21 दिसंबर 2025 तक होगा। इस बार लीग में लखनऊ की 5 और पूरे देशभर की 11 सहित कुल 16 टीमें विजेता ट्रॉफी के लिए मैदान में उतरेंगी। वहीं सभी मुकाबले रोमांचक नॉकआउट फार्मेट मे खेले जाएंगे। सिंधी कॉउंसिल ऑफ इंडिया (यूथ विंग) उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विवेक लधानी ने बताया कि इस बार लीग में कई खास आकर्षण भी होंगे।



इसमें वेटरन की 4 टीमें अपने अनुभव और जुनून का संगम दिखाने को तैयार है जबकि अंडर-14 श्रेणी की 4 टीमें भविष्य के सितारों को चमकने का मौका देंगी।

लीग के संयोजक भीमेश अठवानी व कपिल सावलानी ने बताया कि हर मैच के मैन ऑफ द मैच के साथ टूनामेंट के विशेष पुरस्कार सहित विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार भी मिलेगा। सिंधी कॉउंसिल ऑफ इंडिया (यूथ विंग) के राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र खत्री ने अपने संदेश में कहा कि यह लीग सिर्फ एक टूनामेंट नहीं, बल्कि सिंधी समाज की एकता, उत्साह और गौरव का महापर्व है। इस दौरान क्रिकेट के साथ मनोरंजन, गेम्स, संगीत, फूड स्टॉल्स और कई अन्य गतिविधियां भी होंगी, जिनका आनंद पूरा शहर उठाएगा! पोस्टर लान्चिंग के अवसर पर राज अठवानी, सुमित डेंबला, राकेश अठवानी, पुलकित राजपाल, रवि सवलानी तथा मयंक सेहता भी मौजूद रहे।

## रोहित, कोहली को विजय हजारे में खेलने का मौका

नयी दिल्ली। जनवरी में न्यूजीलैंड वनडे श्रृंखला से पहले रोहित शर्मा और विराट कोहली के कम से कम तीन या चार विजय हजारे ट्रॉफी मैचों में खेलने की उम्मीद है बशर्ते उनका लक्ष्य 2027 विश्व कप में खेलने का हो। दक्षिण अफ्रीका वनडे के समापन और न्यूजीलैंड वनडे श्रृंखला के शुरु होने के बीच दिल्ली और मुंबई के लिए विजय हज़ारे ट्रॉफी के कम से कम छह दौर के मैच होंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता उम्मीद करेंगे कि यह उम्रदराज़ जोड़ी 50 ओवरों के इन मैचों में खेले। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक फिट और उपलब्ध केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी से घरेलू क्रिकेट खेलने की उम्मीद की जाती है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, छह दिसंबर को विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी वनडे और 11 जनवरी को वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे के बीच पांच सप्ताह का समय है। सूत्र ने कहा विजय हजारे ट्रॉफी 24 दिसंबर से शुरू होगी। मुंबई के लिए छह दौर के मैच होंगे। रोहित से टीम से जुड़ने से पहले कम से कम तीन दौर खेलने की उम्मीद की जाएगी। विराट से भी। यहां तक कि रविचंद्रन अश्विन ने भी अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था कि दोनों को लय में आने के लिए थोड़ा घरेलू क्रिकेट खेलना पड़ सकता है ।

# सऊदी अरब ने इंडोनेशिया को हराया

एजेंसी

जेद्दा। सऊदी अरब ने इंडोनेशिया को 3-2 से हराकर 2026 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। सऊदी अरब अगर अगले मंगलवार को जेद्दा में ही इराक के खिलाफ जीत

> फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंचा सऊदी अरब

हासिल कर लेता है तो ग्रुप बी में पहला स्थान और सातवीं बार विश्व कप में प्रवेश सुनिश्चित कर लेगा।

एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे दौर में तीन-तीन टीम के दो ग्रुप के विजेता ही विश्व कप में स्वतः प्रवेश पा सकेंगे। बुधवार को खेले गए मैच में इंडोनेशिया ने पहला गोल किया जब केविन डिक्स ने 11वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। इसके छह मिनट बाद सालेह अबू अल-शमात ने बराबरी का गोल किया और 37वें मिनट में फिरास अल-बुरैकन के



पेनल्टी पर किए गए गोल ने सऊदी अरब को बढ़त दिला दी। अल-बुरैकन ने दूसरे हाफ में फिर से गोल किया, लेकिन डिक्स ने 89वें मिनट में दूसरी पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इससे हालांकि हार का अंतर ही कम हो पाया। वहीं दूसरी ओर स्टार फुटबॉलर मोहम्मद सलाह के शानदार प्रदर्शन की मदद से मिस्र ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए टिकट हासिल कर लिया। लिवरपूल के सुपरस्टार सलाह ने बुधवार को मिस्र की जिबूती पर 3-0 की जीत में दो गोल किए। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि मिस्र एक राउंड शेष रहते अफ्रीकी क्वालीफाइंग के अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहेगा। मिस्र अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी अफ्रीकी टीम है।

उससे पहले मोरक्को और ट्यूनीशिया ने विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली थी। सलाह के अलावा इब्राहिम अदेल ने भी मिस्र के लिए गोल किया। अफ्रीका से कुल नौ टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। मिस्र ने इससे पहले 2018 में विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन तब उसे अपने तीनों ग्रुप मैच में मेजबान रूस, उरुग्वे और सऊदी अरब से हार का सामना करना पड़ा था। बुर्किना फासो सिएरा लियोन पर 1-0 की जीत के बाद ग्रुप ए में मिस्र के बाद दूसरे स्थान पर है, जबकि इथियोपिया ने गिनी बिसाऊको 1-0 से हराया। इस बीच केप वर्डे ने 3-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लीबिया के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेला जिससे वह पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया।

## क्लच चेस : कास्परोव ने आनंद पर शुरुआती बढ़त बनायी

सेंट लुई (अमेरिका)। महान खिलाड़ियों के बीच मुकाबले के पहले दिन गैरी कास्परोव ने यहां तीसरी बाजी में भारत के विश्वनाथन आनंद को हराकर क्लच शतरंज मुकाबले में 2.5-1.5 की बढ़त बना ली। शतरंज के इतिहास के संभवतः सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कास्परोव ने 62 साल की उम्र में दिखाया कि 21 साल पहले संन्यास लेने के बावजूद उनमें अब भी काफी शतरंज बचा है। आनंद को भी मौके मिले लेकिन वह उनका फायदा उठाने में नाकाम रहे। शतरंज 960 प्रारूप के तहत रोजाना दो रैपिड और दो ब्लिट्ज मुकाबले होने हैं। दिन की शुरुआती दो बाजी ड्रॉ रहीं जिसके बाद कास्परोव ने तीसरी बाजी में आनंद को हराया। आनंद के पास बाजी को ड्रॉ कराने का मौका था लेकिन वह चूक गए। पहली बाजी में भी आनंद का पलड़ा भारी था लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने सहज गल्तियां करके दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कास्परोव को वापसी करके बाजी ड्रॉ कराने का मौका दे दिया।

## न्यूजीलैंड को पेचीदा पिच पर आजमाने को तैयार बांग्लादेश

गुवाहाटी। आत्मविश्वास से ओतप्रोत बांग्लादेशी टीम का सामना आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के ग्रुप मैच में खराब फॉर्म से जूझ रही पूर्व चैम्पियन न्यूजीलैंड से यहां शुक्रवार को होगा तो उसके स्पिनर अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। न्यूजीलैंड ने लगातार दो हार का सामना किया है और उसका जीत का खाता नहीं खुल सका है। वहीं बांग्लादेश की नजरें दूसरी जीत दर्ज करके शीर्ष चार में जगह पक्की करने पर लगी होंगी। न्यूजीलैंड ने 2000 में खिताब जीता था और अब लगातार तीसरी हार के साथ उसे जल्दी बाहर होना पड़ सकता है। बांग्लादेश की ताकत उसका स्पिन आक्रमण रही है और गुवाहाटी की सूखी पिच पर स्पिनरों को मदद भी मिलेगी। वे इंग्लैंड से मिली हार के बाद जीत की राह पर लौटना चाहेंगे। उपकप्तान नाहिदा अख्तर की अगुवाई में बांग्लादेश की स्पिन चौकड़ी ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। सभी प्रारूपों में बांग्लादेश के लिये सर्वाधिक विकेट ले चुकी नाहिदा से कीवी बल्लेबाजों को संभलकर रहना होगा। नाहिदा का साथ देने के लिये लेग ब्रेक गेंदबाज फाहिमा खातून और राबिया खान हैं जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ निचले क्रम पर रन भी बनाये। अठारह वर्ष की शोरना अख्तर ने पाकिस्तान पर मिली जीत में 3 . 3 ओवर में पांच रन देकर तीन विकेट लिये। तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर अपने उम्दा फॉर्म को जारी रखना चाहेंगी जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ दो विकेट लिये थे। उनकी रफ्तार न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाजों के लिये सिरदर्द साबित हो सकती है जो खाता खोलने में भी नाकाम रहे थे। अनुभवी सूजी बेट्स दोनों मैचों में शून्य पर आउट हो गई।

# सबालेंका व जेसिका पेगुला क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

वुहान (चीन)। अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और जेसिका पेगुला ने बृहस्पतिवार को यहां वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज सबालेंका ने लियूडमिला समैससोनोवा को 6-3 6-3 से हराकर वुहान ओपन में जीत का सिलसिला जारी रखा और अपनी 19वीं जीत दर्ज की। सबालेंका ने 2018, 2019 और 2024 में वुहान ओपन के खिताब जीते थे। इससे पहले जेसिका पेगुला ने तीसरे सेट में शुरुआती सर्विस ब्रेक से उबरते हुए एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-5 3-6, 6-3 से हराकर। पिछले सप्ताह चाइना ओपन सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला ने निर्णायक सेट में स्कोर 2-2 से बराबर किया और फिर अंतिम पांच में से चार गेम जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। वहीं दूसरी ओर



सैमसोनोवा का सामना करेगी। विश्व में 16वें नंबर की सैमसोनोवा ने पिछले मैच में सोफिया केनिन को हराया था।

जेसिका पेगुला ने गुरुवार को यहां तीसरे सेट में शुरुआती सर्विस ब्रेक से उबरते हुए एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-5 3-6 6-3 से हराकर वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले सप्ताह चाइना ओपन सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला ने निर्णायक सेट में स्कोर 2-2 से बराबर किया और फिर अंतिम पांच में से चार गेम जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। अमेरिकी ओपन चैंपियन और यहां तीन बार खिताब जीतने वाली एरिना सबालेंका गुरुवार को मुख्य कोर्ट पर ल्यूडमिला

## मैक्सवेल को भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के आखिरी मैचों में खेलने की उम्मीद

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के स्टार आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को उम्मीद है कि वह भारत के खिलाफ आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के आखिरी मैचों तक पूरी फिटनेस हासिल कर लेंगे। मैक्सवेल ने अपनी दाहिनी कलाई की सर्जरी कराई है। यह 36 वर्षीय खिलाड़ी माउंट माउंगानुई में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले नेट सत्र के दौरान टीम के साथी मिशेल ओवेन का शॉट कलाई पर लगने से चोटिल हो गया था। उन्हें भारत के खिलाफ 29 और 31 अक्टूबर को होने वाले पहले दो टी-20 मैचों के लिए टीम में नहीं चुना गया है। मैक्सवेल ने यहां एक कार्यक्रम के अवसर पर संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि पिछले सप्ताह सर्जरी कराने से मुझे भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज में खेलने की थोड़ी उम्मीद जगी है। इसके लिए मुझे जल्द से जल्द फिटनेस हासिल करनी होगी। मैक्सवेल ने जल्द से जल्द फिटनेस हासिल करने के लिए सर्जरी का विकल्प चुना, ताकि वह भारत के साथ होने वाली सीरीज के अंतिम तीन मैचों के लिए उपलब्ध रह सकें। ये मैच होबार्ट (दो नवंबर), गोल्ड कोस्ट (छह नवंबर) और ब्रिस्बेन (आठ नवंबर) में खेले जाएंगे। उन्होंने कहा मैंने सर्जरी इसलिए करवाई क्योंकि मुझे दो विकल्प दिए गए थे ।

# नॉकआउट मैचों में भारत ने लगातार जीती ट्रॉफी

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि नॉकआउट मैचों में असफलता के डर पर काबू पाना पिछले 15 महीनों में राष्ट्रीय टीम की शानदार सफलता में अहम रहा है। जून 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद से भारत ने दो आईसीसी खिताब और एशिया कप जीता है। टीम ने फरवरी में वनडे प्रारूप में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी लेकिन पिछले महीने भारत ने सूर्यकुमार की अगुआई में टी20 प्रारूप में अपना दूसरा एशिया कप खिताब जीता। इस बिग हिटर बल्लेबाज ने कहा कि भारत को आक्रामक क्रिकेट खेलने का पूरा फायदा मिल रहा है। सूर्यकुमार ने स्काईस्कैनर कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे लगता है कि पिछले डेढ़ साल में, जब से हमने चैंपियनशिप जीतना शुरू किया तो हमने इस खेल को थोड़ा अलग अंदाज़ में खेलना शुरू कर दिया। नॉकआउट परिस्थितियों में असफलता के डर के बारे में नहीं सोचें, बस मैदान पर उतरें और वही करें जो हम सबसे अच्छा करते हैं। परिणाम के बारे में सोचने के बजाय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। जून 2024 में बारबाडोस में ट्रॉफी जीतने से पहले भारत ने 10 साल से ज्यादा समय तक कोई आईसीसी प्रतियोगिता नहीं जीती थी। सूर्यकुमार ने कहा कि मानसिक रूप में बदलाव करने से इच्छा के अनुरूप परिणाम मिले। सूर्यकुमार ने कहा हमने टीम के अंदर यही माहौल बनाया है, यही जज्बा है, यही संस्कृति है। 2022 से ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के बाद हमने सोचा कि हमें कुछ अलग करना होगा। भारतीय टी20 कप्तान ने कहा हमने सोचा कि अगर हमें चैंपियनशिप जीतनी है तो हमें अलग अंदाज में खेलना होगा। सूर्यकुमार ने कप्तानी के गुर सिखाने का श्रेय रोहित शर्मा को भी दिया। उन्होंने कहा, उनके साथ भाई जैसा रिश्ता है। मुझे आज भी याद है जब मैंने 2010-2011 में बॉम्बे के लिए अपना प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। वह घरेलू सर्किट में थे और वहां से आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस में पहुंचे। उन्होंने कहा फिर मैं कोलकाता नाइट राइडर्स में चला गया। लेकिन जब मैं 2018 में वापस मुंबई इंडियंस में आया तो वह कप्तान थे। यहीं से मेरा सफर शुरू हुआ। मैंने क्रिकेट के कई गुर सीखे। नेतृत्व के सारे गुण सीखे। वह मैदान पर और मैदान के बाहर सभी को कैसे संभालते थे, यह भी। वहीं दूसरी ओर भारत की वनडे टीम के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को कहा कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम की 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप की योजना का हिस्सा बने रहेंगे क्योंकि उनके कौशल और अपार अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि वह इस महीने के अंत में आस्ट्रेलिया दौरे से इस प्रारूप की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने और खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 26 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के साथ अपनी एकदिवसीय कप्तानी की शुरुआत करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि रोहित और कोहली अगले वनडे विश्व कप की योजना का हिस्सा हैं तो गिल चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की तरह सतर्क नहीं थे जिन्होंने हाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस मुद्दे पर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई थी। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पूर्व संध्या पर उन्हें वनडे टीम का कप्तान भी नियुक्त करने से संबंधित सवालों के जवाब देते हुए कहा, बिल्कुल।


# छह लाख करोड़ से 10 हजार किलोमीटर 25 नये एक्सप्रेसवे बना रही है सरकार : गडकरी

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार देशभर में छह लाख करोड़ रुपये की लागत से 25 ग्रीनफील्ड (नए) एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रही है, जिनकी लंबाई कुल 10,000 किलोमीटर होगी। पीएचडीसीसीआई के 120वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि रणनीतिक जोजिला सुरंग का 75-80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। यह सुरंग लद्दाख क्षेत्र और देश के बाकी हिस्सों के बीच सभी मौसम में संपर्क प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यदि राजमार्ग मंत्रालय अपनी सड़क परियोजनाओं का मौद्रीकरण करता है तो उसे 15 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों के निर्माण से देश की लॉजिस्टिक्स लागत 16 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि दिसंबर तक भारत की लॉजिस्टिक्स लागत घटकर नौ प्रतिशत रह जाएगी जिससे भारत को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी। अमेरिका में लॉजिस्टिक्स लागत 12 प्रतिशत, यूरोपीय देशों में 12 प्रतिशत और चीन में आठ से 10 प्रतिशत है। भारत के मोटर वाहन क्षेत्र के बारे में बात करते हुए मंत्री ने कहा, पांच साल के भीतर हमारा लक्ष्य भारत के मोटर वाहन उद्योग को दुनिया में नंबर एक बनाना है। जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब भारतीय मोटर वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था। आज भारतीय मोटर वाहन उद्योग का आकार 22 लाख करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन क्षेत्र चार लाख युवाओं को रोजगार देता है और केंद्र व राज्यों को सबसे अधिक जीएसटी (माल एवं सेवा कर) राजस्व प्रदान करता है। अमेरिकी मोटर वाहन उद्योग का वर्तमान में आकार 78 लाख करोड़ रुपये है, उसके बाद चीन (47 लाख करोड़ रुपये) और भारत (22 लाख करोड़ रुपये) का स्थान है। उन्होंने कहा कि जीवाश्म ईंधन पर भारत की निर्भरता एक आर्थिक बोझ है, क्योंकि ईंधन आयात पर सालाना 22 लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं और यह पर्यावरणीय खतरा है। इससे देश की प्रगति के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना बेहद जरूरी हो जाता है। मंत्री ने कहा कि भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कृषि पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। गडकरी ने बताया कि किसानों ने मक्के से एथनॉल का उत्पादन करके 45,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या है और इसे कम करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष से की वार्ता



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को और विस्तार देने पर बृहस्पतिवार को कैनबरा में चर्चा की तथा सैन्य हार्डवेयर के संयुक्त उत्पादन की संभावना पर विचार-विमर्श किया।

सिंह दो दिवसीय यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया गए हैं। उन्होंने मार्लेस के साथ अपनी बैठक को सार्थक बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने रक्षा उद्योग, साइबर रक्षा, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय चुनौतियों सहित भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की। सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों ने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के महत्व की भी पुष्टि की। उन्होंने कहा, मैंने भारत के रक्षा उद्योग के तेजी से विकास और वैश्विक स्तर पर उच्च-गुणवत्ता वाली रक्षा प्रौद्योगिकी के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा पर प्रकाश डाला। रक्षा मंत्री ने बताया कि दोनों पक्षों ने रक्षा उद्योग में गहरी साझेदारी की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मैं सीमा पार आतंकवाद और साझा क्षेत्रीय स्थिरता पर ऑस्ट्रेलिया के दृढ़ समर्थन के लिए उसका आभार व्यक्त करता हूं। हम साथ मिलकर एक स्वतंत्र, खुले और लचीले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए सहयोग को और गहरा करेंगे। सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से भी मुलाकात की। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई नेता ने मुलाकात के दौरान भारत के साथ अपने गहरे जुड़ाव का जिक्र किया। सिंह ने कहा, मुझे विश्वास है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय संबंध और भी गहरे और मजबूत होते रहेंगे। क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, पोत यात्राओं और द्विपक्षीय सैन्य अभ्यासों के क्षेत्र समेत भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा संबंधों का पिछले कुछ वर्षों में विस्तार हुआ है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी से बढ़ाकर व्यापक रणनीतिक साझेदारी (सीएसपी) में तब्दील कर दिया था।

## संक्षेप

### सरकार में आतंकवाद से निपटने की इच्छाशक्ति है

मुंबई। शिवसेना सांसद मिलिंद देवरा ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में आतंकवाद के खिलाफ कार्वाई करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति है, जबकि पिछली संप्रग सरकार में असामाजिक तत्वों से निपटने को लेकर असमंजस की स्थिति थी। देवरा ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश काफी सुरक्षित है और आतंकवाद रोधी क्षमताएं मजबूत हुई हैं। वह प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कांग्रेस पर निशाना साधे जाने के एक दिन बाद सवालों का जवाब दे रहे थे। मोदी ने कांग्रेस से कहा था कि वह देश को बताए कि 26I11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद भारत को जवाबी सैन्य कार्वाई करने से किसने रोका था। इन हमलों के तार पाकिस्तान से जुड़े थे। देवरा ने कहा कि पूर्ववर्ती (संप्रग) सरकार और मोदी सरकार के बीच सबसे बड़ा अंतर यह है कि मोदी जी के नेतृत्व में सरकार में राजनीतिक इच्छाशक्ति है। चाहे वह पाकिस्तान हो या कोई भी आंतरिक आतंकवादी संगठन, अगर वे कश्मीर से लेकर मुंबई तक कहीं भी आतंकवाद फैलाने की कोशिश करते हैं, तो इस सरकार में कार्रवाई करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति है। हम बहुत अधिक सुरक्षित हैं और मैं इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देना चाहूंगा।

# निर्वाचन आयोग के अफसर बंगाल के अधिकारियों को धमका रहे हैं : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के अधिकारी उनकी सरकार के अधिकारियों को धमका रहे हैं और विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही राजनीतिक प्रभाव के तहत काम कर रहे हैं।

बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर आग से खेलने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि मतदाता सूची से छेड़छाड़ का कोई भी प्रयास लोकतंत्र के साथ विश्वासघात होगा। पश्चिम बंगाल सचिवालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान बनर्जी ने कहा, निर्वाचन आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने आश्चर्य जताया कि राज्य का दौरा करने वाले निर्वाचन आयोग के अधिकारी सरकारी अधिकारियों को कैसे तलब कर सकते हैं, जबकि चुनाव की तारीखों की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। राज्य में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। यह एसआईआर वैसा नहीं है जैसा दिखता है। इसका इस्तेमाल पश्चिम बंगाल में एनआरसी जैसी प्रक्रिया को लागू करने के लिए एक आवरण के रूप में किया जा रहा है।

# एआई आधारित डिजिटल प्रणालियां संसदीय प्रक्रियाओं को समावेशी बना रही हैं: बिरला

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित डिजिटल प्रणालियां भारत की संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक कुशल और समावेशी बना रही हैं।

बिरला ने बारबाडोस में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के 68वें सम्मेलन के दौरान प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना: डिजिटल परिवर्तनों के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाना और डिजिटल डिवाइड को दूर करना विषय पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए यह कहा कि आपसी सहयोग से और जानकारी साझा करते हुए यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रौद्योगिकी अवरोधक न बनकर सेतु की भूमिका निभाए। लोकसभा सचिवालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बिरला ने राष्ट्रमंडल देशों के सांसदों से आग्रह किया कि वे प्रौद्योगिकी का समुचित उपयोग और डिजिटल डिवाइड से जुड़ी समस्या का समाधान करते हुए एआई के विवेकपूर्ण और नैतिक उपयोग को बढ़ावा दें। उनका कहना था कि प्रौद्योगिकी के विकास और ई-संसद के उपयोग से हमारे संसदीय लोकतंत्र की कार्यशैली में बड़े पैमाने पर बदलाव आए हैं। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि ई-संसद पहल, ई-लोकतंत्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# पिछले साल अजरबैजानी विमान दुर्घटना के लिए रूसी वायु रक्षा प्रणाली जिम्मेदार थी: पुतिन

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि दिसंबर में अजरबैजान के एक विमान को मार गिराने के लिए रूस की वायु रक्षा प्रणाली जिम्मेदार थी। इस घटना में 38 लोग मारे गए थे। उन्होंने दुर्घटना के लिए पहली बार जिम्मेदारी स्वीकार की। पुतिन ने यह बयान ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलियेव के साथ बैठक में दिया, जहां दोनों पूर्व सोवियत राष्ट्रों के शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।




# वैश्विक दबाव के आगे नहीं झुकेगा भारत : चौहान



नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति में जहां व्यापार एवं शुल्क हथियार बन गए हैं... भारत अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश को वैश्विक बाजारों पर निर्भर हुए बिना खाद्य सुरक्षा को और मजबूत करना चाहिए। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 120वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत, विश्व में भाई की भूमिका निभाने में विश्वास रखता है और दुनिया के बारे में चिंतित है लेकिन देश का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, ऐसी अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति में जहां राष्ट्र एक-दूसरे से लड़ रहे हैं, जहां व्यापार एवं शुल्क को हथियार माना जा रहा है, जहां राष्ट्र अपनी मनमानी से दुनिया पर शासन कर रहे हैं... ऐसी स्थिति में, भारत को अपना रास्ता चुनना होगा। हम किसी के दबाव में नहीं आएंगे। अपने देश के हितों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है और यह वैश्विक शांति के लिए आवश्यक है। भारत जैसे जिम्मेदार देश को आगे आना चाहिए। मंत्री ने कहा कि भारत की 46 प्रतिशत आबादी अपनी आजीविका के लिए सीधे तौर पर कृषि पर निर्भर है। इस पर निर्भरता को कम करने के लिए जारी प्रयासों के बावजूद इस क्षेत्र को मजबूत करना महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा, मौजूदा स्थिति में खाद्यान्न के लिए वैश्विक बाजार पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। इसलिए हमें आत्मनिर्भर बनना होगा। पीएल480 कार्यक्रम के तहत अमेरिकी खाद्य सहायता पर भारत की पिछली निर्भरता का जिक्र करते हुए चौहान ने कहा कि देश ने एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने कहा, एक समय ऐसा भी था जब अतीत में किसी प्रधानमंत्री को लोगों से सप्ताह में एक बार उपवास रखने के लिए कहना पड़ता था। अब 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। गोदाम इस समय चावल और गेहूं से भरे हुए हैं। चौहान ने न केवल खाद्य सुरक्षा के लिए बल्कि किसानों की आय सुनिश्चित करने के लिए भी कृषि को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए छह प्रमुख क्षेत्रों में काम कर रही है।

## इंटरटेनमेंट...

# हुमा कुरैशी की महारानी का चौथा सीजन नवंबर में



**मुंबई।** मुंबई। राजनीतिक घटनाक्रम पर आधारित सीरीज 'महारानी' के चौथे सीजन का सात नवंबर से सोनी लिव पर प्रसारण होगा। ओटीटी मंच ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। ओटीटी मंच ने एक बयान में कहा कि नए सीजन में मुख्य किरदार रानी भारती एक अलग रूप में नजर आएंगी, जिसे अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने निभाया है। बयान के अनुसार रानी भारती का सफर हमेशा से ही मुश्किलों का सामना करने वाला रहा है, लेकिन इस सीजन में उनकी महत्वाकांक्षाएं एक नए मुकाम पर पहुंच गई हैं। गृहिणी से लेकर मुख्यमंत्री तक रानी भारती ने बिहार की राजनीति में तहलका मचा दिया है। कुरैशी ने कहा, अब वह देश के सबसे कठिन युद्धक्षेत्र में उतर रही हैं। दांव राष्ट्रीय स्तर पर हैं, सत्ता का खेल और भी क्रूर है और हर कदम उन्हें बना या बिगाड़ सकता है। यह रानी का अब तक का सबसे साहसी संस्करण है। 'महारानी' का चौथा अध्याय पुनीत प्रकाश द्वारा निर्देशित, कांगड़ा टॉकीज प्राइवेट लिमिटेड और सुभाष कपूर द्वारा निर्मित है। शो के पहले सीजन का प्रसारण 2021 में हुआ था, जिसमें कुरैशी को भारती के रूप में पेश किया गया था। भारती एक ग्रामीण महिला है जिसे उसके पति और नेता भीमा भारती (सोहम शाह) ने बिहार की मुख्यमंत्री बनाने के लिए चुना है। इसके दूसरे सीजन (2022) में रानी को राजनीति के बारे में सीखते हुए देखा गया क्योंकि उस पर कुशासन का आरोप लगाया जाता है और उसे अपने सबसे बड़े दुश्मन, अपने पति का सामना करना पड़ता है। तीसरे सीजन का प्रसारण 2024 में सोनी लिव मंच पर हुआ जिसका समापन रानी द्वारा पति भीमा की हत्या के षड्यंत्रकारियों से बदला लेने के साथ होता है। चौथे सीजन में कुरैशी के अलावा श्वेता बसु प्रसाद, विपिन शर्मा, अमित सियाल, विनीत कुमार, शार्दुल भारद्वाज, कनी कुसरुति और प्रमोद पाठक भी शामिल हैं।

# इरफान-शाहरुख से प्रेरित होकर एक्टर बने व्योम यादव



**मुंबई।** वाराणसी में जन्मे और दिल्ली में पले बढ़े व्योम यादव ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद अभिनय की राह चुनी। स्कूल के दिनों से ही नुक्कड़ नाटकों में रुचि रखने वाले व्योम ने कॉलेज के दौरान एक्टिंग क्लास जॉइन की और पहली बार धर्मा प्रोडक्शन की वेब सीरीज 'गिल्टी' से शुरूआत की। तिग्मांशु धूलिया की गर्मी वेब सीरीज ने उन्हें पहचान दिलाई। व्योम की फिल्म

> तिग्मांशु की 'गर्मी' से पहचान, अब संजय मिश्रा संग 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' में आएंगे नजर

'मन्नू क्या करेगा' हाल ही में रिलीज हुई है और जल्द ही संजय मिश्रा और महिमा चौधरी के साथ फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' में नजर आएंगे। व्योम यादव ने हाल ही में खास बातचीत की। मेरा जन्म वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में हुआ था, लेकिन बचपन में ही दिल्ली आ गया और यहीं मेरी परवरिश हुई। स्कूल की पढ़ाई दिल्ली के एक निजी स्कूल से की और फिर नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री ली। मां गृहिणी हैं और पापा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया में जॉइंट जनरल मैनेजर हैं। छठी क्लास से ही नुक्कड़ नाटक करता था।

# टीएमकेओसी के 'सोढ़ी' जल्द करेंगे एक्टिंग में कमबैक !

**मुंबई।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में सोढ़ी का किरदार निभा चुके अभिनेता गुरुचरण सिंह लंबे समय से एक्टिंग से दूर हैं। इस कारण वे आर्थिक तंगी से भी जूझ रहे थे और काम की तलाश में हैं। हालांकि, अब उनकी हालिया सोशल मीडिया पोस्ट से अंदाजा लगाया जा रहा है कि वे जल्द ही कमबैक कर सकते हैं। दरअसल, गुरुचरण सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे कहते नजर आ रहे हैं, आज मैं कई दिनों बाद आप सभी के सामने आया हूं, क्योंकि फाइनली भगवान ने मेरी, मेरे परिवार की और आप सभी फैंस की प्रार्थनाएं सुन ली हैं। मैं आप सभी का दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।

# थलापति विजय को मिली बम की धमकी, पुलिस तैनात



**मुंबई।** थलापति विजय का पूरा नाम जोसफ विजय है। वो तमिलगा वेट्री कजगम के प्रमुख हैं। एक्टर और राजनेता थलापति विजय के चेन्नई स्थित घर पर बम रखने की धमकी दी गई है। इसके बाद पुलिस और बम डिस्पोजल स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने पूरे घर की तलाशी ली, लेकिन कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। इंडिया टुडे के मुताबिक, एक व्यक्ति ने इमरजेंसी नंबर 100 पर

> कॉल करने वाले ने कहा– एक्टर भविष्य में पब्लिक मीटिंग करेंगे तो बम रखा जायेगा

कॉल कर कहा कि अगर भविष्य में विजय कोई पब्लिक मीटिंग करेंगे तो उनके घर पर बम रखा जाएगा। कॉल करने वाला व्यक्ति कन्याकुमारी का बताया गया है। द हिंदू के मुताबिक, पुलिस को बुधवार रात 2 बजे एक कॉल आई। दावा किया गया कि विजय के घर पर बम रखा गया है। इसके बाद पुलिस सुबह लगभग 4:30 बजे विजय के घर पहुंची, लेकिन टीम को अंदर जाने की अनुमति तब मिली जब विजय लगभग 7 बजे उठे। करीब 3 घंटे तक पुलिस की टीम विजय के घर के बाहर रही।

पुलिस के अनुसार, सुरक्षा गार्ड्स ने कहा कि विजय अभी सो रहे हैं और उन्हें परेशान नहीं किया जा सकता। अनुमति मिलने के बाद बम डिस्पोजल स्क्वॉड टीम ने स्निपिंग डॉग और स्पेशल मशीनों के साथ विजय के घर और आसपास के इलाके की तलाशी ली। श्रीलंकाई और ब्रिटिश दूतावास की भी गहन जांच की गई। इससे पहले भी 28 सितंबर विजय के घर को बम से उड़ाने के फर्जी कॉल्स की गई थीं। यह धमकी विजय के करूर में हुई रैली के बाद आई है। 27 सितंबर की रैली में मची भगदड़ में 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। करीब 60 लोग घायल हुए थे। विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम यानी ळश्ड की इस रैली के लिए 10 हजार लोगों की परमिशन थी। लेकिन वहां करीब 1 लाख 20 हजार लोग पहुंच गए थे। 27 सितंबर को एक्टर विजय की रैली में लाखों लोग पहुंचे थे। विजय बस पर चढ़कर भाषण दे रहे थे। विजय के भाषण के दौरान भीड़ बढ़ने लगी और कई लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई। एक्टर विजय के भाषण के दौरान ही वहां मौजूद भीड़ में भगदड़ जैसे हालात बनने लगे थे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com